रांची

www.vananchaleye@gmail.com

हिन्दी दैनिक

# वनांचल आई

हर खबर पर पहली नजर

₹5

PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773 | वर्ष:01 | अंक:41 | सोमवार,13 अक्टूबर



## ब्रीफ न्यूज

### मोदी ने हर्मिनी को राष्ट्रपति चुने जाने पर दी बधाई

एजेंसी

नई दिल्ली : पीएम नरेंद्र मोदी ने डॉ. पैट्रिक हर्मिनी को सेशेल्स का राष्ट्रपति चुने जाने पर बधाई दी एवं उनके कार्यकाल में सफलता की कामना की। मोदी के डॉ. हर्मिनी को भेजे गए बधाई संदेश में भारत और सेशेल्स के बीच गहरे संबंधों पर प्रकाश डाला गया, जिसमें हिंद महासागर की साझा विरासत और दोनों देशों के लोगों की पारस्परिक आकांक्षाओं पर जोर दिया गया। प्रधानमंत्री ने 'एक्स' पर लिखा, 'हिंद महासागर का जल हमारी साझा विरासत है और हमारे लोगों की आकांक्षाओं और जरूरतों को पोषित करता है।' उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि डॉ. हर्मिनी के नेतृत्व में द्विपक्षीय संबंधों को और गति मिलेगी। प्रधानमंत्री का बधाई संदेश सेशेल्स के साथ अपनी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने की भारत की प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है।

### अफगानिस्तान के विदेश मंत्री की आगरा यात्रा रद्द

एजेंसी

आगरा : अफगानिस्तान के विदेश मंत्री आमिर खान मुत्तकी की रविवार की आगरा यात्रा रद्द हो गई। श्री मुत्तकी ताजमहल देखने के लिए आज आगरा जाने वाले थे और उनका यह कार्यक्रम आठ अक्टूबर को तय हो गया था। उनकी आगरा यात्रा का किस कारण रद्द हुई इसकी जानकारी सामने नहीं आई है। प्रशासन के अनुसार, उन्हें सिर्फ आगरा यात्रा का कार्यक्रम रद्द होने की सूचना मिली है। श्री मुत्तकी आज सुबह आठ बजे दिल्ली से यमुना एक्सप्रेस वे होते हुए आगरा रवाना जाने वाले थे। 11 बजे आगरा पहुंच कर ताजमहल कादीदार करने वाले थे।

### देशभर के पेंशनर आज करेंगे प्रदर्शन

एजेंसी

नयी दिल्ली : देशभर केपेंशनर 13 अक्टूबर को यहांकर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) मुख्यालय पर प्रदर्शन करेंगे। ईपीएस-95 राष्ट्रीय संघर्ष समिति ने रविवारको यह घोषणा की।

### ट्रंप की मौजूदगी में होगी इजरायली बंधकों की रिहाई

एजेंसी

नयी दिल्ली :गाजा सीजफायर समझौते के पहले चरण के तहत 48 बंधकों की रिहाई सोमवार सुबह से शुरू हो सकती है, जिनमें से 20 जीवित व्यक्ति और 28 शव सौंपे जाएंगे। इजरायली सेना ने गाजा से अपनी प्रारंभिक वापसी पूरी कर ली, जिसके बाद हमास को 72 घंटे का समय दिया गया है। वहीं, सोमवार को मिस्र में गाजा युद्ध समाप्त करने के समझौते पर चर्चा होगी।

# बिहार विस चुनाव के लिए एनडीए ने सीट शेयरिंग का किया एलान

**■ बीजेपी-101 ■ जेडीयू-101 ■ एलजेपी-29 ■ मांझी-06 ■ उपेंद्र-06**



,एजेंसी

पटना : बिहार विधानसभा चुनाव 2025 को लेकर एनडीए ने आखिरकार रविवार को सीटों के बंटवारे का एलान कर दिया। बीजेपी और जदयू ने बराबर- बराबर 101-101 सीटों पर चुनाव लड़ने का फैसला किया है। वहीं चिराग पासवान की लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) को 29 सीटें दी गई हैं। जीतन राम मांझी की हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा (हम) और उपेंद्र कुशवाहा की राष्ट्रीय लोकमत पार्टी (आरएलएम) को 6-6 सीटें देकर मना लिया गया है। बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव विनोद तावड़े ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर जानकारी साझा करते हुए लिखा – ''संगठित और समर्पित एनडीए ने सौहार्दपूर्ण माहौल में सीटों का बंटवारा पूरा कर लिया है। सभी दलों के नेता और कार्यकर्ता इस निर्णय का स्वागत करते हैं। बिहार में फिर से एनडीए सरकार बनाने के लिए हम सब संकल्पित हैं।'' एलजेपी प्रमुख चिराग पासवान ने भी ट्वीट कर कहा, ''एनडीए परिवार ने एकजुटता के साथ सीट बंटवारे की प्रक्रिया पूरी कर



ली है। बिहार है तैयार- फिर से एनडीए सरकार! इस बार पूरे दम के साथ 'बिहार पहले, बिहारी पहले'।'' वहीं, हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा के संस्थापक और केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने संयमित प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि उन्हें जो सीटें मिली हैं, वे पार्टी नेतृत्व के फैसले का सम्मान करते हैं। ''संसद में हमें एक सीट मिली थी, तब भी कोई नाराजगी नहीं जताई। अब छह सीटें दी गई हैं, हम इससे पूरी तरह संतुष्ट हैं,'' मांझी ने कहा। सूत्रों के मुताबिक, मांझी की पार्टी को गया जिले की टेकारी, अतरी, इमामगंज, बराचट्टी, सासाराम की कुटुंबा, और जमुई की सिकंदरा सीटें मिली हैं। वहीं, उपेंद्र कुशवाहा की आरएलएम को सासाराम, दिनारा, उजियारपुर, महुआ, बाजपट्टी और मधुबनी सीटें दी गई हैं। एनडीए की ओर से सीट शेयरिंग का यह ऐलान ऐसे समय में आया है जब महागठबंधन में अब तक सीटों को लेकर सहमति नहीं बन पाई है। जहां एनडीए ने सीटों के बंटवारे पर अंतिम मुहर लगा दी है, वहीं दूसरी ओर महागठबंधन के भीतर अब भी जिच बरकरार है। आरजेडी और कांग्रेस के बीच सीटों को लेकर अंतिम सहमति नहीं बन पाई है। इसी बीच वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी की नाराजगी के भी कयास लगाए।

### विस नियुक्ति घोटाला : झारखंड हाईकोर्ट ने जांच करने का दिया था आदेश

# जांच जारी रखने के लिए अब सुप्रीम कोर्ट पहुंची सीबीआई

एजेंसी

रांची:सेंट्रल ब्यूरो का इन्वेस्टिगेशन यानी केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर विधानसभा नियुक्ति घोटाले की जांच जारी रखने की इजाजत मांगी है। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई की याचिका पर फिलहाल सुनवाई के लिए कोई तिथि निर्धारित नहीं की है। गौरतलब है कि इस मामले में झारखंड हाईकोर्ट ने सीबीआई को विधानसभा नियुक्ति घोटाले की जांच का आदेश दिया था। विधानसभा ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर हाईकोर्ट द्वारा 23 अक्तूबर 2023 को दिए आदेश के खिलाफ अपील दायर की थी। सुप्रीम कोर्ट ने 14 नवंबर 2024 को विधानसभा की याचिका को स्वीकार करते हुए अगले आदेश तक सीबीआई जांच के आदेश पर रोक लगा दी थी। इसके बाद से विधानसभा नियुक्ति घोटाले की सीबीआई जांच बंद है।सीबीआई की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि विधानसभा में नियुक्तियोंके दौरान भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग के आरोप लगे थे। सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में यह कहा है कि प्रिलिमनरी इन्वेस्टिगेशन (पीई) एक प्रारंभिक जांच है। इसमें पहले सिर्फ इस बात की जांच की जाती है कि नियुक्तिप्रक्रिया में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार के आरोप सही हैं या नहीं। पीई जांच पर लगाई गई रोक को हटाने से आगे की जांच के लिए तथ्यों के मिलने तक किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। इसलिए अगर न्यायालय उचित समझे तो हाईकोर्ट के आदेश पर लगाईगई रोक को हटाने का आदेश दे।

**विधानसभा ने हाईकोर्ट के फैसले के खिलाफ जांच बंद कराने के लिए दायर की थी अपील**



**तथ्यों के मिलने तक नहीं होगी कोई कार्रवाई**

सीबीआई की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि विधानसभा में नियुक्तियों के दौरान भ्रष्टाचार और पद के दुरुपयोग के आरोप लगे थे। सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में दायर याचिका में यह कहा है कि प्रिलिमनरी इन्वेस्टिगेशन (पीई) एक प्रारंभिक जांच है। इसमें पहले सिर्फ इस बात की जांच की जाती है कि नियुक्ति प्रक्रिया में गड़बड़ी और भ्रष्टाचार के आरोप सही हैं या नहीं। पीई जांच पर लगाई गई रोक को हटाने से आगे की जांच के लिए तथ्यों के मिलने तक किसी के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जाती है। इसलिए अगर न्यायालय उचित समझे तो हाईकोर्ट के आदेश पर लगाईगई रोक को हटाने का आदेश दे।

**राज्यपाल ने की थी अनुशंसा, न्यायिक आयोग ने 30 बिंदुओं पर की थी जांच**

सीबीआई ने सुप्रीम कोर्ट में हस्तक्षेप याचिका दायर की है। इसमें हाईकोर्ट द्वारा विधानसभा नियुक्ति घोटाले की सीबीआई जांच के आदेश पर लगाई गई रोक को हटाने का अनुरोध किया गया है। सीबीआई की ओर से दायर याचिका में कहा गया है कि झारखंड विधानसभा में नियुक्ति और प्रोन्नति में हुई गड़बड़ी की जांच के लिए राज्यपाल ने सात जुलाई 2014 को एक सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग का गठन आदेश दिया था। इस एस सदस्यी न्यायिक जांच आयोग की रिपोर्ट के आधार पर राज्यपाल ने सीबीआई जांच की अनुशंसा की थी। एक सदस्यीय न्यायिक जांच आयोग ने 30 बिंदुओं की जांच के बाद अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। इसमें विधानसभा के तत्कालीन अध्यक्ष के कार्यकाल में हुई नियुक्ति के दौरान बड़े पैमाने पर अनियमितता बरतने और इसमें घूस के लेनदेन का उल्लेख किया गया था। नियुक्तियों के दौरान हुई भ्रष्टाचार के मामले में एक सीडी भी न्यायिक आयोग के समक्ष पेश किया गया था। लेकिन, विधानसभा अध्यक्ष ने एक सदस्यीय जांच आयोग की अनुशंसाओं के आलोक में कार्रवाई करने के बदले सुप्रीम कोर्ट के रिटायर्ड जज की अध्यक्षता में एक दूसरे आयोग का गठन कर दिया। विधानसभा में हुई नियुक्तियों के दौरान गड़बड़ी हुई।

## स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग कर आत्मनिर्भर भारत के मार्ग को करें प्रशस्त : गवर्नर



एजेंसी

रांची : रविवार को रांची का मोरहाबादी मैदान जोश, उमंग और देशभक्ति की भावना से सराबोर हो गया। यहां स्वदेशी मैराथन-2025 का आयोजन किया गया। स्वदेशी अपनाओ, आत्मनिर्भर भारत बनाओ थीम पर आधारित इस मैराथन में हजारों युवा, स्कूली- कॉलेज स्टूडेंट्स, महिलाओं और वरिष्ठ नागरिकों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि झारखंड के राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने हरी झंडी दिखाकर मैराथन को रवाना किया। पूरा मोरहाबादी मैदान भारत माता की जय और वंदे मातरम के नारों से गूंज उठा। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि यह आयोजन राष्ट्र चेतना, आत्मनिर्भरता और स्वदेशी भावना का प्रतीक है। इस जनजा गरूकता अभियान के आयोजन के लिए रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ को हार्दिक बधाई तथा सभी प्रतिभागियों को अनंत शुभकामनाएं। उन्होंने कहा कि हर घर स्वदेशी का यह आह्वान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के उस विचार को आत्मसात करने का संदेश देता है, जिसमें उन्होंने कहा था कि स्वदेशी अपनाना केवल वस्तु का चयन नहीं, बल्कि देश के प्रति समर्पण का प्रतीक है।स्वदेशी वस्तुओं का उपयोग कर आत्मनिर्भर भारत के मार्ग कोप्रशस्त करना सबका कर्तव्य है।राज्यपाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी निरंतर देशवासियों से वोकल फॉर लोकल का आह्वान करते हैं। उनका यह संदेश है कि जब हम अपने देश में निर्मित वस्तुओं को प्राथमिकता देते हैं, तो हम केवल किसी उत्पाद का नहीं,

### चाईबासा में माओवादियों का आतंक, जराईकेला थाना क्षेत्र में फैलाई दहशत

# सारंडा में नक्सलियों ने मोबाइल टावर को फूंका

एजेंसी

पश्चिमी सिंहभूम जिला के जराईकेला थाना क्षेत्र में नक्सलियों का आतंक एक बार फिर से फैल गया है। भाकपा (माओवादी) संगठन द्वारा मनाए जा रहे प्रतिरोध सप्ताह के दौरान नक्सलियों ने शनिवार देर रात और रविवार की अहले सुबह कोलबोंगा गांव में स्थित एक मोबाइल कंपनी के टावर को आग के हवाले कर दिया। इस घटना के बाद पूरे इलाके में दहशत का माहौल है। एसपी ने इस घटना की पुष्टि की है। नक्सलियों ने यह कदम



सरकार और सुरक्षा बलों के खिलाफ विरोध जताने के उद्देश्य से उठाया है। इस दौरान उन्होंने टावर को आग लगाकर इलाके की संचार व्यवस्था ठप कर दी। ग्रामीणों ने बताया कि शनिवार रात में अचानक कुछ हथियारबंद नक्सली गांव में पहुंचे और धमकी भरे स्वर में टावर के पास मौजूद कर्मचारियों को भगा दिया। इसके बाद पेट्रोल डालकर टावर में आग लगा दी गई।इस घटना की जानकारी मिलते वोकल फॉर लोकल का अपनाएं संदेश ही स्थानीय पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम मौके पर पहुंची और इलाके में सघन सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। पुलिस ने बताया कि नक्सलियों की तलाश जारी है और आसपास के गांवों में गश्त बढ़ा दी गई है। वहीं, संचार सेवाएं बाधित होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी कासामना करना पड़ रहा है। क्षेत्र

# दुगार्पुर में मेडिकल छात्रा गैंगरेप में तीन आरोपी गिरफ्तार

एजेंसी

**दुगार्पुर :** पश्चिम बंगाल के दुगार्पुर में मेडिकल स्टूडेंट से गैंगरेप केस में पुलिस ने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया। दो आरोपी अभी भी फरार हैं, जिनकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही है। दुगार्पुर के आसपास के गांवों के रहने वाले हैं। यह घटना कोलकाता से 170 किमी दूर दुगार्पुर के एक प्राइवेट मेडिकल कॉलेज के ठीक सामने 10 अक्टूबर की रात 8 से 10 बजे के बीच हुई। पीड़ित अपने दोस्त के साथ डिनरके लिए निकली थी।



कैंपस गेट पर 3 युवक खडे.थे। पीड़ित के मुताबिक, युवकों ने उसका मोबाइल छीना, फिर बाल पकड़कर कैंपस गेट के सामने जंगल में घसीटकर ले गए। तीनों ने उसका रेप किया। इस दौरान उसका दोस्त वहां से भाग गया था। पुलिस ने बताया, पीड़ित ओडिशा की रहने वाली है और एमबीबीएस सेकेंड ईयर की स्टूडेंट है। डिप्टी मजिस्ट्रेट और दुगार्पुर एसडीओ रंजना रॉयने पीड़ित से मुलाकात की।पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने रविवार को दुगार्पुर में मेडिकल छात्रा से गैंगरेप की घटना पर दुख जताया। उन्होंने कहा कि छात्राओं को रात में बाहर नहीं घूमना चाहिए। खासकर सुनसान इलाकों में सतर्क रहना चाहिए।

**सियासत** | **एआईएमआईएम की 32 उम्मीदवारों की पहली सूची जारी, 100 सीटों पर लड़ने का एलान**

# बिहार में ओवैसी बिगाड़ेंगे महागठबंधन का गणित

संवादादता

**पटना** : बिहार विधानसभा चुनाव की तारीखें तय होते ही सियासी बिसात पर चालें तेज हो गई हैं। जहां एक ओर एनडीए और महागठबंधन अपने उम्मीदवारों की सूची को अंतिम रूप देने में जुटे हैं, वहीं ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (एआईएमआईएम) ने एक बड़ा ऐलान करते हुए चुनावी समर का बिगुल फूंक दिया है। पार्टी ने 32 सीटों की पहली सूची जारी करते हुए कहा है कि वह इस बार सौ सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी। एआईएमआईएम की इस घोषणा ने महागठबंधन, खासकर राष्ट्रीय जनता दल के रणनीतिकारों को सोचने पर मजबूर कर दिया है। हालांकि महागठबंधन के नेता सार्वजनिक रूप से कोई तीखी प्रतिक्रिया देने से बच रहे हैं, परंतु कई नेता खुलकर यह कह रहे हैं कि ओवैसी की पार्टी भाजपा की 'बी-टीम' की तरह काम कर रही है, जिससे विपक्षी वोटों का बिखराव होना तय है। ओवैसी का सीमांचल दौरा और नया 'तीसरा मोर्चा': पार्टी प्रमुख और हैदराबाद के सांसद असदुद्दीन ओवैसी हाल ही में सीमांचल के दौरे पर गए थे, जहां उन्होंने स्पष्ट संकेत दिया कि उनकी पार्टी इस बार 'पूरी ताकत से मैदान में उतरेगी।' एआईएमआईएम ने दावा किया है कि उसका मकसद बिहार की राजनीति में एक 'तीसरा विकल्प' खड़ा करना है, जो एनडीए और महागठबंधन- दोनों से अलग होगा। पप्पू यादव ने कसा तंजः पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने ओवैसी पर निशाना साधते हुए कहा, 'असदुद्दीन ओवैसी पांच साल में एक बार आते हैं। सीमांचल और कोसी मेरे लिए खून और सांस का रिश्ता हैं। मेरी मां के प्यार को कोई नहीं छीन सकता।' सूत्रों के मुताबिक, एआईएमआईएम ने शुरू में महागठबंधन में शामिल होने की इच्छा जताई थी और इस संबंध में लालू प्रसाद यादव तथा तेजस्वी यादव को पत्र भी लिखा था। लेकिन जब वहां से कोई सकारात्मक जवाब नहीं मिला, तो पार्टी ने स्वतंत्र रूप से चुनाव लड़ने का फैसला कर लिया। सीमांचल की अधिकांश सीटों पर मुस्लिम मतदाता निर्णायक भूमिका निभाते हैं। यही वजह है कि एआईएमआईएम की सक्रियता से महागठबंधन चिंतित है। बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण का मतदान 6 नवंबर और दूसरे चरण का11 नवंबर को होगा, जबकि मतगणना 14नवंबर को निर्धारित है।2020 के विधानसभा चुनाव में एआईएमआईएम ने 20 सीटों पर चुनाव लड़ा था और पांच सीटों पर जीत दर्ज कर सीमांचल क्षेत्र में अपनी पकड़ दिखाई थी। बाद में इनमें से चार विधायक राजद में शामिल हो गए थे। इसके बावजूद, एआईएमआईएम अब एक बार फिर सीमांचल और कोसी बेल्ट में अपनी जमीन मजबूत करने के मूड में है।

**पिछला प्रदर्शन और मौजूदा दांव**

2020 के विधानसभा चुनाव में एआईएमआईएम ने 20 सीटों पर चुनाव लड़ा था और पांच सीटों पर जीत दर्ज कर सीमांचल क्षेत्र में अपनी पकड़ दिखाई थी। बाद में इनमें से चार विधायक राजद में शामिल हो गए थे। इसके बावजूद, एआईएमआईएम अब एक बार फिर सीमांचल और कोसी बेल्ट में अपनी जमीन मजबूत करने के मूड में है।



**पारस के साथ संभावित गठजोड़ की चर्चा**

राजनीतिक गलियारों में यह भी चर्चा है कि यदि राष्ट्रीय लोक जनशक्ति पार्टी (आरएलजेपी) की बात महागठबंधन में नहीं बनती, तो पूर्व केंद्रीय मंत्री पशुपति कुमार पारस एआईएमआईएम के साथ तालमेल कर सकते हैं। ऐसा हुआ तो सीमांचल और आसपास के इलाकों में चुनावी समीकरणों में बड़ा बदलाव देखनेको मिल सकता है।

# आदिवासियों के हक पर हमला बर्दाश्त नहीं .. पारंपरिक पोशाक, तीर-धनुष,

संवाददाता

रांची : झारखंड में कुड़मी समाज की ओर से आदिवासी दर्जे की मांग को लेकर चल रहे आंदोलन के बीच अब आदिवासी संगठन खुलकर इसके विरोध में सामने आ गए हैं। रविवार को रांची में राज्य के अलग-अलग जिलों से आए हजारों आदिवासी स्त्री-पुरुषों ने इस मांग के खिलाफ विशाल आक्रोश रैली निकाली। मोरहाबादी से पद्मश्री रामदयाल मुंडा फुटबॉल स्टेडियम तक निकले इस मार्च में पारंपरिक पोशाक, तीर-धनुष, भाला, हंसिया और सरना झंडे के साथ आदिवासी समुदाय के लोग शामिल हुए। रैली के बाद आयोजित जनसभा में वक्ताओं ने कहा कि ''कुड़मी समाज की यह मांग हमारी पहचान और संविधान प्रदत्त आरक्षण अधिकारों पर सीधा हमला है, जिसे किसी भी कीमत पर बर्दाश्त



नहीं किया जाएगा।'' केंद्रीय सरना समिति के अध्यक्ष अजय तिर्की ने कहा, ''यह हमारे अस्तित्व की लड़ाई है। आदिवासी कमजोर नहीं हैं, हम अपने हक के लिए एकजुट हैं। ट्राइबल रिसर्च इंस्टीट्यूट और अदालतों ने पहले ही कुड़मियों की मांग खारिज कर दी है, फिर भी कुछ लोग वोट की राजनीति के लिए इसे भड़का रहे हैं।'' नेताओं ने कहा कि कुड़मी समाज का दावा पूरी तरह गलत है। ''कुड़मी, कुरमी और महतो- तीनों एक ही हैं और कभी आदिवासी नहीं थे। यदि इन्हें अनुसूचित जनजाति का दर्जा मिल गया तो पूरे देश में आदिवासी समाज के अस्तित्व पर संकट आ जाएगा।'' वक्ताओं ने यह भी आरोप लगाया कि कुड़मी नेताओं का मकसद केवल राजनीतिक लाभ उठाना है। उन्होंने कहा, ''पिछले साल कुड़मी समाज ने रेल रोको आंदोलन किया था, लेकिन एक भी केस दर्ज नहीं हुआ। अब यह लोग संविधान के साथ खिलवाड़ कर रहे हैं।'' रैली में शामिल आदिवासी महिलाओं ने कहा कि '' झारखंडकी आदिवासी महिलाएं शेरनी हैं,

# विश्व मानसिक स्वास्थ्य दिवस : हिंसामुक्त विश्व का निर्माण कैसे करें

**रांची, संवाददाता**

मनुष्य के भीतर संघर्ष का सामना करने की अपार क्षमता है। यह आंतरिक शक्ति हमारी प्रकृति का हिस्सा है। विशेषकर भारत देश में हम हर चुनौती का सामना करने की क्षमता रखते हैं।आज विश्व के सामने मानसिक स्वास्थ्य का संकट सबसे बड़ी चुनौतियों में से एक है। चाहे विकसित देश हों या विकासशील, युद्धग्रस्त क्षेत्र हों या शांतिपूर्ण समाज, सभी इससे प्रभावित हो रहे हैं। दुनिया में होने वाली आधी से अधिक हिंसा की जड़ें मानसिक स्वास्थ्य संबंधी चुनौतियों में ही छिपी हैं। अपनी आध्यात्मिकता के बल से भारत, विश्व में व्याप्त मानसिक स्वास्थ्य संकट से निपटने में बड़ी भूमिका निभाता आ रहा है।

हर व्यक्ति का स्वाभाविक स्वभाव दयालु, प्रेमपूर्ण, करुणामय और आनंदित होना है। कोई बच्चा अकारण नहीं रोता। वह भूखा हो, थका हो या डर गया हो, तभी रोता है। उसी प्रकार यदि कोई व्यक्ति हिंसक है तो उसके पीछे कोई कारण अवश्य है। यदि किसी में करुणा नहीं है तो उसके पीछे भी कोई कारण होगा। जब आप गहराई से देखते हैं तो ज्ञात होता है कि इसका मूल कारण एकाकीपन, भय, अस्वीकृति की भावना और अपनत्व का अभाव है ।

शारीरिक रूप से अस्वस्थ होने पर हम किसी को अस्पताल भेजते हैं; जहाँ उनका इलाज होता है। मानसिक रूप से अस्वस्थ होने पर जब कोई समाज विरुद्ध गलत कर्म करता है तो हम उसे जेल भेजते है; लेकिन जेल में हम उसे ऐसा कोई साधन नहीं देते जिससे वह अपने मन को समझ सके, अपने व्यवहार को सुधार सके।

आम तौर पर, न घर में और न ही स्कूल में हमें यह सिखाया जाता है कि अपनी भावनाओं को कैसे संभालना है। समय-समय पर अकेलापन महसूस करना स्वाभाविक है। धनी लोग, परिवार में रहते हुए या मित्रों से घिरे लोग भी उदासी महसूस करते हैं। आज अकेलेपन की जो समस्या सबसे बड़ी मानसिक स्वास्थ्य चुनौती बन गई है, उसका कारण यही है कि हमने यह नहीं सीखा कि अपने साथ कैसे रहना है, अपने भीतर शांति का अनुभव कैसे करना है। यदि हम यह सीख लें तो अपने चारों ओर भी प्रसन्नता फैला सकते हैं।

इन सभी वैश्विक मानसिक स्वास्थ्य चुनौतियों का समाधान श्वास में ही छिपा है। मन में उपजी हर भावना हमारे शरीर के किसी न किसी हिस्से में विशेष संवेदना पैदा करती है और यह हमारी श्वास से जुड़ी होती है। जब आप उदास या प्रसन्न होते हैं, तो आपकी श्वास की लय बदल जाती है।

जब आप क्रोधित, निराश या ईष्यालु होते हैं, तो नहीं जानते कि उन भावनाओं के साथ क्या करें और उन्हें भीतर ही दबाए रखते हैं। लेकिन आपकी श्वास कह रही होती है,ह्लमैं तो दिन-रात तुम्हारे भीतर आ-जा रही हूं। यदि तुम मुझे थोड़ा ध्यान दो, तो मैं तुम्हें प्रसन्न रखूंगी, तुम्हारे मनोबल को ऊंचा उठाऊंगी और तुम्हारी ऊर्जा को प्रखर बनाऊंगी।

दुनिया भर में लाखों लोग श्वासझ्रप्रश्वास की सरल तकनीकें और ध्यान सीखकर अपने जीवन को बदल चुके हैं। उदाहरण के लिए, सुदर्शन क्रिया ने असंख्य लोगों को निराशा और चिंता से बाहर निकलने में मदद की है। ये तकनीकें हमें अपने मन का स्वामी बनना सिखाती हैं, उसके गुलाम नहीं।

सारा आनंद इसी क्षण में है। इसमें बच्चे हमें बहुत कुछ सिखा सकते हैं। बच्चा एक पल रोता है और अगले ही पल खिलखिला उठता है। वह नकारात्मक भावनाओं पर मानो ह्लडिलीट बटनह्व दबा देता है। लेकिन जैसेझ्रजैसे हम बड़े होते हैं, यह क्षमता खो देते हैं। श्वास की तकनीकें और ध्यान हमें हमारी वास्तविक प्रकृति से जोड़ते हैं और वर्तमान क्षण में प्रसन्न रहने में मदद करते हैं।

मानसिक स्वच्छता भी उतनी ही महत्वपूर्ण है, जितनी दंत स्वच्छता। जिस प्रकार दंत स्वच्छता के लिए रोजाना दांत साफ करना आवश्यक है, उसी प्रकार मन की स्वच्छता के लिए उपाय करना भी आवश्यक है। प्रतिदिन कुछ मिनट श्वास अभ्यास और ध्यान करने से मन की प्रसन्नता लौट आती है। जब हम स्वयं को जैसे हैं वैसे ही स्वीकार करना सीखते हैं और भीतर से प्रसन्न होते हैं, तो करुणा और अपनापन स्वतः ही प्रवाहित होता है।

और अंत में, हम सबको सेवा करनी चाहिए। पाने में आनंद है, पर वह शैशव अवस्था का आनंद है। देने में जो आनंद है, वह कहीं अधिक परिपक्व और गहरा होता है। जब युवाजन सेवा में लगते हैं, तो उनका हृदय खुल जाता है और उनका मानसिक स्वास्थ्य भी सशक्त होता है। समाज के प्रति योगदान करने से मन में एक ऐसे जुड़ाव का अनुभव और उद्देश्य की प्राप्ति होती है, जो बड़े से बड़ा सुविधापूर्ण जीवन भी नहीं दे सकता।

# विधायक ने सुनी जनता की समस्या

**रांची, संवाददाता**



**खूंटी :** खूंटी विधानसभा क्षेत्र के विधायक रामसूर्या मुंडा ने रविवार को खूंटी प्रखंड की फुदी पंचायत के कई गांवों का दौरा किया और लोगों की समस्याओं की जानकारी ली।

उन्होंने लोगों को भरोसा दिया कि उनकी समस्याओं का हर हाल में निराकरण किया जाएगा। विधायक ने कहा कि क्षेत्र की समस्याओं की जानकारी लेने के लिए ही वे लगातार क्षेत्र का दौरा कर रहे हैं। इसके पूर्व फुदी गांव पहुंचने पर ग्रामीणों ने विधायक का पारंपरिक एंग से उनका स्वागत किया। ग्रामीणों ने विधायक के समक्ष गांव तक पहुंचने वाली सड़क की जर्जर स्थिति को प्रमुखता से उठाया और इसकी अविलंब मरम्मत की मांग की।

गांव वालों का कहना था कि वर्षों से सड़क नहीं बनने के कारण लोगों को आवागमन में कठिनाई होती है। गांव वालों ने ने बताया कि पहले जमीन विवाद के कारण सड़क निर्माण कार्य अटका हुआ था, लेकिन अब गांव वालों की जागरूकता और एकजुटता से सभी विवाद सुलझा लिए गए हैं। ग्रामीणों ने श्रमदान कर सड़क का प्रारंभिक निर्माण कार्य शुरू किया है।

विधायक रामसूर्या मुंडा ने मौके पर ग्रामीणों की बातें सुनीं और कहा कि दो किलोमीटर लंबी सड़क, जो अब तक विवादों के कारण अधर में थी, उसका कार्य बहुत जल्द शुरू किया जाएगा। उन्होंने ग्रामीणों की एकता और श्रमदान की सराहना करते हुए कहा कि यह आत्मनिर्भर गांव की दिशा में प्रेरणादायक पहल है।

ग्राम पंचायत की मुखिया अणिमा कच्छप ने बताया कि पिछले दो वर्षों से केंद्र सरकार से अनुदान प्राप्त न होने के कारण पंचायत के कई विकास कार्य प्रभावित हुए हैं। इसके बावजूद पंचायत प्रतिनिधि और ग्रामीण मिलकर अपने संसाधनों से कार्य आगे बढ़ा रहे हैं। इस दौरान लोगों ने समस्याओं से संबंधित ज्ञापन भी विधायक को सौंपा। इस अवसर पर संजू लोहारा, असीम अंसारी, वार्ड सदस्य रजनी धनवार, राजेश मुंडा, जल सहिया सिनी देवी, रघु सुरीन सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित थे।

# 15 को जेडआरयूसीसी की बैठक रेल परियोजनाओं पर होगी चर्चा

**रांची, संवाददाता**



**रांची :** दक्षिण-पूर्व रेलवे की क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्शदात्री समिति (जेडआरयूसीसी) की बैठक आगामी 15 अक्टूबर को कोलकाता में आयोजित की जाएगी। यह जानकारी समिति के सदस्य अरुण जोशी ने रविवार को प्रेस विज्ञप्ति जारी कर दी।

अरुण जोशी ने बताया कि बैठक में रांची, चक्रधरपुर और आद्रा रेल मंडल के अंतर्गत नई रेल सेवाओं की शुरूआत, इंफ्रास्ट्रक्चर विकास, यात्री सुविधाओं के विस्तार और लंबित परियोजनाओं की प्रगति जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। उन्होंने कहा कि बैठक में केंद्रीय मंत्री, लोकसभा एवं राज्यसभा सांसदों के अलावा समिति के सभी सदस्य शामिल होंगे। इस महत्वपूर्ण बैठक से रांची और चक्रधरपुर रेल मंडलों के विकास की गति और तेज होने की संभावना है।

अरुण जोशी ने बताया कि वे बैठक में सक्रिय रूप से भाग लेकर रांची और चक्रधरपुर रेल मंडलों के हित में नई ट्रेनों की शुरूआत, स्टेशनों के आधुनिकीकरण और आवश्यक परियोजनाओं को स्वीकृति दिलाने के लिए ठोस पहल करेंगे। रेल यात्रियों को बेहतर सुविधा मुहैया कराना तथा राज्य में रेल संपर्क को और सशक्त बनाना उनका लक्ष्य है।

# बरियातू में राजन जी महराज 22 से सुनायेंगे श्री राम कथा

**रांची, संवाददाता**



**रांची :** श्री राम कथा आयोजन ट्रस्ट, रांची की ओर से आगामी 22 अक्टूबर से बरियातू स्थित मैथन पैलेस में तीन दिवसीय श्री राम कथा का आयोजन किया जाएगा, जो 24 अक्टूबर तक आयोजित होगी। यह जानकारी श्री राम कथा आयोजन ट्रस्ट के संयोजक राजेश गुप्ता , शिव अग्रवाल और पप्पू सिंह ने संयुक्त रुप से प्रेस विज्ञप्ति जारी कर रविवार को दी।

उन्होंने बताया कि प्रतिदिन अपराह्न तीन बजे से शाम सात बजे तक कथा वाचन करेंगे। ट्रस्ट के लोगों ने बताया कि तीन दिवसीय आयोजन के पहले दिन शिव-पार्वती विवाह की कथा, दूसरे दिन श्री राम जन्मोत्सव और तीसरे दिन श्री सीताराम विवाह की भव्य कथा प्रस्तुत की जाएगी। ट्रस्ट ने श्रद्धालुओं से अनुरोध किया गया है कि वे समय पर पहुंचे और अनुशासनपूर्वक कथा का श्रवण करें। ट्रस्ट ने सभी से आग्रह किया कि श्री रामकथा आयोजन ट्रस्ट की ओर से समस्त राम भक्तों को इस भव्य आयोजन में सम्मिलित होकर राजन जी महाराज की प्रेरणादायी वाणी का लाभ लेने का आमंत्रण दिया है। कार्यक्रम को सफल बनाने में आयोजन समिति के सदस्य अभिमन्यु प्रसाद, सूरज कुमार, प्रशांत, आशुतोष द्विवेदी, संगीता प्रसाद और राजेंद्र महतो भी उपस्थित थे।

## झारखंड में मौसम रहेगा साफ, तापमान में गिरावट की संभावना

**रांची :** झारखंड के विभिन्न जिलों में अगले पांच-छह दिनों तक मौसम साफ रहेगा। इस दौरान न्यूनतम तापमान में कमी होने की संभावना है। यह जानकारी मौसम विभाग ने रविवार को दी। मौसम विभाग के अनुसार फिलहाल झारखंड के ऊपर किसी तरह के सिस्टम बनने की कोई संभावना नहीं है, लिहाजा, अगले दो-तीन दिनों तक दक्षिणी-पश्चिमी मानसून पूरे झारखंड से विदा हो जाएगा। इस बीच राजधानी रांची और उसके आसपास के इलाकों में पिछले एक-दो दिनों से रात में ठंड बढ़ गई है, जबकि दिन में धूप में तल्खी महसूस की जा रही है। पिछले 24 घंटों के दौरान राज्य में एकाध जगह पर छिटफुट बारिश दर्ज गई है। रांची और उसके आसपास के इलाकों में सुबह से मौसम साफ रहा और गुनगुनी धूप खिली रही।

# ईश्वरीय ज्ञान से दूर होगी आध्यात्मिक दरिद्रता : डॉ. अभिषेक

**रांची, संवाददाता**



**रांची :** रांची के हरमू रोड स्थित प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के प्रांगण में रविवार को दीपोत्सव का आयोजन किया गया, जिसमें स्वास्थ्य विभाग की चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. शांति बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुईं। कार्यक्रम का शुभारंभ प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. अभिषेक ने सतयुग के श्री लक्ष्मी-नारायण की चैतन्य झांकी के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

दीपोत्सव कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि डॉ. शांति ने कहा कि ज्ञान-जागृति से ही तनाव मुक्त और पारदर्शी जीवन संभव है। डॉ. अभिषेक ने कहा कि सम्पूर्ण सृष्टि की समस्याओं का मूल कारण आध्यात्मिक दरिद्रता है, जिसे ईश्वरीय ज्ञान से ही दूर किया जा सकता है। इफको के प्रबंधक संजय कुमार सहाय ने कहा कि ईश्वरीय ज्ञान से अत्याचार, शोषण और भ्रष्टाचार जैसी प्रवृत्तियां समाप्त होंगी। केन्द्र संचालिका बहन ब्रह्माकुमारी निर्मला ने कार्यक्रम का संचालन करते हुए बताया कि संस्थान की स्थापना दीपावली के दिन 1937 में हुई थी और आज इस कार्यक्रम में राजयोग का अभ्यास कराया गया। साथ ही उपस्थित जनों ने आत्मदीप जाग्रत रखने का संकल्प लिया।

दीपोत्सव कार्यक्रम में जगन्नाथपुर मंदिर न्यास के उपाध्यक्ष अशोक नारसरिया, मारवाड़ी सम्मेलन के संयुक्त महामंत्री संजय सर्राफ, उपमहालेखाकार सदानंद नस्कर, अधिवक्ता कौशल राजगढ़िया, योग विशेषज्ञ स्वामी मुक्तस्थ और पूजा अग्रवाल सहित कई अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।

## संक्षिप्त समाचार

### रांची विश्वविद्यालय संयोजक अभिषेक शुक्ला पर जानलेवा हमले का प्रयास

**रांची :** अबुआ अधिकार मंच के रांची विश्वविद्यालय संयोजक अभिषेक शुक्ला को जान से मारने की धमकी मिली है यह धमकी करमा तिलैया निवासी रणजीत सिंह पिताः स्वर्गीय बैंक सिंह द्वारा दी गई हैः मूलत करमा निवासी अभिषेक शुक्ला रांची में रहते हैं तथा वर्तमान में अपने पैतृक निवास करमा मे है जहां बेवजह कारणो से रणजीत सिंह द्वारा इन्हें जान से मारने की धमकी दी जा रही है। यह संबंध में श्री शुक्ल द्वारा तिलैया थाना में आवेदन देकर जान माल की सुरक्षा की गुहार लगाई गई है।

### झामुमो के महासचिव विनोद पांडेय की मां का निधन, शोक की लहर

**रांची :** झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के केन्द्रीय महासचिव सह प्रवक्ता विनोद कुमार पांडेय की माँ जलेश्वरी देवी (85 वर्षीय) का रविवार को निधन हो गया। उनके निधन के बाद से झामुमो परिवार और पूरे राजनीतिक गलियारों में गहरा शोक व्याप्त है। जलेश्वरी देवी का अंतिम संस्कार सोमवार, 13 अक्टूबर 2025 को सुबह 11 बजे रांची के हरमू मुक्ति धाम में किया जाएगा। झामुमो केंद्रीय कार्यालय की से रविवार शाम प्रेस रिलीज जारी करते हुए यह जानकारी दी गई है। जलेश्वरी देवी के पार्थिव शरीर के दर्शन के लिए रविवार को दिनभर झामुमो नेताओं, कार्यकताओं और शुभचिंतकों का उनके आवास पर तांता लगा रहा। सभी ने दिवंगत आत्मा की शांति और परिवार को इस गहन दुख को सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की। श्रद्धांजलि देने वालों में झामुमो के नेताओं व कार्यकताओं के साथ सत्ता पक्ष, महागठबंधन के वरिष्ठ नेता, मंत्री, विधायक, पार्टी पदाधिकारी और बड़ी संख्या में कार्यकताओं शामिल रहे।

### केंद्रीय कीर्तन मंडली का हुआ पुनर्गठन

**चान्हो :** प्रखंड स्थित रविवार को केंद्रीय कीर्तन समिति की बैठक बीजूपाड़ा स्थित चैती दुर्गा पूजा मंडप परिसर पर बैठक की अध्यक्षता रामचंद्र साही की अध्यक्षता में हुआ जिसमें रांची,लोहरदगा,लातेहार हजारीबाग, रामगढ़ खूंटी एवं अन्य जिलों के प्रखंडों से टोली के सदस्यगणों की उपस्थिति में तीन बार ॐकार एवं गायत्री मंत्र कर प्रारंभ किया गया। कार्यक्रम को शुभारंभ करते हुए केंद्रीय कीर्तन मंडली का सफल संचालन के लिए उपस्थित लोगों ने अपनीझ्रअपनी राय एवं विचार रखें। सभी के विचारों से आए हुए तथ्यों पर मंतव्य कर यह निर्णय लिया गया कि सभी जिलों के प्रखंडों में यथाशीघ्र कीर्तन मंडली का गठन किया जाएगा जिससे प्रत्येक गांव एवं गांव के टोला तक तथा प्रत्येक गांव में देवीझ्रदेवताओं के बने हुए मंदिरों के समितियां से संपर्क कर कीर्तन मंडली का विस्तार किया जाएगा, साथ ही साथ मातृशक्ति को भी केंद्रीय कीर्तन समिति में जोड़कर उन्हें भी अपने-अपने गांव में सप्ताह के एक दिन निकटतम मंदिर में भजन संध्या कार्यक्रम चलाने की योजना पर वृहद प्रारूप बनी। केंद्रीय कीर्तन समिति के नवचयनित पदाधिकारी एवं सदस्यों का दायित्व निम्न प्रकार से हैःझ्रअध्यक्ष झ्र श्री मनोज महतो ,सचिवझ्रश्री प्रदीप महतो, कोषाध्यक्षझ्रश्री सुरेश गिरी , कोषाध्यक्षःझ्रमधुसूदन सिंह,महासचिवझ्रश्री अंबिका प्रसाद, उपाध्यक्षःझ्र मनोज केसरी, नागेंद्र सिंह, एवं शंभू यादव। उपसचिवःझ्र नागेंद्र ठाकुर,दिनेश महतो,मीडिया प्रभारी सह प्रवक्ताःझ्रसंजय कुमार साहू,कीर्तन प्रभारीःझ्रशिवनारायण सिंह, बालेश्वर प्रजापति, भरत प्रजापति, धार्मिक सांस्कृतिक कला मंचःझ्र राधेश्याम यादव, साउंड एवं ध्वनि प्रभारीःझ्रभरत प्रजापति, बैठक में ही कुछ प्रखंडों के प्रभारी नियुक्ति किए गए किए गए जिसमें चान्हो प्रखंड प्रभारी विशेश्वर महतो बिंदेश्वर यादव, मांडर प्रखंड प्रभारीःझ्र अशोक साहू, रामप्रकाश साहू एवं विनोद सिंह, बुढ़मू प्रखंड प्रभारी प्रकाश यादव एवं कृपाल महतो, कूडू प्रखंड प्रभारीःझ्रविमल महतो एवं अनिल महतो रातु प्रखंड प्रभारी राजेश गुप्ता उपरोक्त सभी नवचयनित पदाधिकारी एवम सदस्यों का सामूहिक ओंकार कर सर्व सहमति से पारित किया गया।

### आनन्द मार्ग धर्म महासम्मेलन में 24 घंटे का कीर्तन प्रारंभ

**रांची :** रांची के रातु स्थित दुल्हन बैंक्विट हॉल में चल रहे आनन्द मार्ग धर्म महासम्मेलन के शनिवार को दूसरे दिन भी देश-विदेश से मार्गियों के आने का सिलसिला जारी रहा। उपस्थित मार्गियों की बढ़ती संख्या को देखते हुए आयोजन समिति ने आसपास के होटलों में भी आवास की व्यवस्था की। दिन की शुरूआत गुरु ध्यान से हुई। नित्य क्रिया के उपरांत सभी साधकों ने सामूहिक भजन, कीर्तन और साधना में भाग लिया। श्री श्री आनन्दमूर्ति ने धर्म के तीन प्रमुख पहलुओं—भजन, कीर्तन और साधना—को मानव जीवन की उन्नति का आधार बताया है। उन्होंने विभिन्न भाषाओं में 5019 प्रभात संगीत की रचना की, जिनमें से चुनिंदा गीतों को मार्गी भजन के रूप में गाते हैं। कीर्तन के लिए उन्होंने अष्टाक्षरी मंत्र ह्लबाबा नाम केवलमह्व दिया, जिसे ललित नृत्य के साथ गाया जाता है और जो मन को सात्विक बनाता है। आनन्द मार्ग की साधना प्रणाली को भगवान शिव की प्राचीन साधना का आधुनिक रूप बताया गया। इसे अपनाने के लिए व्यक्ति को जातिगत पहचान, अभिमान और बाह्य आडंबर का त्याग करना होता है। मार्गी की पहचान यही होती है कि वह परमपिता परमात्मा की दिव्य संतान है। दोपहर में श्री श्री आनन्दमूर्ति का प्रेरणादायक वीडियो प्रवचन दिखाया गया, जिसमें उन्होंने कहा धर्म साधक को घास की तरह नम्र और वृक्ष की तरह सहिष्णु होना चाहिए। समाज में किसी घर में अंधकार न रहे, हर घर में उजियारा फैले—यही सच्चे जीवन की सार्थकता है।" इसके साथ ही अष्टाक्षरी

# संविधान से दिया जा सकता है भाषा एवं पोशाक के नाम पर हो रहे हमले का जवाब : पवन खेड़ा

**रांची, संवाददाता**



**रांची :** रांची के संत जेवियर्स कॉलेज सभागार में रविवार को 'संविधान में आदिवासी-मूलवासियों का अधिकार बनाम जमीनी हकीकत' विषय पर एक सम्मेलन का आयोजन किया गया, जिसमें कांग्रेस के मीडिया एवं प्रचार विभाग के अध्यक्ष पवन खेड़ा भी शामिल हुए। आदिवासी-मूलवासी प्रोफेसर एसोसिएशन की ओर से आयोजित सम्मेलन के दौरान राज्य के 24 छात्रावासों से आए विद्यार्थियों ने 'युवाओं के समक्ष मौजूदा चुनौती और वोट के अधिकार' विषय पर आयोजित संवाद में हिस्सा लिया।

सम्मेलन को संबोधित करते हुए पवन खेड़ा ने कहा कि मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) के नाम पर लोगों से तब के कागज मांगे जा रहे हैं, जब कागज का आविष्कार भी नहीं हुआ था। आज देश में भाषा, भोजन और पोशाक के नाम पर पाबंदी और हमले हो रहे हैं। इसका जवाब संविधान के हथियार से दिया जा सकता है। वोट का अधिकार अपनी पहचान और मिटते अस्तित्व को बचा सकता है। संविधान में दिए गए जनता के अधिकार को समझने और उसे हासिल करने की जरूरत है। संविधान महज एक किताब नहीं, बल्कि वह ग्रन्थ है, जो आपके भविष्य को तय करता है। पवन खेड़ा ने कहा कि सन 1857 से पहले अंग्रेजों के खिलाफ आदिवासी समाज ने विरोध का बिगुल बजाया था, लेकिन विकास के नाम पर जहां शहरों का विकास हुआ, वहीं विकास का बोझ आदिवासी समाज को उठाना पड़ा। हैरानी की बात यह है कि आदिवासी समाज को आज आदिवासी कहने के बजाय वनवासी के नाम से पुकारा जा रहा है। सारे नियम-कानून को ताक पर रखा कर जल, जंगल और जमीन पर कब्जा किया जा रहा है। बगैर अनुमति के लोगों से उनकी जमीन छीनी जा रही है।

प्रदेश की कृषि मंत्री शिल्पी नेहा तिर्की ने कहा कि लोकतंत्र खतरे में है, यह सिर्फ राजनीतिक स्लोगन नहीं है, बल्कि एक संगठन की ओर से समाज को जाति, धर्म और भाषा में बांटने की चल रही साजिश का सच है। उन्होंने कहा कि धर्म से ऊंचा मानव समाज है।समाज को तोड़ने के खिलाफ किसी भी साजिश का जवाब संवाद है। संविधान के मूल्यों और सिद्धांतों को बचाए रखने के लिए जनता को निरन्तर प्रयास करते रहना होगा। कृषि मंत्री ने कहा कि आदिवासी बचेंगे, तभी मूलवासी भी बचेंगे। इस बात को गांठ बांध लेने की जरूरत है। समाज को बांटने का प्रयास कौन कर रहा है और समाज को एक साथ लेकर चलने का काम कौन कर रहा है, इसे समझना और उसका साथ देना होगा। आदिवासी समाज का इतिहास सामूहिकता का है और आगे भी रहेगा।

# झारखंड शराब घोटाला में अपने ही विभाग के अधिकारियों की भूमिका जांचने में जुटी एसीबी

**रांची, संवाददाता**

**रांची।** शराब और जमीन घोटाला मामलों में आरोपित निलंबित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे के करीबी माने जाने वाले कारोबारी विनय कुमार सिंह के खिलाफ एसीबी की जांच अब और तेज हो गई है. विनय कुमार सिंह, जो महिंद्रा की 'नेक्सजेन ऑटोमोबाइल' कंपनी के मालिक हैं, उन्हें एसीबी ने बीते 25 सितंबर को गिरफ्तार किया था. एसीबी अब उन कथित चर्चा की भी गोपनीय तरीके से छानबीन कर रही है, जिसमें यह कहा जा रहा है कि शराब घोटाला केस में गिरफ्तारी वारंट जारी होने के बावजूद विनय सिंह को पहले गिरफ्तार नहीं किया गया था. इस कथित लापरवाही का लाभ उठाकर विनय सिंह ने शराब घोटाला मामले में जमानत हासिल कर ली थी.

एसीबी के वरिष्ठ अधिकारियों को यह जानकारी मिली है कि विनय सिंह की तलाश में दिल्ली गई एसीबी की टीम ने उनके विरुद्ध कार्रवाई करने में कहीं न कहीं लापरवाही बरती थी. एसीबी इस मामले में शामिल अपने ही अधिकारियों की भूमिका की भी जांच कर रहा है. विनय कुमार सिंह पर निलंबित आईएएस अधिकारी विनय कुमार चौबे के काले धन को निवेश करने का आरोप है.



आगामी 30 नवंबर 2025 को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच के पहले मुकाबले के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक

# उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राँची, मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में अहम बैठक

संवाददाता । रांची

रांचीः झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (खरउअ) स्टेडियम, धुर्वा, राँची में
उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राँची, श्री मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में अहम बैठक
क्रिकेट मैच के दौरान अपेक्षित भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए यातायात और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर
हमारा लक्ष्य है कि यह आयोजन न केवल खेल प्रेमियों के लिए यादगार हो, बल्कि राँची की छवि एक उत्कृष्ट मेजबान के रूप में और मजबूत होः- उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राँची, श्री मंजूनाथ भजन्त्री



उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी राँची, श्री मंजूनाथ भजन्त्री की अध्यक्षता में आज दिनांक 12 अक्टूबर 2025 को कार्यालय कक्ष में झारखंड स्टेट क्रिकेट एसोसिएशन (खरउअ) स्टेडियम, धुर्वा, राँची में आगामी 30 नवंबर 2025 को भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मैच की वनडे के आयोजन को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। इस बैठक का मुख्य उद्देश्य क्रिकेट मैच के दौरान विधि-व्यवस्था, सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को सुनिश्चित करना था।

बैठक में वरीय पुलिस अधीक्षक राँची, श्री राकेश रंजन, पुलिस अधीक्षक राँची, श्री पारस राणा, पुलिस अधीक्षक यातायात राँची, अनुमंडल पदाधिकारी सदर राँची, श्री उत्कर्ष कुमार, खरउअ के अध्यक्ष श्री अजय नाथ शाहदेव, सचिव श्री सौरभ तिवारी सहित अन्य संबंधित पदाधिकारी उपस्थित थे।

क्रिकेट मैच के दौरान अपेक्षित भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए यातायात और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर
उपायुक्त श्री मंजूनाथ भजन्त्री ने बैठक में क्रिकेट मैच के दौरान अपेक्षित भारी भीड़ को ध्यान में रखते हुए यातायात और सुरक्षा व्यवस्था पर विशेष जोर दिया। उन्होंने विधि-व्यवस्था बनाए रखने के लिए दंडाधिकारियों और पुलिस पदाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति, यातायात प्रबंधन और अन्य आवश्यक व्यवस्थाओं पर क्रमवार चर्चा की। उपायुक्त ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि सभी व्यवस्थाएं सुचारु रूप से सुनिश्चित की जाएं ताकि दर्शकों और खिलाड़ियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो।

उपायुक्त ने यह भी आश्वासन दिया कि जिला प्रशासन खरउअ को हर संभव सहयोग प्रदान करेगा ताकि यह अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच राँची में भव्य और व्यवस्थित रूप से संपन्न हो सके। उन्होंने कहा, ₹हमारा लक्ष्य है कि यह आयोजन न केवल खेल प्रेमियों के लिए यादगार हो, बल्कि राँची की छवि एक उत्कृष्ट मेजबान के रूप में और मजबूत हो।₹

खरउअ के अध्यक्ष श्री अजय नाथ शाहदेव ने जिला प्रशासन के सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि इस तरह की समन्वित तैयारियां आयोजन की सफलता को सुनिश्चित करेंगी। सचिव श्री सौरभ तिवारी ने भी इस अवसर पर स्टेडियम की तैयारियों और अन्य व्यवस्थाओं के बारे में जानकारी साझा की

# श्री राधा- कृष्ण मंदिर में अन्नपूर्णा महाप्रसाद मे 2 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने किया प्रसाद ग्रहण

## भजन संध्या के मनमोहक भजनों में भक्तगण खूब झूमे



संवाददाता । रांची

रांची :श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम ट्रस्ट द्वारा संचालित पुंदाग मे श्री कृष्ण प्रणामी मंगल राधिका सदानंद सेवा धाम में 232 वां श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा सेवा महाप्रसाद भंडारा का आयोजन किया गया। आज का श्री कृष्ण प्रणामी अन्नपूर्णा भंडारा समाजसेवी स्वर्गीय बिष्णु पोद्दार की पुण्य स्मृति में उनकी धर्म पत्नी ललिता पोद्दार उनके पुत्र अमीत पोद्दार पुत्र वधु सोनम पोद्दार एवं उनके परिवार के सौजन्य से आयोजित किया गया। अन्नपूर्णा महाप्रसाद का विधिवत भोग दोपहर 12:30 बजे मंदिर के पुजारी अरविंद कुमार पांडे द्वारा लगाई गई, तत्पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित दो हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं के बीच महाप्रसाद का वितरण किया गया। आज के महाप्रसाद में केसरिया खीर, पुड़ी आलू काबुली चना टमाटर मिश्रित सब्जी, भेजिटेबल पुलाव,चिप्स,सलाद आदि का वितरण किया गया। तत्पश्चात भजन- संध्या के कार्यक्रम में ट्रस्ट के भजन गायक मनीष सोनी ने मनमोहक सुमधुर भजनों मे
अमृत गंगा का रसपान कराते हुए श्रोताओं को खूब झुमाया। तथा श्री राधा कृष्ण के जयकारा से पूरा वातावरण कृष्णमय एवं भक्तिमय बन गया। तत्पश्चात सामूहिक रूप से महाआरती की गई?। ट्रस्ट के प्रवक्ता सह मीडिया प्रभारी संजय सर्राफ ने बताया कि संस्था द्वारा श्री कृष्ण प्रणामी सेवा धाम श्री राधा कृष्ण प्रणामी मंदिर परिसर मे आज अन्नपूर्णा महाप्रसाद एवं भजन संध्या में आज सुबह से ही श्रद्धालुओं का भीड़ लगा रहा। तथा भगवान श्री राधा कृष्ण मंदिर मे 5 हजार से भी अधिक श्रद्धालुओं ने दर्शन किए। इस अवसर पर-ट्रस्ट के अध्यक्ष डूंगरमल अग्रवाल उपाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद अग्रवाल,सुरेश अग्रवाल, शिव भगवान अग्रवाल,मधुसूदन जाजोदिया,मनीष जालान पूरणमल सर्राफ, संजय सर्राफ, सुरेश भगत, भगत,विष्णु सोनी,पवन पोद्दार, मुरली प्रसाद, हरीश कुमार, परमेश्वर साहू, बसंत वर्मा, सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, पुरुष उपस्थित थे।

# लोहिया जी प्रखर समाजवादी एवं महान स्वतंत्रता सेनानी थे, इनका विचारधारा राजद के लिए आदर्श : कैलाश यादव



संवाददाता । रांची

रांची :आज दिनांक 12/10/25 को प्रदेश राजद कार्यालय में स्वतंत्रता सेनानी राममनोहर लोहिया का पुण्यतिथि मनाया गया ! इस अवसर पर विशेष रूप से मौजूद पार्टी प्रदेश प्रवक्ता कैलाश यादव ने लोहिया के तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित किया !
यादव ने कहा कि राममनोहर लोहिया प्रखर समाजवादी एवं महान स्वतंत्रता सेनानी थे ! वे अर्थशास्त्र में डॉक्टरेट किया था और महात्मा गांधी के निर्देश पर 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान लोहिया जी ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया और देशहित में संघर्ष कर शिखर पर जाने का काम किया ! भारत के स्वतंत्रता युद्ध के अंतिम दौर के समय भारत छोड़ो आंदोलन के दौरान हजारीबाग जेल से फरार होकर जयप्रकाश नारायण एवं राममनोहर लोहिया जी ने भूमिगत होकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाया था !
लोहिया जी का कुछ प्रमुख नारा था।

# रैकेट स्पोर्ट्स फेस्ट 2025 के लॉन टेनिस में विजेता बने साहिल अमीन





संवाददाता । रांची

रांची :जमशेदपुर के जे.आर.डी. टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में दो दिवसीय ₹ रैकेट स्पोर्ट्स फेस्ट 2025₹ का आयोजन किया गया जिसमें लॉन टेनिस के पुरुष वर्ग में झारखण्ड के शीर्ष टेनिस खिलाड़ी राँची के साहिल अमीन ने जमशेदपुर के टेनिस खिलाड़ी ज्यंत कुमार को 6-1 के बड़े अंतर स्कोर से हराकर विजेता ट्रॉफी अपने नाम कर लिया ।इस टूनामेंट में साहिल ने सिंगल एंव डबल दोनो कैटेगरी में जीत दर्ज करने का गौरव प्राप्त किया । डबल में अपने जोड़ीदार खिलाड़ी आयुष राज के साथ मिलकर आदित्य कुमार और ज्यंत कुमार की जोड़ी को 6-4 के स्कोर से हराया । साहिल अमीन का यह लगातार तीसरा टेनिस खिताब है ।इस से पूर्व साहिल ₹झारखण्ड सुपर स्लैम टेनिस चैम्पियनशिप 2025₹ का खिताब अपने नाम कर चुके हैं । यह रैकेट स्पोर्ट्स फेस्ट 11 एंव 12 अक्टूबर को जे.आर.डी. टाटा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जमशेदपुर में सम्पन्न हुआ ।

# छठ महापर्व की तैयारी पर रांची नगर निगम का विशेष अभियान

संवाददाता । रांची



रांची लोक आस्था के महापर्व छठ के अवसर पर रांची नगर निगम द्वारा यह सुनिश्चित किया जा रहा है कि श्रद्धालु स्वच्छ और सुगठित वातावरण में पूजा-अर्चना कर सकें। निगम का मुख्य लक्ष्य सम्पूर्ण नगर क्षेत्र एवं सभी जलाशयों को कूड़ा मुक्त एवं स्वच्छ बनाए रखना है।हर वर्ष की भाँति इस बार भी लाखों श्रद्धालु भगवान भास्कर को अर्घ्य अर्पित करने छठ घाटों पर पहुँचते हैं, जिसके मद्देनजर निगम की ओर से कई स्तरों पर तैयारियाँ की जा रही हैं।

साफ-सफाई अभियानः
सभी 74 चिन्हित छठ घाटों एवं उनके संपर्क मार्गों पर विशेष सफाई अभियान संचालित किया जा रहा है।
वार्ड संख्या 07 स्थित जुमार नदी घाट पर आज विशेष सफाई अभियान चलाया गया, जिसमें जेसीबी के माध्यम से पूरे मार्ग की गंदगी एवं मिट्टी हटाकर समतलीकरण किया गया।
* चडरी तालाब, जेल तालाब, कांके डैम, अरगोड़ा, बांधगाढ़ी पुंदाग, करमटोली, दिव्ययान, टेतर टोली, बटन, जगन्नाथपुर, मधुकम समेत अन्य सभी तालाबों में सफाई कार्य लगातार जारी है।ङ्क इसके अलावा आज मुख्य रूप से बड़ा तालाब, सरोवर नगर कांके डैम, मधुकम तालाब, अरगोड़ा तालाब में जल शुद्धिकरण के उद्देश्य से वृहद स्तर पर फिटकरी डाली गई।
तालाबों के आस-पास ग्रास कटिंग पर विशेष ध्यान* प्रशासक के निदेर्शानुसार इस वर्ष निगम की टीम द्वारा तालाबों के चारों ओर खुले स्थान बढ़ाने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।* पूरे तालाब परिसर एवं आस-पास के क्षेत्रों में ग्रास कटिंग और भूमि समतलीकरण का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है ताकि श्रद्धालुओं के आवागमन एवं पूजा-अर्चना के लिए पर्याप्त स्थान उपलब्ध कराया जा सके।
समितियों से लगातार वार्ताः
* छठ पूजा समितियों के प्रतिनिधियों से सतत संवाद स्थापित किया गया है। उनकी आवश्यकताओं एवं सुझावों को ध्यान में रखते हुए सभी संबंधित अधिकारियों को हरसंभव सहयोग प्रदान करने के निर्देश दिए गए हैं।
* किसी भी प्रकार की समस्या या जानकारी हेतु निगम के टोल-फ्री नंबर 1800-570-1235 पर संपर्क कर सकते हैं।

# 10वीं आल इंडिया बुशिकान कप कराटे चैंपियनशिप संपन्न

## झारखण्ड को ओवरआल चैंपियनशिप ट्रॉफी ,पश्चिम बंगाल तथा उत्तर प्रदेश को द्वितीय एवं तृतीय स्थान

संवाददाता । रांची

**रांची:**इंटरनेशनल शोतोकान कराटे क्योकाई द्वारा आयोजित 10वीं आल इंडिया बुशिकान कप कराटे चैंपियनशिप कल देर रात कोयला नगर धनबाद स्थित नेहरू काम्प्लेक्स में संपन्न हो गया. चैंपियनशिप के दौरान सभी वर्गों में झारखण्ड टीम सर्वाधिक पदक के साथ ओवरआल चैंपियनशिप ट्रॉफी पर अपना कब्जा जमाया जबकि प. बंगाल तथा उत्तर प्रदेश की टीम क्रमशः दूसरे ० तीसरे स्थान पर रही. दिनांक 10 एवं 11 ओक्टुबर को आयोजित इस दो दिवसीय आमंत्रण कराटे चैंपियनशिप में दूसरे दिन 5 से 13 वर्ष तक के बालक एवं बालिकाओं की कुमिते एवं काता की स्पधाएं आयोजित हुई जिसमे सभी स्वर्ण पदक विजेताओं के नाम इस प्रकार हैंः शिवांश बनर्जी, कुमार वात्सल्य तिवारी, इशिता पाल, अतिक्षा सिंह, अनीश नायक, यशस्व, पियूष कुमार, राजवीर गुप्ता, चिन्मय सिंह, निर्मल कुमार, विहान राज, ध्रुविंन बंसल, आर्यवीर सिंह, निशा रानी, श्रेया कंदपाल, शुभांगी माजी, अद्रिजा



महथा, अर्विका, पारी चटर्जी, आव्या, हम्शिका अललुवाड़ा, अरणाश्री दासगुप्ता, अंश कुमार, ईशान विश्वजीत, शिवराज दास, कुमारी तन्वी, रौनक कुमार सत्यम, रिशु राज, शिवम्‍ पासवान, अल्माज किस्कू, अजय मुर्मू, दिव्यांश जैसवाल, मुश्कान कुमारी, सानवी चौरसिआ, कौशिकी कृति, मनस्वी सिंह, सूर्यांश वर्मा, प्रियांशु दास, लक्ष्मी कुमारी, सान्वी, विनाया सिंह, प्रगति प्रिया, रेयान शमूएल लुगुन, पियूष कुमार, आर्शिव चक्रवर्ती, अंशुल कुमार, अभिषेक कुमार, कृतिका सिंह, सौर्य साहनी, अर्णव प्रकाश, आरव यादव, ईशान सरकार, अनु भारती, कुहू त्रिपाठी, आद्या बरनवाल, हविषा गोयनका, आरोही सिंह, आरोही यादव, ईवन एड्रिल लुगुन, आदित्य गुरुंग, देब्सेना, अदनान कुरैशी, अनिरुद्ध बिस्वास, आव्या यादव, आकांशा राज , कुमार वत्सल, उदित विश्वकर्मा, सनव नेओगी, रौनक कुमार सत्यम, मीमांसा सिंह, महिमा यादव, अनुष्का, आर्या चौधरी, अराध्या शर्मा, रौशनी कुमारी तथा अंचल शर्मा. प्रतियोगिता के अंत में सभी वर्ग के विजेताओं को दून पब्लिक स्कूल के उप निदेशक सुनील कुमार, इ.सी.एच.एस. की चिकित्सा पदाधिकारी डॉ नेहा दास, धनबाद जिला ओलम्पिक संघ के अध्यक्ष एस.एम.हाशमी, कोषाध्यक्ष पवन बरनवाल, संयुक्त सचिव प्रियरंजन कुमार, कोयलांचल पब्लिक स्कूल के

# ब्रीफ न्यूज

## संकट मोचन हनुमान मंदिर के पास एकता कमेटी ने भोजन वितरण किया

ईंसानियत सबसे बड़ा होता है :गुलाम मुस्तफा



संवाददाता । रांची

रांची। रविवार को सामाजिक संस्था भारतीय एकता कमेटी रांची के तत्वाधान में संकट मोचन हनुमान मंदिर मेन रोड में जरूरतमंद लोगों को भोजन के पैकेट का वितरण किया गया ।इस अवसर पर कई रिक्शा वालों को भी भोजन का पैकेट दिया गया ।भारतीय एकता कमेटी के संस्थापक अध्यक्ष गुलाम मुस्तफा ने कहा की मानवता इंसानियत सबसे बड़ा होता है ।जिसके दिल में मानवता इंसानियत है वह इंसान सबसे ऊपर कहलाता है ।हर इंसान को अपने दिल में मानवता इंसानियत ह्यूमैनिटी को रखना चाहिए जो सबसे ज्यादा जरूरी है ।इंसानियत मानवता कभी भी धर्म जात-पात बिरादरी यह सब नहीं देखता है जो जरूरतमंद है जो बीमार जो गरीब है वैसे लोगों को हर हाल में मदद कीजिए ।गुलाम मुस्तफा ने कहा कि कुछ भी साथ नहीं जाएगा जो अच्छा नेक काम शुभ कार्य कीजिएगा वही आपके साथ जाएगा।इस अवसर पर पत्रकार बुलंद अख्तर जी ने भी जरूरतमंद लोगों को अपने हाथों से भोजन वितरण किया और भारतीय एकता कमेटी के शुभ कार्य की सराहना की बुलंद अख्तर ने कहा हम बहुत समय से भारतीय एकता कमेटी से जुड़े हुए हैं और हमेशा भारतीय एकता कमेटी के शुभ कार्य को करती है यह बहुत ही खुशी की बात है हम सभी को मिलजुल कर भारतीय एकता कमेटी को शुभ कार्य में साथ देना चाहिए और हर तरह से सहयोग करना चाहिए ।

## सूचना आयुक्त की नियुक्ति करने की मांग स्लोगन हाथों में तख्ती लेकर किया गया प्रदर्शन



संवाददाता । रांची

रांची। रांची। सूचना अधिकार स्थापना दिवस के अवसर पर आज 12 अक्टूबर 2025 को रांची के अल्बर्ट एक्का चौक,रांची में जन सूचना अधिकार मंच रांची के द्वारा स्लोगन तखती लेकर प्रदर्शन किया गया। जन सूचना अधिकार मंच रांची के संयोजक अकरम राशिद ने झारखंड सरकार से निवेदन किया। उन्होंने कहा कि सूचना आयोग झारखंड में लगभग 25000 आवेदन सुनवाई हेतु पेंडिंग पड़े हुए हैं और सरकार सूचना आयुक्त की नियुक्ति नहीं कर रही है मेरे यह मुख्य मांगे हैं (1) 2019 से सूचना आयुक्त के पद पर नियुक्ति अब तक क्यों नहीं झारखंड सरकार जवाब दो/ मुख्य सूचना आयुक्त के पद पर रिटायर्ड जज की नियुक्ति करो/ आयोग में सुनवाई हेतु अधिकारी की उपस्थिति अनिवार्य करो/ द्वितीय अपील की सुनवाई समय बुद्ध करो/ समय पर सूचना दो पर्याप्त सूचना दो/ अल्पसंख्यक समुदाय से सूचना आयुक्त की नियुक्ति करो/ आम आदमी के अधिकार को बहाल करो/ केंद्र सरकार सूचना आयुक्त के पद से छेड़छाड़ करना बंद करो/ केंद्र एवं राज्य सरकार सूचना अधिकार कानून पर जागरूकता हेतु प्रिंट एवं इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में विज्ञापन जारी करो/ भ्रष्टाचार, गैर जिम्मेदार, असंवेदनशील लापरवाही का कल है। कार्यक्रम में उपस्थित होने वाले सोनाली केवट,विजय,सुहेल,असफर, नसीम पठान,मुजाहिद,इस्लाम,फरहान,रयान,कबीर, सुफियान।

## 50 जोड़ो के विवाह कार्यक्रम में पहुँचे रांची प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी दिया नव दंपति को आशीर्वाद



संवाददाता । रांची

रांची। रांची। सेक्टर 2 धुर्वा में आयोजित एक सामूहिक शादी समारोह में 50 जोड़ों विवाह के बंधन में बंधे। इस अवसर पर रांची प्रेस क्लब के उपाध्यक्ष धर्मेंद्र गिरी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और सभी नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद दिया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने हिस्सा लिया और वर-वधू को आशीर्वाद दिया। संस्था के अध्यक्ष रेणु देवी ने अपने संबोधन में कहा कि सामूहिक शादी जैसे आयोजनों से समाज में एकता और सौहार्द का संदेश जाता है और जरूरतमंद परिवारों को आर्थिक बोझ से भी राहत मिलती है। समाज में ऐसे आयोजनों से गरीब परिवार की मदद हो जाती है। सभी नवविवाहित जोड़ों के सुखमय जीवन की कामना की। इस तरह के कार्यक्रम समाज के लिए एक प्रेरणा का स्रोत होते हैं और सामाजिक समरसता को बढ़ावा देते हैं। सभी विवाहित जोड़ों को सामान भी वितरण किया गया तथा प्रमाण पत्र भी दिया गया इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष रेणु देवी सचिव राहुल सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे

# मिसेज एंड मिस झारखण्ड क्वीन 2026 प्रतियोगिता की हुई शुरूआत

**हजारीबाग, संवाददाता**

**हजारीबाग :** स्वदेशी परिधानों के साथ झारखंड की लोक संस्कृति और पारंपरिक परिधानों को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आश्रय फाउंडेशन, लायंस क्लब ऑफ हजारीबाग रोरिंग एवं तरंग ग्रुप हजारीबाग के संयुक्त तत्वावधान में राज्यस्तरीय सौंदर्य प्रतियोगिता मिसेज एवं मिस झारखण्ड क्वीन 2026ह्व की औपचारिक शुरूआत रविवार को की गई। इस अवसर पर इस प्रतियोगिता से संबंधित पोस्टर का विमोचन आज डॉक्टर अमला राणा,स्वाति वर्मा , मिसेज झारखंड नीलिमा लाल,मिस हजारीबाग राजलक्ष्मी एवं स्वीटी प्रसाद के द्वारा संयुक्त रूप से स्थानीय डॉल्फिन रिजॉर्ट में किया गया। आयोजन समिति के सदस्यों ने बताया कि इस प्रतियोगिता का मुख्य उद्देश्य स्वदेशी सहित झारखंड की पारंपरिक वेशभूषा और लोक परिधान को नई पहचान दिलाता है, साथ ही राज्य की महिलाओं और युवतियों को मंच प्रदान करना है ताकि वे अपनी प्रतिभा और आत्मविश्वास को समाज के सामने प्रस्तुत कर सकें।आयोजन से जुड़ी रूपरेखा और चयन प्रक्रिया की जानकारी भी इस अवसर पर साझा की गई। बताया गया कि प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन आज से ऑनलाइन प्रारंभ हो चुकी है। इस प्रतियोगिता के विजेताओं को 51000/ रुपए तक का नकद पुरस्कार ,क्राउन, सैश और प्रमाण पत्र देने के साथ राष्ट्रीय स्तर के मंच में प्रस्तुति करने का अवसर भी मिलेगा ।प्रतियोगिता का ऑडिशन झारखंड के सभी जिलों में किया। इस प्रतियोगिता के मिसेज वर्ग में 50 वर्ष आयु तक की महिला ,मिस वर्ग में 25 वर्ष आयु वर्ग की लड़कियां एवं जूनियर वर्ग में में भाग लेने के लिए 15 वर्ष आयु वर्ग तक की बच्चियां भाग ले सकती है। प्रतियोगिता में भाग लेने या अधिक जानकारी के लिए आप 9431777688/7992361860 पर कॉल या व्हाट्सएप कर के जानकारी ले सकते है ।इस मौके पर शहर के कई गणमान्य व्यक्ति, सामाजिक कार्यकर्ता और मीडिया प्रतिनिधि उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन तरंग ग्रुप की टीम ने किया। आयोजकों ने बताया कि इस पहल के माध्यम से झारखंड की कला संस्कृति को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर मुख्य रूप से सांसद मीडिया प्रभारी रंजन चौधरी, आर्ट एंड कल्चरल ट्रस्ट के अध्यक्ष राम किशोर सावंत,गूंज स्टूडियो के संचालक सुबोध आकाश,लायंस क्लब के डीसी राजीव आनंद,राजेश कुमार, नावल कुमार ,तरंग ग्रुप के निर्देशक अमित कुमार गुप्ता, कोषाध्यक्ष मनोज कुमार ,ओम शंकर,अगस्त्य, ऋषि, सोनू,चंदन के साथ संस्था के अन्य सदस्य उपस्थित थे।



# पर्यटन मंत्री ने बड़कागांव प्रखंड स्थित प्रसिद्ध मेगालिथ स्थल का किया भ्रमण

माननीय मंत्री से उपायुक्त ने परिसदन भवन में किया शिष्टाचार मुलाकात



**हजारीबाग, संवाददाता**

**हजारीबाग :** नगर विकास एवं आवास सह पर्यटन मंत्री, झारखंड सरकार माननीय श्री सुदिव्य कुमार सोनू ने आज हजारीबाग जिले के बड़कागांव प्रखंड में स्थित प्रसिद्ध मेगालिथ स्थल, बड़कागांव का भ्रमण किया ।यह स्थल पौराणिक खगोलीय घटनाओं की जानकारी एवं अध्ययन के लिए विख्यात है और राज्य में पर्यटन की दृष्टि से अत्यंत महत्वपूर्ण माना जाता है। माननीय मंत्री ने भ्रमण के दौरान कहा कि इस ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक धरोहर को पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित करने की दिशा में ठोस कदम उठाए जाएंगे ।उन्होंने संबंधित विभागों को इस स्थल के संरक्षण, सौंदर्यीकरण एवं पर्यटकों के लिए आवश्यक बुनियादी सुविधाएं विकसित करने के लिए आवश्यक प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि इस क्षेत्र को पर्यटन मानचित्र पर विशेष पहचान दिलाने के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया जाएगा ।इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी एवं ग्रामीण बड़ी संख्या में उपस्थित थे। मंत्री ने कहा कि ऐसे प्राचीन स्थलों का संरक्षण एवं संवर्धन न केवल पर्यटन को बढ़ावा देगा बल्कि स्थानीय रोजगार सृजन में भी सहायक सिद्ध होगा।

## संक्षिप्त समाचार

### आईएफडब्ल्यूजे के बरही प्रखंड अध्यक्ष बने कमल शंकर पंडित, महासचिव प्रभाकर पाठक




**बरही (हजारीबाग) :** बरही प्रखंड के बरसोत में रविवार को वरिष्ठ पत्रकार प्रभाकर पाठक के आवास में इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट अर्थात भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ (आईएफडब्ल्यूजे) की बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता व संचालन प्रदेश उपाध्यक्ष कृष्णा प्रजापति ने किया। सर्वसम्मति से इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट (आईएफडब्ल्यूजे) बरही इकाई का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से कमल शंकर पंडित को अध्यक्ष, प्रभाकर पाठक को महासचिव, विकास यादव को कोषाध्यक्ष, रितेश गुप्ता को उपाध्यक्ष तथा सोमनाथ ठाकुर को सोशल मीडिया प्रभारी बनाया गया। इसके अलावा जिला अध्यक्ष बिपिन बिहारी पांडेय को आमंत्रित अतिथि, सुजीत प्रधान, मो उस्मान, राकेश कुमार,सोनू पंडित, योगेंद्र प्रजापति, पंचम पांडेय को पदेन सदस्य बनाया गया। सर्वसम्मति से कृष्णा प्रजापति को इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट (आईएफडब्ल्यूजे) का प्रखंड कमेटी का मुख्य संरक्षक बनाया गया है। इस अवसर पर नव चयनित अध्यक्ष कमल शंकर पंडित ने कहा कि यह संगठन न केवल पत्रकार को पत्रकारिता की प्रशिक्षित किया जाएगा, बल्कि हर सुख दुख की साथी रहेगा। सभी ने इंडियन फेडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट (आईएफडब्ल्यूजे) के विकास एवं गोपनीयता बनाए रखने पर जोर दिया जाएगा। महासचिव प्रभाकर पाठक ने कहा कि यह संगठन भविष्य में पत्रकार हित में मील का पत्थर साबित होगा। बताते चलें कि गुटनिरपेक्ष दुनिया में सबसे बड़े पत्रकार संगठन के रूप में इंडियन फैडरेशन ऑफ वर्किंग जर्नलिस्ट्स अर्थात भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ की स्थापना 28 अक्टूबर 1950 को नई दिल्ली में जंतर-मंतर पर हुई है। आजादी के बाद स्वतंत्र भारत में श्रमजीवी पत्रकारों के हित में कार्य करने वाला यह देश का सबसे बड़ा पंजीकृत ट्रेड युनियन संघ है

### पासवान कल्याण समिति की प्रखंड स्तरीय बैठक



**बड़कागांव (हजारीबाग) :** बड़कागांव पासवान कल्याण समिति की प्रखंड स्तरीय बैठक हरली हाई स्कूल के प्रांगण में की गई। इसकी अध्यक्षता रेवा पासवान व संचालन प्यारे राम पासवान ने किया। बैठक में शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए विशेष जोर दिया गया। समाज में बढ़ रहे कुरीतिओ, अंधविश्वास, दहेज प्रथा आदि को मिटाने पर जोर दिया गया। बैठक में अशोक पासवान ,प्यारे राम पासवान, सहदेव राम, विजय पासवान , सरजू पासवान, रोहित पासवान ,राजेश पासवान, सुरेश पासवान ,सहदेव पासवान, विकास कुमार पासवान ,बबलू पासवान ,मुनेश्वर पासवान ,सुरेश पासवान ,रेवा पासवान, महेंद्र पासवान ,अविनाश पासवान, सुमित पासवान ,सौरभ कुमार पासवान, विशाल पासवान ,महेश पासवान सहित अन्य उपस्थित थे।

### बिजली मिस्त्री नरसिंह सोनी के पिता का निधन, शोक व्यक्त



**बड़कागांव (हजारीबाग) :** बड़कागांव बिजली मिस्त्री शिवाडीह गांव निवासी नरसिंह सोनी के पिता 105 वर्षीय तपेश्वर सोनी का रविवार को निधन हो गया। निधन पर बड़कागांव प्रखंड बिजली विभाग के लोगों ने गहरा दुख व्यक्त करते हुए शोक व्यक्त किया है। शोक व्यक्त करने वालों में मुख्य रूप से बिजली विभाग एसडीओ अमीत कुमार , कनिय अभियंता प्रदीप प्रजापति, राहुल कुमार, अजय महतो, सूरज गुप्ता, अजय कुमार, अरविंद कुमार, अशोक कुमार, दशरथ कुमार, अक्षय कुमार, बबलू मुंडा, प्रवेश सिंह, दीपक कुमार, राजेश कुमार, पंकज कुमार, देवनाथ सिंह के अलावा अन्य प्रबुद्ध लोगों ने शोक व्यक्त किया है।

# आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन की तैयारी को लेकर बरही में भाजपा की बैठक संपन्न

**बरही, संवाददाता**



**बरही (हजारीबाग) :** बरही डाक बंगला में रविवार को भाजपा द्वारा आहूत आगामी आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन की तैयारी को लेकर बैठक आयोजित हुई बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह संचालन मंडल अध्यक्ष भगवान केसरी ने किया ।मुख्य अतिथि बरही विधायक मनोज कुमार यादव उपस्थित थे। बैठक में 17 अक्टूबर को भगवती मंदिर परिसर में सम्मेलन को सफल बनाने के लिए विस्तृत चर्चा की गई और जिम्मेदारियां तय की गईं। बैठक को संबोधित करते हुए विधायक मनोज कुमार यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश आत्मनिर्भरता की ओर तेजी से बढ़ रहा है। भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता इस अभियान को जन-जन तक पहुंचाने में सेतु का कार्य कर रहा है। आत्मनिर्भर भारत केवल एक नारा नहीं, बल्कि यह राष्ट्र के आर्थिक स्वावलंबन का संकल्प है। उन्होंने पार्टी कार्यकताओं से सम्मेलन में अधिक से अधिक जनभागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। जिलाध्यक्ष विवेकानंद सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि बरही में प्रस्तावित आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण होगा। इस सम्मेलन के माध्यम से केंद्र सरकार की योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाई जाएगी। हर कार्यकर्ता को इस कार्यक्रम की सफलता के लिए जिम्मेदारी और समर्पण के साथ कार्य करना होगा। वहीं, भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं, बल्कि समाज के हर वर्ग तक सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को पहुंचाना है। आत्मनिर्भर भारत सम्मेलन इसी दिशा में एक सशक्त पहल है। बैठक में सम्मेलन की रूपरेखा, आयोजन स्थल की तैयारियों, पदाधिकारियों की जिम्मेदारियों और प्रचार-प्रसार की रणनीति पर विस्तार से चर्चा की गई। मौके पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर, सुरेंद्र रजक नारायण यादव, रामस्वरूप पासवान, सुरेंद्र रजक, राजदेव यादव, लक्ष्मण यादव, अजय मेहता, मण्डल बाबूलाल प्रसाद मेहता, मंडल अध्यक्ष राजेन्द्र चंद्रवंशी, मण्डल अध्यक्ष द्वारिका राणा,मुकुंद साव,कृष्णा साव, आकाश जयसवाल, रंजीत यादव, बिनोद कुमार यादव, रत्नदेव ठाकुर, बालेश्वर साव, मनोज कुमार साव, राजकुमार यादव, ज्योतिष यादव, गुलाब रजक, राजकुमार प्रसाद केशरी, बालेश्वर यादव, उपेन्द्र नारायण सिंह, धर्मेंद्र यादव, रघुनाथ मोदी, सहदेव शर्मा, राजकुमार यादव, अमित कुमार गौरव, इंद्रदेव यादव, विजय कुमार राणा, बिनोद यादव, प्रकाश ठाकुर, कामेश्वर रविदास, शम्भू भुइयां, कैलाश महतो, छोटन गोप समेत अनेक भाजपा कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी उपस्थित थे।

# करियातपुर में खुली प्रकृति ई स्कूटी शो रूम, ग्राहकों की पसंद



**बरही, संवाददाता**

**बरही (हजारीबाग) :** प्रखंड के करियातपुर में राधा इंटरप्राइजेज की ओर से प्रकृति ई स्कूटी शो रूम खुला है जो ग्राहकों को काफी आकर्षित कर रहा है। रविवार को आई एफ डब्लू जे अर्थात भारतीय श्रमजीवी पत्रकार संघ की बरही टीम ने शो रूम का अवलोकन कर प्रकृति ई स्कूटी की खूबियों से परिचित हुए। शो रूम के संचालक वरिष्ठ समाजसेवी सह पूर्व सांसद प्रतिनिधि भाजपा नेता डोमन पांडेय के पुत्र दिलीप पांडेय एवं विकास पांडेय ने बताया कि बताया कि राधा इंटरप्राइजेज शो रूम में प्रकृति ई स्कूटी के तीन तरह की स्कूटी उपलब्ध है। एक सुपर प्रकृति ई स्कूटी है जिसकी कीमत 57000 रुपए है और माइलेज 80 किमी है। दूसरा सुपर सेवन स्कूटी है जिसकी कीमत 55000 रुपए है। इसकी माइलेज 80 किमी है। वही तीसरी वैरायटी नियो है जिसकी कीमत 45000 है। जिसकी माइलेज 60 किमी है। संचालक विकास पाण्डेय ने बताया कि यहां फाइनेंस की भी सुविधा है। आई एफ डब्लू जे के अध्यक्ष कमल शंकर पंडित ने कहा कि प्रदूषण मुक्त ई स्कूटी का अधिक से अधिक उपयोग करनी चाहिए। डोमन पांडेय ने कहा कि उन्हें पास हर वैरायटी की स्कूटी है। अच्छा माइलेज के साथ टिकाऊ है। मौके पर बिपिन बिहारी पांडेय, कमल शंकर पंडित,रितेश गुप्ता, कृष्णा प्रजापति, विकास यादव, मो उस्मान, सोमनाथ ठाकुर, पंचम पांडेय, राकेश कुमार आदि लोग मौजूद रहे।

## युवाओं को पूर्व मुखिया ने वॉलीबॉल किट का किया वितरण



**बरही (हजारीबाग) :** बरही प्रखंड अंतर्गत विजैया पंचायत के पूर्व मुखिया दशरथ यादव ने नवयुवक क्लब के युवाओं के बीच वॉलीबॉल किट का वितरण किया। जिसका उद्घाटन पूर्व जिप प्रतिनिधि मो कयूम एवं पूर्व मुखिया दशरथ यादव ने संयुक्त रूप से किया। इस दौरान मो कयूम एवं पूर्व मुखिया दशरथ यादव ने संयुक्त रूप से कहा कि वॉलीबॉल किट वितरण करने का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों को खेल के प्रति बढ़ावा मिल सके और खिलाड़ियों के अभ्यास के लिए बेहतर सामग्री मिल सके। इस वितरण से खिलाड़ियों को खेलने में आसानी होगी। साथ ही खिलाड़ियों को खेल के प्रति प्रोत्साहित करेगा। मौके पर पूर्व उप मुखिया सहदेव शर्मा, समाजसेवी रघु मोदी, अर्जुन मोदी, सहदेव राणा, विनोद राणा, मदन कुमार यादव, अजय यादव, सुनील यादव, नीतीश यादव, कुलदीप यादव, मुकेश कुमार, मंटू यादव एवं इंद्रदेव ठाकुर समेत नवयुवक क्लब के दर्जनों खिलाड़ी मौजूद थे।

## खेल के मैदान से उठा जलवायु जागरूकता और पर्यावरण संरक्षण का संदेश

**साहिबगंज, संवाददाता**




**साहिबगंज :** जिले के तालझारी प्रखंड के फतेहपुर गाँव स्थित सरजम बगान मैदान में आज से अर्थ आइडियाज फाउंडेशन और युवराज स्पोर्टिंग क्लब के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय फुटबॉल टूर्नामेंट ह्ळढ"८ उ'ील्ल, छ्प्री ॠ्रील्लह्ल का शुभारंभ हुआ। इस आयोजन का उद्देश्य खेल के माध्यम से जलवायु परिवर्तन, जल संरक्षण और पर्यावरणीय चेतना को ग्रामीण समुदायों तक पहुँचाना है। झारखंड जैसे राज्य, जहाँ जनजीवन और प्रकृति का गहरा संबंध है, वहाँ यह पहल स्थानीय संस्कृति, पर्यावरण और युवा ऊर्जा को एक साथ जोड़ने का सार्थक प्रयास है। इस टूनार्मेंट में तालझारी प्रखंड के 16 गाँवों की 16 टीमों ने भाग लिया। पहले दिन के मुकाबलों में मैदान में जोश और उत्साह चरम पर था। लगभग 800 से 900 दर्शक खेल का आनंद लेने पहुँचे। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि ग्राम प्रधान श्री बरनबास हेंब्रम एवं श्री पत्रस मरांडी ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि ह्लजब मौसम बदल रहा है, जल स्रोत सूख रहे हैं और हीट वेव जैसी स्थितियाँ बढ़ रही हैं, तब हमें अपने परंपरागत ज्ञान, स्थानीय पौधों और सामुदायिक एकता के बल पर जलवायु संकट से लड़ना होगा। खेल हमें एक साथ आने और सकारात्मक बदलाव लाने की प्रेरणा देता है।

अर्थ आइडियाज फाउंडेशन की टीम ने ग्रामीण युवाओं के साथ जलवायु परिवर्तन और उसके प्रभावों पर चर्चा की। संगठन के प्रतिनिधियों ने बताया कि कैसे घटते जलस्तर, बढ़ती गर्मी और बदलते मौसम किसानों की आजीविका पर असर डाल रहे हैं.।

## सांप काटने से किशोर मूर्छित भर्ती

**साहिबगंज :** तालझारी थाना क्षेत्र अंतर्गत महाराजपुर मोती झरना निवासी मुबारक खान (15) को सांप काटने से मूर्छित हो गया। परिजनों के द्वारा आनन -फानन में इलाज हेतु सदर अस्पताल लाया। सदर अस्पताल में ड्यूटी पर रहे डॉक्टर केशव कृष्णा के देख रेख में इलाज किया जा रहा है। परिजनों ने बताया कि युवक ट्रैक्टर में सेन्ट्रिंग का सामान उतार रहा था तभी अंदर में एक सांप बैठा हुआ था और काट लिया और मूर्छित हो गया।

## गंगा में डूबने से बच्ची की मौत जांच में जुटी पुलिस

**साहिबगंज** : गंगा नदी थाना क्षेत्र अंतर्गत गोपालपुर गदाई दियारा पीहरटोला सकरीगली निवासी मिथुन कुमार की पुत्री रानी कुमारी (6) की मौत गंगा में डूबने से हो गई। मिली जानकारी के अनुसार बीते शनिवार की दोपहर रानी कुमारी अपने दोस्तों के साथ गंगा नहाने गई थी और नहाने के दौरान गंगा में डूब गई ।परिजनों की सूचना मिलने पर काफी खोजबीन की वही रविवार की सुबह लगभग 11:30 बजे स्थानीय गोताखोर की मदद से बच्ची को गंगा से निकाला गया। वही गंगा नदी थाना पुलिस ने मौके पर पहुंच शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जहां ड्यूटी पर रहे डॉक्टर केशव कृष्णा के शव का पोस्टमार्टम कर परिजनों को सौंपा दिया। मृतक एक भाई पवन कुमार (10) एवं दो बहन सोनम (7) आंचल (2) है। मृतक के पिता मिथुन कुमार खेती बाड़ी का काम कर के अपने परिवार का भरन पोषण करता है। वही परिजनों का रो रो कर बुरा हाल है।

## मधुमक्खी के काटने से मजदूर मूर्छित भर्ती

साहिबगंज : मुफ्फसिल थाना क्षेत्र अंतर्गत महादेवगंज पहाड़ पर उत्तर प्रदेश गुजरात के रहने वाले मजदूर को मधुमक्खी के काटने से मूर्छित हो गया। मजदूरों की मदद से युवक को इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया। जहां ड्यूटी पर रहे डॉक्टर के देख रेख में इलाज किया जा रहा है। युवक की पहचान अभिषेक कुमार (23) पिता किशोर सिंह के रूप में हुई है। वही युवक ने बताया कि रविवार की सुबह काम करके एक जगह बैठे थे तभी कहीं से मधुमक्खी का झुंड आया और काट लिया जिससे मूर्छित हो गया।

## पटाखा बिक्री हेतु अस्थायी लाइसेंस आवेदन की प्रक्रिया शुरू

**साहिबगंज:** दीपावली पर्व को देखते हुए जिला प्रशासन ने पटाखा बिक्री के लिए अस्थायी अनुज्ञप्ति (लाइसेंस) जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। इच्छुक व्यापारी 15 अक्टूबर 2025 तक अपने आवेदन निर्धारित प्रपत्र (ऋङ्क१ अए-5) में आवश्यक दस्तावेजों व शुल्क सहित जिला प्रशासन कार्यालय में जमा कर सकते हैं।

# केन्द्रीय छठ पूजा फल वितरण समिति की बैठक सम्पन्न

महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए, व्यवस्थाओं को लेकर हुई चर्चा

**हजारीबाग, संवाददाता**



**हजारीबाग :** केंद्रीय छठ पूजा फल वितरण समिति की एक महत्वपूर्ण बैठक आर्य समाज कन्या विद्यालय के प्रांगण में समिति के अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई ।बैठक की शुरूआत पिछली बैठक की कार्यवाही को पढ़कर सुनाने से हुई, जिसे सर्वसम्मति से पारित किया गया। इसके पश्चात समिति के उद्देश्यों को पूर्ण करने हेतु अधिक से अधिक लोगों को समिति से जोड़ने का निर्णय लिया गया। यह भी तय किया गया कि सदस्यता राशि ऐच्छिक होगी ।समिति के आवश्यक सामग्रियों को सुरक्षित रखने के लिए एक ट्रंक (संग्रह पेटी) रखने का निर्णय लिया गया। समयाभाव के कारण अगली बड़ी बैठक की संभावना कम होने के मद्देनजर, बैठक में लिए गए निर्णयों को ही अंतिम निर्णय मानते हुए उनके अनुपालन का प्रस्ताव पारित किया गया ।आगामी छठ पर्व के फल वितरण हेतु विभिन्न कार्य समितियों को सक्रिय रूप से कार्य प्रारंभ करने के निर्देश दिए गए। साथ ही व्यवस्था को और अधिक पुख्ता एवं पारदर्शी बनाने पर बल दिया गया ।इस वर्ष भी पूर्व की भांति हिंदू स्कूल के गेट पर एक बड़ा होर्डिंग लगाने तथा सुरक्षा के लिए गार्ड की व्यवस्था करने का निर्णय लिया गया। समिति की पारदर्शिता और वित्तीय व्यवस्था की निगरानी की जिम्मेदारी रवि रंजन को सौंपी गई ।बैठक में यह भी तय किया गया कि आवश्यक पत्र एवं रसीद छपवाकर कोषाध्यक्ष के माध्यम से प्राप्त कराई जाएंगी। बैठक का समापन अध्यक्ष मनोज कुमार गुप्ता द्वारा धन्यवाद ज्ञापन के साथ किया गया।

**बैठक में उपस्थित सदस्य**

मनोज कुमार गुप्ता (अध्यक्ष), प्रेम प्रसाद राणा (उपाध्यक्ष), तिलेश्वर कुमार, सचिन खंडेलवाल , रवि रंजन, सुधीर सिन्हा, महेश रविदास ,महेंद्र प्रसाद राणा , सुनील कुमार श्रीवास्तव, संजय कुमार,हीरा राणा (उपाध्यक्ष), सोनू सुमन , भोला राणा, प्रमोद कुमार मेहता, मनमीत अकेला , विक्की पांडे, टेकलाल साहू, चन्दन कुमार मेहता, अरविंद, कुमार राणा, शिवकुमार आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# सरदार पटेल की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाएगी यूपी सरकार

## सीएम योगी बोले- वो अखंड भारत के शिल्पी थे





**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में देश के पहले गृहमंत्री सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। इसके लिए योगी सरकार तैयारी में जुट गई है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सरदार पटेल स्वतंत्रता सेनानी ही नहीं बल्कि अखंड भारत के शिल्पी थे। आज हमें जैसा भारत नजर आता है वो सरदार पटेल के कारण ही है। 31 अक्तूबर को उनकी जयंती पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा जिसके लिए चर्चा की जा रही है। सीएम योगी ने प्रेसवार्ता में जानकारी देते हुए बताया कि सरदार पटेल की 150वीं जयंती के अवसर पर प्रदेश भर में 31 अक्तूबर को रन फॉर यूनिटी का आयोजन किया जाएगा। सरकार और भारतीय जनता पार्टी मिलकर इसे भव्य-दिव्य बनाएगी। वहीं 31 अक्तूबर से 26 नवंबर के बीच सरदार @150 यूनिटी मार्च आयोजित किया जाएगा। इसका हिस्सा प्रदेश के हर जनपद के खिलाड़ी, कलाकार समेत पांच-पांच युवा बनेंगे। ये सभी युवा लौहपुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की जन्म भूमि से लेकर केवड़िया गुजरात तक की 150 किलोमीटर की यात्रा से जुड़ेंगे। इन सभी को चार प्रमुख केंद्र होते हुए सरदार साहब की पावन जन्मभूमि तक बस द्वारा पहुंचाया जाएगा। इसके बाद यहां से सभी 150 किलोमीटर की पद यात्रा में शामिल होंगे। इस राष्ट्रीय पद यात्रा में सरदार साहब की जन्मभूमि करमसद से स्टैच्यू ऑफ यूनिटी केवड़िया तक की यात्रा गुजरात में आयोजित होगी। यह राष्ट्रीय पद यात्रा होगी, जिसमें हजारों युवा अभियान का हिस्सा बनेंगे। सभी युवा जन जागरण अभियान के विभिन्न कार्यक्रमों को आगे बढ़ाएंगे। यह जानकारी रविवार को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने प्रेसवार्ता में पत्रकारों को दी। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बताया कि प्रदेश की हर लोकसभा क्षेत्र में तीन दिवसीय 8 से 10 किलोमीटर की पदयात्रा निकाली जाएगी, जो सभी विधानसभा से होकर गुजरेगी। पदयात्रा से पहले स्थानीय स्तर पर आम जनमानस में जागरूकता पैदा करने के लिए कई कार्यक्रम भी आयोजित किये जाएंगे। इसमें भारत की एकता और अखंडता में सरदार साहब के योगदान पर निबंध, वाद-विवाद प्रतियोगिता, सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन पर आधारित संगोष्ठी, नुक्कड़ नाटक आदि होंगे। इसके अलावा युवाओं के लिए नशा मुक्त भारत शपथ ग्रहण कार्यक्रम, विभिन्न क्षेत्रों में वोकल फॉर लोकल और लोकल फॉर ग्लोबल अभियान का आयोजन होगा। योग और स्वास्थ्य से संबंधित शिविर भी लगेगा। पूरे प्रदेश में विशेष स्वच्छता अभियान भी चलाया जाएगा। इसके अलावा पद यात्रा के दौरान स्थानीय कमेटियों, विभिन्न समाजसेवी संगठनों, सांस्कृतिक संगठनों द्वारा सरदार साहब की प्रतिमा पर माल्यार्पण-श्रद्धांजलि कार्यक्रम आयोजित किये जाएंगे।

*सी टू + 50 प्रतिशत फामूर्ले के तहत तय हो फसलों का मूल्य*

## उप्र किसान सभा का एक दिवसीय 7 वाँ जिला सम्मेलन संपन्न



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** उत्तर प्रदेश किसान सभा का एक दिवसीय 7 वाँ जिला सम्मेलन कसया नगर स्थित निरंकारी इंटरमीडिएट कालेज के कामरेड स्व. राघवेंद्र सिंह सभागार में सम्पन्न हुआ। जिसमें 21 सदस्यीय कार्यकारणी का गठन किया गया। स्वामीनाथन आयोग के सी टू + 50 प्रतिशत फामूर्ले के तहत फसलों का मूल्य तय करने की मांग सरकार से की गई। आयोजित सम्मेलन का शुभारंभ संगठन के झंडारोहण और शहीद किसान आंदोलनकारियों को श्रद्धांजलि अर्पित की गई। संगठन के राष्ट्रीय नेता साधु शरण ने कहा कि सरकार की नीतियों के चलते किसानों की हालत बदतर होती जा रही है। खेती में लगातार लागत बढ़ने से किसान कर्ज में डूबता जा रहा है। सरकार उद्योगपतियों और कार्पोरेट का कर्ज माफ कर रही है लेकिन किसानों का कर्ज माफ नहीं कर रही है। धान का मूल्य 3150 और गन्ने का मूल्य सरकार बढ़ाए। केंद्रीय नेता साधु शरण ने आह्वान किया कि अपने हक और अधिकार के लिए एकजुट हो संघर्ष के लिए आगे आएं। संचालन कर रहे माकपा के जिला सचिव का. अयोध्या लाल श्रीवास्तव ने कहा कि इस वर्ष मिट्टी के खाद का दाम 600 रुपए प्रति कुंतल बढ़ा दिया गया है। कुशीनगर जनपद में घटिया धान का बीज सरकारी बीज केंद्रों से किसानों को दिया गया। जिसके चलते किसानों को भारी क्षति हुई है। सरकार सर्वे कराकर किसानों को फसल क्षतिपूर्ति दे। जिला मंत्री ने तीन वर्ष का लेखा रिपोर्ट प्रस्तुत किया जिसे बहस के बाद पारित कर दिया गया। नई कार्यकारणी में जवाहर शर्मा अध्यक्ष, मोहम्मद इदरीश मंत्री चुने गए। जबकि उपाध्यक्ष अयोध्यालाल श्रीवास्तव और गेंदा सिंह चुने गए। इस दौरान किसान सभा के सदस्य गण मौजूद रहे।

## पूर्व प्रधान संवारी देवी को दी गई श्रद्धांजलि



**संवाददाता**

**कुशीनगर।** कसया विकास खंड क्षेत्र के ग्राम सिरसिया खोहिया की पूर्व ग्राम प्रधान श्रीमती संवारी देवी की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। इस अवसर पर विशिष्ट जनों ने उनके चित्र पर पुष्पार्चन कर उन्हें भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई। नगरपालिका परिषद कुशीनगर के केश्वर इंटरमीडिएट कालेज के परिसर में पूर्व प्रधान श्रीमती देवी के श्रृद्धाजंलि कार्यक्रम में उनके पुत्र प्रधानाचार्य पुरंदर प्रताप यादव ने कहा कि माता जी की करुणा, ममता और सादगी से परिपूर्ण थीं। उनकी प्रेरणा से स्थापित कई विद्यालय शिक्षा का प्रकाश फैला रहे है। इस दौरान श्रीमती देवी के पति और पूर्व जिला पंचायत सदस्य मदन यादव, पुत्र देवेंद्र प्रताप यादव, विजेंद्र प्रताप यादव, शेषनाथ यादव, हरेंद्र यादव, जगतराज चौहान, जय सिंह प्रसाद, अमरजीत यादव, कमलेश। भारती, सतवीर कुशवाहा, अंबालिका यादव, शशिमा पटेल, गुड्डी मद्धेशिया, मुन्नी देवी सहित छात्र - छात्रा मौजूद रहे।

## रामेश्वरम धाम पहुँची दिव्य ज्योति कलश यात्रा, आध्यात्मिक चेतना से जगमगाया लछिया

**संवाददाता**

--------------------



**कुशीनगर।** अखिल विश्व गायत्री परिवार, शांतिकुंज हरिद्वार के तत्वावधान में निकाली जा रही दिव्य ज्योति कलश रथ यात्रा क्षेत्र के लछिया स्थित श्री रामेश्वरम महादेव धाम पहुँची। सैकड़ों ग्रामीणों ने श्रद्धापूर्वक कलश की आरती व पूजन कर स्वागत किया। शांतिकुंज हरिद्वार में वरिष्ठ गायत्री साधक श्री अवधेश पाण्डेय, अपने पिता स्व. रामहर्ष पाण्डेय जी की स्मृति में इस प्राचीन सिद्धपीठ का भव्य जीर्णोद्धार करवा रहे हैं। धाम में महादेव मंदिर, गायत्री मंदिर और राधा-कृष्ण मंदिर का निर्माण कार्य प्रगति पर है। यह स्थल मतवा जी कुटी के रूप में दो सौ वर्षों से भी अधिक पुराना सिद्धपीठ माना जाता है। गायत्री परिजन डा. रामएकबाल कुशवाहा ने बताया कि यह यात्रा 2026 में माता भगवती देवी शर्मा जी की जन्म शताब्दी एवं अखंड दीप के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही है। उद्देश्य हैभारतीय संस्कृति, आत्मबोध और सामाजिक उत्थान को जन-जन तक पहुँचाना। बलिष्ठ गायत्री परिजन त्रिवेणी सिंह के अनुसार, 2026 से 2050 तक युग परिवर्तन के लिए 24,24,000 प्राणवान साधकों की तैयारी की जा रही है, जो नियमित गायत्री मंत्र जप से आध्यात्मिक ऊर्जा का संचार करेंगे। द्रौपदी गुप्ता ने कहा कि यात्रा का उद्देश्य देवत्व का जागरण और संस्कारवान समाज की स्थापना है। यह गुरुदेव के विचार, साहित्य और युगनिर्माण आंदोलन को घर-घर तक पहुँचा रही है। पूर्व ग्रामप्रधान परसन कुशवाहा ने कहा कि यह यात्रा लोगों को स्वयं को जानने की प्रेरणा दे रही है। मानव जीवन अपने श्रेष्ठ कर्मों से दिव्यता प्राप्त कर सकता है, यही इसका मूल संदेश है। धाम के व्यवस्थापक स्वामी बैरागी जी ने बताया कि धाम परिसर में निःशुल्क साधना शिविरों हेतु आश्रम का निर्माण हो रहा है। प्रत्येक माह गायत्री महायज्ञ का आयोजन भी हो रहा है। आगामी 3 नवम्बर को पाँच कुण्डीय महायज्ञ में सभी श्रद्धालु सादर आमंत्रित हैं।इस अवसर पर त्रियुगीनारायण पांडेय, आमोद कुमार उपाध्याय, गणेश गुप्ता, कैलाश मिश्र, पं. सुभाष पाण्डेय, डा. सुरेन्द्र मिश्र, अरविन्द सिंह, हरिकेश कुशवाहा, डॉ. हीरालाल श्रीवास्तव, सिंधु वर्नवाल, कविता सिंह, सुमन सिंह, रमेश वर्मा उपस्थित रहे।

## गाना बुवाई के लिए 50% अनुदान पर 10 कुंतल बीज: अधिशासी अध्यक्ष

**न्यूज स्पीक्स**

--------------------



**कुशीनगर।** चीनी मिल ढाढा अपने गेट परिक्षेत्र में शरद कालीन करना बुबाई के लिए जिन कषको के पास गन्ना बुवाई के लिए बीज गन्ना नहीं है उन्हें 50% अनुदान पर 10 कुंतल गन्ना बीज दिया जाएगा। उक्त जानकारी चीनी मिल के अधिशासी अध्यक्ष आरके गुप्ता ने ग्राम पटनी में आयोजित शरदकालीन गन्ना गोष्ठी में दी। अधिशासी अध्यक्ष ने बताया की गेट क्षेत्र में गन्ना विकास करना, समय से गन्ना मूल्य भुगतान करना, किसनो की आय बढ़ाना हमारी पहली प्राथमिकता है।श्री गुप्ता ने कहा कि मिल द्वारा शरद कालीन गन्ना बुवाई के लिए गांव-गांव में विशेष प्रशिक्षण अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में उप्र गन्ना विकास संस्थान प्रशिक्षण केंद्र पिपराइच गोरखपुर के पूर्व सहायक गन्ना विशेष ओमप्रकाश गुप्ता ने बताया कि अक्टूबर नवंबर में श्ररदकालीन में गन्ना बोने से 20 से 25% अधिक उपज प्राप्त होगा अधिक उपज देने वाली प्रजातियां को 0118 कोश 13235 कोलक 14201 को 15023 आदि की 4 फीट पर बुवाई करें साथ आलू तोरिया गेहूं लहसुन गोभी टमाटर आदि की सैह फसली खेती करें। सहायक उपाध्यक्ष गाना मनोज बिश्नोई ने कहा तोरिया तथा गेहूं का बीज 50% अनुदान पर दिया जा रहा है। बताया कृषकों को जानकारी देने के लिए अक्टूबर माह में 20 गांव में प्रशिक्षण कार्यक्रम होगा। कषको ने 6 एकड़ गन्ना बोने के लिए नाम नोट कराया है। गोष्ठी में ज्योति शंकर, आनंद, पन्नालाल, विनोद मणि, राम प्रकाश, चंद्रभान, उपेंद्र उपस्थित थे। उप पबंधक नागेंद्र राणा ने सभी के प्रति आभार प्रकट किया।

# खेल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का किया प्रर्दशन

## खेल से होता है सर्वांगीण विकास : विजेंद्र प्रताप सिंह

**संवाददाता**

--------------------





**कुशीनगर।** कसया तहसील क्षेत्र के सिसवा - धोकरहा न्याय पंचायत के कंपोजिट विद्यालय में डुमरी में सांसद खेल महोत्सव के तहत न्याय पंचायत स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में बाल खिलाड़ियों ने अपनी प्रतिभा का खुलकर प्रदर्शन किया।शनिवार को आयोजित खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ नपा कुशीनगर के वार्ड नंबर 22 महंथ अवैद्यनाथ नगर के सभासद विजेंद्र प्रताप सिंह उर्फ भगत सिंह, विशिष्ट अतिथि डॉ मैनेजर यादव ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाकर और उनका परिचय प्राप्त कर किया। श्री सिंह ने कहा कि खेल से बच्चों का सर्वांगीण विकास होता है। 50 मीटर दौड़ बालक वर्ग व बालिका वर्ग में कॉम्पिजिट विद्यालय बेलवा पालकधारी सिंह से क्रमशः सुमित व ज्योति प्रथम, 100 मीटर प्राथमिक संवर्ग बालक वर्ग में क्रमशः बेलवा पालकधारी सिंह के सुमित व बालिका वर्ग में प्रावि विश्वंभर की रेहाना प्रथम, 200 मीटर प्राथमिक संवर्ग बालक में क्रमशः बेलवा पालकधारी सिंह के विष्णु व बालिका वर्ग में प्रावि बटेसरा की आरुषि यादव प्रथम, दौड़ 100 मीटर उप्रा संवर्ग बालक वर्ग में बेलवा पालकधारी सिंह में अनीश पासवान, दौड़ 200 मीटर उच्चतर प्रा वर्ग में विश्वंभरपुर के अनप कशवाहा, कम्पोजिट विद्यालय सबया की काजल निषाद द्वितीय, दौड़ 400 मीटर उच्चतर प्राथमिक वर्ग में कंपोजिट विद्यालय डुमरी आयुष गोंड प्रथम स्थान पर रहे। बालिका वर्ग उच्च प्राथमिक वर्ग 100 मीटर में डुमरी किरन यादव, 200 मीटर में उच्च प्रावि सिसवा - महंथ की अन्नू गुप्ता एवं 400 मीटर में कंपोजिट विद्यालय बनवारीटोला की शिवानी प्रथम रही। कबड्डी बालक और बालिका वर्ग में प्रावि विश्वंभरपर प्रथम स्थान, कबड्डी बालक और बालिका वर्ग में प्रावि विश्वंभरपुर प्रथम स्थान, कबड्डी बालक और बालिका वर्ग में प्रावि विश्वंभरपुर प्रथम स्थान, कबड्डी बालक और बालिका वर्ग में प्रावि विश्वंभरपुर प्रथम स्थान, कबड्डी प्राथमिक संवर्ग बालक और बालिका वर्ग में प्रावि विश्वंभरपुर प्रथम स्थान, कबड्डी उच्च प्राथमिक संवर्ग बालक और बालिका वर्ग में कंपोजिट विद्यालय डुमरी प्रथम स्थान पर रही। खो खो में बालक और बालिका वर्ग में प्रावि विश्वंभरपुर और उच्च प्राथमिक बालक व बालिका वर्ग में विश्वंभरपुर की टीमें प्रथम, सुलेख में प्रावि बटेसरा के कृष्णा यादव, उमावि सिसवा - महंथ की आरुषि प्रथम, कम्पोजिट विद्यालय सबया दिव्या कश्यप द्वितीय, रंगोली प्रतियोगिता प्राथमिक व उच्च प्राथमिक स्तर पर डुमरी की क्रमशः गुलक्सा खातून, शिवानी प्रथम, श्रुति लेख प्राथमिक स्तर में प्रावि विश्वंभर पुर की अनामिका एवं उच्च प्राथमिक स्तर पर उमावि सिसवा - महंथ की आरुषि गोंड प्रथम, कम्पोजिट विद्यालय सबया काजल निषाद द्वितीय रही। अतिथियों ने सभी विजेता खिलाड़ियों को मेडल, पुरस्कार देकर सम्मानित किया। आयोजक प्रधानाचार्य मनोज कुमार चौबे, रामचंद्र सिंह, अशोक कुमार गोंड, अमरेंद्र नरायण सिंह, शिव कुमार नाथ त्रिपाठी,
धनंजय मणि, अशोक कुमार सिंह, कृष्ण नन्द दूबे, ब्लाक अध्यक्ष राशै संघ रामाश्रय आदि ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। निर्णायक की भूमिका में चंद्रपाल सिंह और संचालन प्रधानाध्यापक भरदुल प्रसाद व विभा गुप्ता रहीं। इस दौरान राहुल पाण्डेय, राजेश प्रजापति, प्रदीप यादव, अशोक पाण्डेय, विनोद सिंह, विनोद सिंह, द्वारिका कुशवाहा, कमलेश कुशवाहा, नागेंद्र तिवारी, अनीता साहनी, रत्ना सिंह, रंजिता सिंह, शिल्पी सिंह, बबिता मद्धेशिया, पुष्पा देवी, मुरलीधर पाण्डेय, चंदन गुप्ता, रामचंद्र गुप्ता सहित प्रावि, जूनियर व कंपोजिट विद्यालयों के अध्यापक और विद्यार्थी मौजूद थे।

## संक्षिप्त डायरी

### प्रवीर रंजन, आईपीएस ने सीआईएसएफ के महानिदेशक का कार्यभार संभाला






**संवाददाता/ संवाददाता।** प्रवीर रंजन, आईपीएस ने सीआईएसएफ के महानिदेशक का पदभार ग्रहण किया। वह AGMUT कैडर से भारतीय पुलिस सेवा के 1993 बैच के अधिकारी हैं तथा अप्रैल 2024 से केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर हैं। सीआईएसएफ के महानिदेशक के रूप में अपनी नियुक्ति से पहले, उन्होंने बल के संवेदनशील एयरपोर्ट सिक्योरिटी क्षेत्र का नेतृत्व विशेष महानिदेशक के रूप में किया। शैक्षणिक क्षेत्र में, श्री रंजन ने दिल्ली विश्वविद्यालय से इतिहास में स्नातकोत्तर उपाधि, उस्मानिया विश्वविद्यालय से पुलिस प्रबंधन में स्नातकोत्तर उपाधि, सिंगापुर के राष्ट्रीय विश्वविद्यालय और हार्वर्ड विश्वविद्यालय से लोक प्रबंधन में में स्नातकोत्तर उपाधि और राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय, नई दिल्ली से एलएलएम की उपाधि प्राप्त की है। 32 वर्षों के अपने विशिष्ट करियर में, उन्होंने कई प्रमुख पदों पर कार्य किया है, जिनमें स्पेशल सीपी क्राइम और ईओडब्ल्यू, दिल्ली पुलिसः डीआईजी, सीबीआई; केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर सीआईएसएफ में एडीजी के रूप में शामिल होने से पहले, उन्होंने चंडीगढ़ के पुलिस महानिदेशक (19.08.2022 से 15.03.2024) का कार्यभार भी संभाला। श्री रंजन, सीआईएसएफ के 32वें महानिदेशक हैं, उन्हें विशिष्ट सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक (2016) और सराहनीय सेवा के लिए राष्ट्रपति पुलिस पदक (2009) से सम्मानित किया गया है। सीआईएसएफ लॉन में आयोजित एक आंतरिक समारोह के दौरान, उन्हें सीआईएसएफ मुख्यालय में औपचारिक गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया और बाद में उन्होंने बल के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बातचीत की। अपने संबोधन में, महानिदेशक ने "बल को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार करने के लिए बल के संचालन में आधुनिकीकरण, कल्याण में संवेदनशीलता तथा प्रशासन में पारदर्शिता बनाए रखने" की अपनी प्रतिबद्धता को रेखांकित किया। उन्होंने राष्ट्रीय उद्देश्यों की प्राप्ति के लिए माननीय प्रधान मंत्री और गृह मंत्रालय के निर्देशों को प्राथमिकता के आधार पर लागू करने की प्रतिबद्धता भी दोहराई। पुलिसिंग और राष्ट्रीय सुरक्षा में अपने समृद्ध अनुभव और अपनी मजबूत शैक्षणिक पृष्ठभूमि के साथ, श्री प्रवीर रंजन के नेतृत्व में सीआईएसएफ देश के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की सुरक्षा में नई ऊँचाइयों को छूने और अपनी यात्रा में नए मील के पत्थर हासिल करने के लिए तैयार है।

### बालिका सशक्तिकरण से ही राष्ट्र निर्माण संभवः डॉ० प्रदीप



**संवाददाता**

**शक्तिनगर।** महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ एनटीपीसी परिसर की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई प्रथम एवं तृतीय की ओर से 11 अक्टूबर 2025 को अंतरराष्ट्रीय बालिका दिवस के अवसर पर एक परिचर्चा आयोजित की गई ' इस अवसर पर आयोजित समारोह की अध्यक्षता कर रहे संस्था के प्रभारी डॉ० प्रदीप कुमार यादव ने कहा कि आज का दिन बालिकाओं के लिए काफी महत्वपूर्ण है। बालिकाएं अपने कर्तव्य एवं अधिकार के प्रति सजग होकर देश के विकास में सहभागी बने। उन्होंने कहा कि बालिकाएं हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही हैं , केवल उन्हें अवसर एवं सम्मान देने की आवश्यकता है। इस अवसर पर विशिष्ट वक्ता के रूप में विश्वविद्यालय परिसर के वरिष्ठ प्राध्यापक डॉ० मानिकचंद पांडे ने कहा कि एनटीपीसी परिसर जनजातीय क्षेत्र में बालिका सशक्तिकरण में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है । यहां की छात्राएं देश के विभिन्न भागों में अपनी सहभागिता सुनिश्चित कर रही हैं। कार्यक्रम का संचालन करते हुए कार्यक्रम अधिकारी डॉ० छोटेलाल प्रसाद ने बालिका सशक्तिकरण और जन उपयोगी शिक्षा के क्षेत्र में एनटीपीसी परिसर की छात्राओं के प्रदर्शन को सराहा। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं एवं अध्यापक गण उपस्थित रहे और अपने विचार व्यक्त किये। कार्यक्रम अधिकारी डॉ० विनोद कुमार पांडे ने धन्यवाद ज्ञापित किया । कार्यक्रम में मुख्य रूप से ज्योति, पल्लवी, हिमांशु, प्रभा सोंधिया, पूनम कुमारी, खुशबू, पूजा, शालिनी, सलोनी, राजन ज्योति कुमारी आदि ने सहभागिता की।

### गैंगरेप में शामिल 1 आरोपी का हाफ एनकाउंटर



**लखनऊ।** में छात्रा का गैंगरेप में शामिल 1 आरोपी की पुलिस से मुठभेड़ हो गई। जवाबी फायरिंग में उसके दाहिने पैर में गोली जिससे वह भाग नहीं सका। उसके साथ बाइक पर जा रहा दूसरा व्यक्ति फरार हो गया। इसके अलावा, पुलिस टीम ने इसी वारदात के दूसरे आरोपी को शाम को गिरफ्तार कर लिया था। हाफ एनकाउंटर में पकड़े गए आरोपी की पहचान ललित कश्यप के रूप में हुई है। दूसरी टीम की ओर से गिरफ्तार किए गए दूसरे आरोपी का नाम मिराज है। डीसीपी साउथ निपुण अग्रवाल ने बताया कि गैंगरेप में 5 आरोपी नामजद किए गए थे। इनमें से 2 पकड़े गए हैं और अन्य 3 की तलाश की जा रही है। बंथरा इलाके की रहने वाली 17 वर्षीय दलित छात्रा पास के ही एक स्कूल में पढ़ती है। पीड़िता की बड़ी बहन हरौनी पुलिस चौकी के अंतर्गत एक गांव में रहती हैं। हाल ही में उनकी डिलीवरी हुई थी। शनिवार दोपहर करीब 12 बजे छात्रा बहन को देखने के लिए अपने घर से निकली थी। पुलिस के अनुसार, रास्ते में किशोरी ने अपने परिचित युवक को बुलाया और दोनों बाइक से मोहान रोड स्थित हरौनी पेट्रोल पंप पहुंचे। पेट्रोल पंप से कुछ दूर एक आम के बाग में बैठकर बातचीत कर रहे थे, तभी पांच अज्ञात युवक वहां पहुंचे और उन्हें धमकाना शुरू कर दिया। विरोध करने पर युवकों ने छात्रा के परिचित को पीटकर भगा दिया। इसके बाद पांचों आरोपियों ने छात्रा के साथ बारी-बारी से रेप किया। किसी को बताने पर जान से मारने की धमकी दी। घटना के बाद छात्रा ने तुरंत अपने बहनोई को सूचना दी। बहनोई किशोरी को हरौनी पुलिस चौकी ले गए और पूरी घटना बताई। पीड़िता के पिता ने छोटू, बाबू, ललित और विशाल नामक युवकों के खिलाफ तहरीर दी थी। घटना के दौरान यह नाम पीड़िता ने आरोपियों द्वारा आपस में नाम लेकर बात किए जाने के दौरान सुने थे। आरोपी घटनास्थल के आसपास गांव के ही रहने वाले बताए जा रहे हैं। पुलिस सूत्रों के अनुसार, आरोपियों के नाम विशाल गुप्ता, राजेंद्र कश्यप उर्फ बाबू, मेराज, ललित और शिव कश्यप हैं, जिन्होंने नशे की हालत में किशोरी के साथ गैंगरेप किया था। घटनास्थल से कुछ दूरी पर ही शराब ठेका भी है। पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया गया है।

# नोबेल शांति पुरस्कार की गूंज और भारतीय राजनीति का तापमान



विनोद कुमार सिंह

**वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को नोबेल शांति पुरस्कार 2025 सेसम्मानित किया गया,तो इसकी गूंज भारत तक पहुँची।यह सम्मान केवल किसी व्यक्ति का नहीं,बल्कि लोकतांत्रिक चेतना और अहिंसक संघर्ष की वैश्विक विजय का प्रतीक बना।राहुल गाँधी,लोकतंत्र के प्रहरी,जन विश्वास की नई किरण बन गई है।**

विश्व के सबसे बड़े लोकतंत्र भारत की राजधानी दिल्ली की फिजाओं में कुछ ही दिन पहले धर्म और अधर्म के बीच हुए भव्य रामलीला महोत्सव की प्रतिध्वनि गूंज रही थी। मयार्दा पुरुषोत्तम भगवान श्रीराम द्वारा अहंकारी रावण का वध कर सत्य और धर्म की विजय का संदेश देने के साथ ही विश्व राजनीति के मंच से एक ओर 'सत्य की विजय' की घोषणा हुई- तभी नोबेल शांति पुरस्कार 2025 का ऐलान।इस वर्ष यह सम्मान वेनेजुएला की विपक्षी नेता मारिया कोरिना मचाडो को दिया गया है।उन्होंने अपने देश में लोकतंत्र की रक्षा के लिए अहिंसक संघर्ष किया।जब सत्तावादी शासन ने संविधान और नागरिक स्वतंत्रताओं पर नियंत्रण स्थापित करने का प्रयास किया,तब मचाडो ने भय और दमन के वातावरण में भी जनता की आवाज बुलंद की।यही साहस उन्हें विश्व का सम्मान दिलाने में सहायक बना। उनका यह सम्मान आज वैश्विक स्तर पर लोकतांत्रिक चेतना को नया बल प्रदान कर रहा है। मारिया मचाडो को मिला यह सम्मान केवल वेनेजुएला की जीत नहीं, बल्कि लोकतंत्र की रक्षा करने वाले हर नागरिक की विजय है। भारत में भी इस पुरस्कार की गूंज सत्ता और विपक्ष,दोनों के गलियारों में सुनाई दी।कांग्रेस प्रवक्ता सुरेन्द्र राजपूत ने मचाडो और राहुल गाँधी की तस्वीर साझा करते हुए कहा कि 'वेनेजुएला में लोकतंत्र की रक्षा करने वाली मचाडो को नोबेल मिला,भारत में संविधान की रक्षा के लिए राहुल गाँधी संघर्ष कर रहे हैं।' इस टिप्पणी ने भारतीय राजनीति में नए विमर्श को जन्म दिया।सत्ता और विपक्ष के गलियारों में यह चर्चा शुरू हो गई कि क्या भारत में लोकतंत्र की रक्षा के लिए संघर्ष करना ही आज का सबसे बड़ा सम्मान नहीं है? भारतीय राजनीति के वर्तमान परिदृश्य में राहुल गाँधी अब केवल एक विपक्षी नेता नहीं,बल्कि लोकतांत्रिक आत्मा के रक्षक और विचार के वाहक बनकर उभरे हैं।वे बार-बार यह कहते हैं -'राजनीति मेरे लिए सत्ता का माध्यम नहीं,बल्कि सत्य और न्याय की सेवा का मार्ग है।' पिछले एक दशक में उन्होंने संसद से लेकर सड़क तक,और नागरिक मंचों से लेकर संस्थानों तक हर स्थान पर आवाज उठाई,जहाँ उन्हें लगा कि लोकतंत्र की नींव कमजोर की जा रही है।उनका स्पष्ट मानना है कि 'लोकतंत्र केवल चुनाव नहीं,बल्कि जनता और सत्ता के बीच सत्य का संवाद है।' कानूनी चुनौतियों, व्यक्तिगत हमलों और तीखी आलोचनाओं के बावजूद राहुल गांधी ने नफरत के बजाय संवाद, टकराव के बजाय प्रेम और विभाजन के बजाय एकता की राह चुनी।यही दृष्टि उन्हें आज की राजनीति में विशिष्ट बनाती है।भारत जोड़ो यात्राः संवाद और संवेदना का आंदोलन -



राहुल गांधी की 2022 में शुरू हुई, भारत जोड़ो यात्रा उनके राजनीतिक दर्शन का सशक्त उदाहरण है।यह यात्रा किसी चुनावी रणनीति से अधिक एक सामाजिक और नैतिक आंदोलन थी,जिसका उद्देश्य था भारत की विविधता को जोड़ना और विभाजन की राजनीति के बीच संवाद की संस्कृति को पुनर्जीवित करना।हजारों किलोमीटर की इस पदयात्रा में राहुल गाँधी ने आम जनता से सीधे संवाद किया- बेरोजगारी,महंगाई,सामाजिक असमानता,महिलाओं की सुरक्षा और किसानों की कठिनाइयों जैसे मुद्दों पर जनता की पीड़ा को सुना, महसूस किया और व्यक्त किया। जिस प्रकार महात्मा गाँधी ने नमक सत्याग्रह के माध्यम सेऔपनिवेशिक शासन को चुनौती दी थी,उसी तरह राहुल गांधी की यह यात्रा भी अहिंसक लोकतांत्रिक प्रतिरोध का प्रतीक बन गई। 'लोकतंत्र केवल सरकार बदलने का साधन नहीं, बल्कि दिलों और विचारों को जोड़ने की प्रक्रिया है।' उनका यह कथन लोकतंत्र की आत्मा को जीवंत करता है।गाँधीवादी विचारधारा के आधुनिक प्रतिनिधि -महात्मा गाँधी ने कहा था -'राजनीति का अर्थ है सेवा, न कि स्वार्थ।' राहुल गाँधी इस विचारधारा के आधुनिक प्रतिनिधि के रूप में देखे जा सकते हैं।उन्होंने अनेक अवसरों पर स्पष्ट कहा -'सत्ता मेरी प्राथमिकता नहीं है,मेरा कर्तव्य है संविधान और संस्थानों की रक्षा।'

संसद से अयोग्य ठहराए जाने के बाद भी उनका अडिग वक्तव्य था 'मुझे डराया नहीं जा सकता,क्योंकि मैं सत्य के साथ खड़ा हूँ।' जब कोई नेता अपने विशेषाधिकारों से अधिक अपने सिद्धांतों को प्राथमिकता देता है,तब वह केवल राजनेता नहीं, बल्कि विचार का प्रतीक बन जाता है।नोबेल शांति पुरस्कार का दर्शन और भारतीय आत्मा- नोबेल शांति पुरस्कार का दर्शन चार स्तंभों पर आधारित है- अहिंसा, सत्य, मानवाधिकार और लोकतांत्रिक स्वतंत्रता।नेल्सन मंडेला,मार्टिन लूथर किंग जूनियर,आंग सान सू की, मलाला यूसुफजई जैसे महान नेताओं ने इसी मार्ग पर चलते हुए अपने समाजों में परिवर्तन लाया।मारिया मचाडो को मिला सम्मान उसी परंपरा का विस्तार है।कांग्रेस प्रवक्ता द्वारा राहुल गांधी की तुलना इसी दृष्टि से प्रतीकात्मक है-यह दशार्ता है कि लोकतंत्र की रक्षा केवल किसी एक राष्ट्र की नहीं, बल्कि मानवता की साझा चेतना की लड़ाई है।भारत और वेनेजुएला भले ही भौगोलिक रूप से भिन्न हों,परंतु संघर्ष का सार एक ही है -जनता की आवाज को सर्वोच्च रखना।21वीं सदी का लोकतंत्र अब केवल मत पेटी तक सीमित नहीं रह गया है।

जब सत्ता असहमति से डरने लगे, तब लोकतंत्र की आत्मा संकट में पड़ जाती है। राहुल गाँधी का यह कथन आज के समय में अत्यंत सार्थक है-'असहमति देशद्रोह नहीं,बल्कि लोकतंत्र की जीवनरेखा है।' उनका कहना है कि भारत की आत्मा सहिष्णुता, प्रेम और संवाद में बसती है।उनकी राजनीति में भावनाएँ कमजोरी नहीं,बल्कि नैतिक शक्ति हैं,क्योंकि लोकतंत्र का असली अस्तित्व संवेदना और करुणा में ही बसता है।लोकतंत्र के तीन स्तंभ - त्याग,सहनशीलता और संघर्ष -लोकतंत्र को जीवित रखने के लिए तीन गुण आवश्यक हैं-त्याग, सहनशीलता और संघर्ष।भारतीय राजनीति के विश्लेषकों का मानना है कि राहुल गाँधी के राजनीतिक जीवन में ये तीनों गुण बार-बार दिखाई देते हैं।उन्होंने सत्ता की परवाह किए बिना संस्थागत अन्याय पर सवाल उठाए,आलोचनाओं के बीच भी संवाद बनाए रखा,और व्यक्तिगत हानि की कीमत पर भी लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा की।ऐसे क्षणों में वे राजनीति से आगे बढ़कर एक वैचारिक प्रतीक बन जाते हैं।भारत की लोकतांत्रिक आत्मा और विश्व संदेश -यदि भारतीय संदर्भ में देखें, तो नोबेल शांति पुरस्कार की भावना भारत की आत्मा से गहराई से जुड़ी हुई है।भारत की स्वतंत्रता स्वयं एक अहिंसक संघर्ष का परिणाम थी।महात्मा गाँधी, रवीन्द्रनाथ टैगोर और डॉ. भीमराव अंबेडकर ने राजनीति में मानवता, समानता और न्याय के सिद्धांतों को स्थापित किया।यह वही दृष्टि है जो नोबेल शांति पुरस्कार के दर्शन में निहित है-जहाँ व्यक्ति नहीं,विचार का सम्मान किया जाता है।आज विश्व में लोकतंत्र एक नए संकट से जूझ रहा है- बहुमत सत्ता देता है,परंतु मूल्य समाज को दिशा देते हैं।राहुल गाँधी का संघर्ष इस सिद्धांत का प्रतीक है कि राजनीति केवल जनादेश नहीं,बल्कि जनविश्वास की भी परीक्षा है।उन्होंने कहा था -'यदि हम संविधान को नहीं बचा सके, तो कोई भी बहुमत हमें नहीं बचा पाएगा।' यह चेतावनी केवल भारत के लिए नहीं,बल्कि हर उस लोकतंत्र के लिए है,जहाँ सत्ता का केंद्रीकरण बढ़ रहा है और नागरिक स्वतंत्रताएँ सिकुड़ रही हैं। लोकतंत्र की उम्मीद की नई किरण- मारिया मचाडो को मिला नोबेल पुरस्कार वेनेजुएला की जीत मात्र नहीं,बल्कि हर उस नागरिक की जीत है जो सत्य बोलने का साहस रखता है।कांग्रेस का यह कहना कि 'राहुल गाँधी भी उसी पथ पर चल रहे हैं",इस बात का संकेत है कि भारत की राजनीति में आज भी विचार और विवेक का संघर्ष जीवित है।यदि भविष्य में कभी राहुल गांधी को लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा के लिए अंतरराष्ट्रीय सम्मान मिले,तो वह केवल उनकी व्यक्तिगतउपलब्धि नहीं होगी- बल्कि भारत की लोक तांत्रिक परंपरा की वैश्विक स्वीकृति होगी।राहुल गाँधी का राजनीतिक जीवन यह सिखाता है कि लोकतंत्र केवल संस्थाओं में नहीं,बल्कि जनता के दिलों में बसता है।उनका संघर्ष सत्ता के विरुद्ध नहीं,बल्कि अन्याय, असमानता और भय की राजनीति के विरुद्ध है।यही कारण है कि- 'भारतीय राजनीति में राहुल गाँधी भी लोकतंत्र के लिए लड़ते हुए, प्रजातंत्र के प्राण और प्रहरी बनकर, वैश्विक राजनीति के पटल पर जनता की उम्मीद की किरण बन गए हैं।'

## संपादकीय

### सरकारी नौकरी का 'प्रण'

राजद नेता तेजस्वी यादव ने ऐसा चुनावी दांव खेला है, जो अभी तक किसी भी दल और नेता ने नहीं खेला। तेजस्वी इसे चुनावी जुमला नहीं, बल्कि ह्यप्रणह्ळ मान रहे हैं। उन्होंने 2020 के चुनाव की तरह इस बार भी ह्यबेरोजगारीह्ळ को प्रमुख मुद्दा बनाने की कोशिश की है। तब वह 17 माह तक उपमुख्यमंत्री के पद पर रहे थे। राजद के नेता और प्रवक्ता दावे करते रहे हैं कि तब तेजस्वी ने 5 लाख नौकरियां दीं। ऐसा कोई सरकारी डाटा उपलब्ध नहीं है। हालांकि करीब 1.5 लाख नौकरियां देने का ब्योरा सरकारी रिकॉर्ड में है, लेकिन तब भी मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ही थे। उनकी पार्टी भी इन नौकरियों का ढोल बजा रही है, जो गलत नहीं है। बहरहाल अब तेजस्वी का ह्यप्रणह्ळ है कि बिहार में उनकी सरकार बनी, तो 20 दिन में ही एक अधिनियम पारित कराया जाएगा और उसके 20 महीने के भीतर हर घर में एक सरकारी नौकरी सुनिश्चित की जाएगी। उन्होंने दावा किया है कि अध्ययन किया जा चुका है। बिहार में घर-घर सरकारी नौकरी देना संभव है, लेकिन हम ऐसा नहीं मानते, क्योंकि तेजस्वी ने अध्ययन का कोई भी आधार सार्वजनिक नहीं किया है। उसके अलावा, कुछ बुनियादी और अहम सवाल भी हैं। बिहार में 2.76 करोड़ परिवार हैं। कुछ 3 या 3.50 करोड़ परिवारों की बात कर रहे हैं, लेकिन सरकारी रिकॉर्ड में 2.76 करोड़ से कुछ अधिक परिवार दर्ज हैं। माना जा सकता है कि कई परिवारों में पहले से ही सरकारी नौकरी वाले सदस्य होंगे। फिर भी मोटा अनुमान है कि कमोबेश 2 करोड़ नौकरियों का सृजन करना होगा, तभी संभावित तेजस्वी सरकार का ह्यप्रणह्ळ पूरा किया जा सकता है। ऐसा करना हमें तो अवास्तविक, बल्कि असंभव लगता है। दरअसल बिहार सरकार में 46 विभाग हैं, जिनमें 10 प्रशासनिक विभाग हैं। शेष कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य, जल आदि के विभाग हैं। राज्य में करीब 14 लाख नौकरियां हैं और 4 लाख से ज्यादा नौकरियां रिक्त पड़ी हैं। बिहार में मात्र 1.57 फीसदी लोगों को ही सरकारी नौकरी नसीब है। राज्य की मात्र 4.92 फीसदी आबादी को कोई न कोई रोजगार उपलब्ध है। लिहाजा व्यापक स्तर पर लोग पलायन करते हैं। उनमें से अधिकांश बिहारी बड़े शहरों में रिक्शा, ई-ऑटो चलाते हैं और दिहाड़ीदार मजदूरी करते हैं।

## चिंतन-मनन

### सिद्धांत गौण है, सत्ता प्रमुख

पिछले दिनों में राष्ट्रीय रंगमंच पर जिस प्रकार का राजनीतिक चरित्र उभरकर आ रहा है, वह एक गंभीर चिंता का विषय है। ऐसा लगता है, राजनीति का अर्थ देश में सुव्यवस्था बनाए रखना नहीं, अपनी सत्ता और कुर्सी बनाए रखना है। राजनीतिज्ञ का अर्थ उस नीति-निपुण व्यक्तित्व से नहीं है, जो हर कीमत पर राष्ट्र की प्रगति, विकास-विस्तार और समृद्धि को सर्वोपरी महत्व दे; किंतु उस विदूषक-विशारद व्यक्तित्व से है, जो राष्ट्र के विकास और समृद्धि को अवनति के गर्त में फेंककर भी अपनी कुर्सी को सर्वोपरि महत्व देता हो। राजनेता का अर्थ राष्ट्र को गति की दिशा में अग्रसर करने वाला नहीं, अपने दल को सत्ता की ओर अग्रसर करने वाला रह गया है। यही कारण है कि आज राष्ट्र गौण है, दल प्रमुख है। सिद्धांत गौण है, सत्ता प्रमुख है। चरित्र गौण है, कुर्सी प्रमुख है।

एक राजनेता में राष्ट्रीय चरित्र, न्याय-सिद्धांत और नेतृत्व क्षमता के गुणों की आवश्यकता नहीं, किंतु आज कुशल राजनेता वही है, जो अपने दल के लिए राष्ट्र के साथ भी विश्वासघात कर सकता हो, अपनी कुर्सी के लिए अपने दल के साथ भी विश्वासघात करने का जिसमें साहस या दुस्साहस हो। बहुत बार मन में प्रश्न उभरता है, क्या राजनीति का अपना कोई चरित्र नहीं होता अथवा सत्ता प्राप्ति के लिए राष्ट्र, समाज, दल और व्यक्ति की विश्वासपूर्ण भावनाओं के साथ खिलवाड़ करना ही राजनीति का चरित्र होता है? जनता की कोमल भावनाओं का शोषण करके सत्तासीन होने के बाद क्या राजनेता का व्यक्तित्व जनता और राष्ट्र से भी बड़ा हो जाता है?

यदि ऐसा नहीं है तो आज की राजनीति क्यों अपने प्रिय पुत्रों, संबंधियों और चमचों-चाटुकारों के चप्रव्यूह में फंसकर रह गई है? राष्ट्र को स्थिर नेतृत्व प्रदान करने के नाम पर क्यों सिद्धांतहीन समझौते और स्तरहीन कलाबाजियां दिखाई जा रही हैं? संप्रदायवाद, जातिवाद, भाषावाद और प्रांतवाद को भड़का करके क्यों सत्ता की गोटियां बिठाई जा रही हैं? आज की राजनीति को देखकर मन ग्लानि और वितृष्णा से भर जाता है। आखिर यह सबकुछ कब तक चलता रहेगा?

# अहोई माताः संतान के जीवन में मंगल भरने वाली शक्ति



योगेश कुमार गोयल



करवा चौथ के चार दिन पश्चात और दीवाली से ठीक एक सप्ताह पहले भारत में हिन्दू समुदाय में एक प्रमुख त्यौहार ह्यअहोई अष्टमीह्ळ मनाया जाता है, जो प्रायः वही स्त्रियां करती हैं, जिनके संतान होती है किन्तु अब यह व्रत निसंतान महिलाएं भी संतान की कामना के लिए करती हैं। ह्यअहोई अष्टमीह्ळ व्रत प्रतिवर्ष कार्तिक कृष्ण अष्टमी को किया जाता है और इस वर्ष यह पर्व 13 अक्तूबर को मनाया जा रहा है। स्त्रियां दिनभर व्रत रखती हैं। सायंकाल से दीवार पर आठ कोष्ठक की पुतली लिखी जाती है। उसी के पास सेई और सेई के बच्चों के चित्र भी बनाए जाते हैं। पृथ्वी पर चौक पूरकर कलश स्थापित किया जाता है। कलश पूजन के बाद दीवार पर लिखी अष्टमी का पूजन किया जाता है। फिर दूध-भात का भोग लगाकर कथा कही जाती है। आधुनिक युग में अब बहुत सी महिलाएं दीवारों पर चित्र बनाने के लिए बाजार से अहोई अष्टमी के रेडीमेड चित्र खरीदकर उन्हें पूजास्थल पर स्थापित कर उनका पूजन करती हैं। कार्तिक कृष्ण अष्टमी को महिलाएं अपनी संतान की दीर्घ आयु तथा उनके जीवन में समस्त संकटों या विध्न-बाधाओं से उनकी रक्षा के लिए यह व्रत रखती हैं। कुछ स्थानों पर इस दिन धोबी मारन लीला का भी मंचन होता है, जिसमें श्रीकृष्ण द्वारा कंस द्वारा भेजे गए धोबी का वध करते प्रदर्शन किया जाता है। अहोई माता के रूप में अपनी-अपनी पारिवारिक परम्परानुसार लोग माता पार्वती की पूजा करते हैं।

अहोई अष्टमी व्रत के संबंध में कुछ कथाएं प्रचलित हैं। ऐसी ही एक कथानुसार प्राचीन काल में किसी नगर में एक साहूकार रहता था। उसके सात लड़के थे। दीपावली से पहले साहूकार की स्त्री घर की लीपा-पोती हेतु मिट्टी लेने खदान में गई और कुदाल से मिट्टी खोदने लगी। दैव योग से उसी जगह एक सेह की मांद थी। सहसा उस स्त्री के हाथ से कुदाल सेह के बच्चे को लग गई, जिससे सेह का बच्चा तत्काल मर गया। अपने हाथ से हुई हत्या को लेकर साहूकार की पत्नी को बहुत दुख हुआ परन्तु अब क्या हो सकता था? वह पश्चाताप करती हुई शोकाकुल अपने घर लौट आई। कुछ दिनों बाद उसके बेटे का निधन हो गया। फिर अकस्मात दूसरा, तीसरा और इस प्रकार वर्ष भर में उसके सभी बेटे मर गए। महिला अत्यंत व्यथित रहने लगी। एक दिन उसने अपने आस-पड़ोस की महिलाओं को विलाप करते हुए बताया कि उसने जानबूझकर कभी कोई पाप नहीं किया। हां, एक बार खदान में मिट्टी खोदते हुए अनजाने में उससे एक सेह के बच्चे की हत्या अवश्य हुई है और तत्पश्चात मेरे सातों बेटों की मृत्यु हो गई। यह सुनकर पास-पड़ोस की वृद्ध औरतों ने साहूकार की पत्नी को दिलासा देते हुए कहा कि यह बात बताकर तुमने जो पश्चाताप किया है, उससे तुम्हारा आधा पाप नष्ट हो गया है। तुम उसी अष्टमी को भगवती माता की शरण लेकर सेह और सेह के बच्चों का चित्र बनाकर उनकी आराधना करो और क्षमा-याचना करो। ईश्वर की कृपा से तुम्हारा पाप धुल जाएगा। साहूकार की पत्नी ने वृद्ध महिलाओं की बात मानकर कार्तिक मास की कृष्णपक्ष की अष्टमी को उपवास व पूजा-याचना की। वह हर वर्ष नियमित रूप से ऐसा करने लगी। बाद में उसे सात पुत्र रत्नों की प्राप्ति हुई। तभी से अहोई व्रत की परम्परा प्रचलित हो गई।

अहोई व्रत के संबंध में एक और कथा प्रचलित है। बहुत समय पहले झांसी के निकट एक नगर में चन्द्रभान नामक साहूकार रहता था। उसकी पत्नी चन्द्रिका बहुत सुंदर, सर्वगुण सम्पन्न, सती साध्वी, शीलवन्त, चरित्रवान तथा बुद्धिमान थी। उसके कई पुत्र-पुत्रियां थे परन्तु वे सभी बाल अवस्था में ही परलोक सिधार चुके थे। दोनो पति-पत्नी संतान न रह जाने से बहुत व्यथित रहते थे। वे दोनों प्रतिदिन मन ही मन सोचते कि हमारे मर जाने के बाद इस अपार धन-सम्पदा को कौन संभालेगा? एक बार उन दोनों ने निश्चय किया कि वनवास लेकर शेष जीवन प्रभु-भक्ति में व्यतीत करें।

यही विचार कर दोनों अपना घर-बार त्यागकर वनों की ओर चल दिए। रास्ते में जब थक जाते तो रूककर थोड़ा विश्राम कर लेते और फिर चल पड़ते। इस प्रकार धीरे-धीरे वे बद्रिका आश्रम के निकट शीतल कुण्ड जा पहुंचे। वहां पहुंचकर दोनों ने निराहार रहकर प्राण त्यागने का निश्चय कर लिया। निराहार व निर्जल रहते हुए जब उन्हें सात दिन हो गए तो आकाशवाणी हुई कि तुम दोनों प्राणी अपने प्राण मत त्यागो। यह सब दुख तुम्हें तुम्हारे पूर्व पापों से भोगना पड़ा है। यदि तुम्हारी पत्नी कार्तिक मास के कृष्ण पक्ष में आने वाली अहोई अष्टमी को अहोई माता का व्रत और पूजन करे तो अहोई देवी प्रसन्न होकर साक्षात दर्शन देंगी। तुम उनसे दीघार्यु पुत्रों का वरदान मांग लेना। व्रत के दिन तुम राधाकुण्ड में स्नान करना।

चन्द्रिका ने आकाशवाणी के बताए अनुसार विधि-विधान से अहोई अष्टमी को अहोई माता का व्रत और पूजा-अर्चना की और तत्पश्चात राधाकुण्ड में स्नान किया। जब वे स्नान इत्यादि के बाद घर पहुंचे तो उस दम्पत्ति को अहोई माता ने साक्षात दर्शन देकर वर मांगने को कहा।

साहूकार दम्पत्ति ने हाथ जोड़कर कहा, ह्यह्यहमारे बच्चे कम आयु में ही परलोक सिधार जाते हैं। आप हमें बच्चों की दीघार्यु का वरदान दें।ह्ळह्ळ

ह्यह्यतथास्तु !ह्ळह्ळ कहकर अहोई माता अंतर्ध्यान हो गई। कुछ समय के बाद साहूकार दम्पत्ति को दीघार्यु पुत्रों की प्राप्ति हुई और वे सुखपूर्वक अपना गृहस्थ जीवन व्यतीत करने लगे।

देवी पार्वती को अनहोनी को होनी बनाने वाली देवी माना गया हैं, इसलिए अहोई अष्टमी पर माता पर्वती की पूजा की जाती है और संतान की दीघार्यु एवं सुखमय जीवन की कामना की जाती है।

(लेखक साढ़े तीन दशक से पत्रकारिता में निरंतर सक्रिय वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# उपनिवेशवाद की सोच भारतीयो को कुछ नया करने में बाधक



कांतिलाल मांडोत

आरएसएस भारतीय रास्ट्रवाद का स्वयंसेवक संगठन के विजयादशमी के दिन सौ वर्ष पूर्ण होने पर देश-विदेश में राष्ट्र को समर्पित अनेक कार्यक्रम हुए और अभी भी जारी है।कई उतार चढ़ाव से गुजरने के बाद अब आरएसएस वटवृक्ष बन गया है।भारत की ज्ञान परम्परा और शिक्षा पद्धति पर चिंतन होता रहा है।दुनिया मे शायद ही किसी संगठन की इतनी आलोचना की होगी,जितनी आरएसएस की हुई है।बिना आधार के आरएसएस पर लगाए सभी आरोप कपोल कल्पित और जूठे साबित हुए।दरअसल,अपने मन मे देश के प्रति जज्बा लिए ये युवा अपना सर्वस्व अर्पण कर देशसेवा के लिए हर जंग लड़ने के लिए हर समय तैयार रहते है।नीतिमत्ता और ईमानदारी का गुण जीवन की आधारशिला है।समाज को आगे लाने के लिए हर कदम पर सहयोग मिलने से भारत एक मजबूत राष्ट्र बनता जा रहा है।रास्ट्रीय स्वयंसेवक से सरसंघचालक मोहन भागवत की सक्रियता और समर्पण भाव को देखकर हर व्यक्ति दंग रह जाता है। भाजपा के राजनैतिक वर्चस्व के इस दौर में राष्ट्रवाद की भगवा सोच भी उसी तीव्र गति से बढ़ाया गया।आज भाजपा की मजबूत नींव पर आरएसएस के शुद्ध संकल्प और अच्छी सोच का ही कारण रहा है।संघ ने शिक्षा पद्धति में आमूल-चूल परिवर्तन करने और भगवा विचारों में रंगने की चाह के लिए रणनीति के साथ पहल हुई थी।संघ का योगदान देश की आजादी के समय 1947 में भी भरपूर रहा है।कश्मीर पर पाकिस्तान सेना की गतिविधियों पर संघ बराबार नजर रखे हुए था।1962 में संघ के स्वयंसेवक जिस तरह सीमा पर पहुँचे, उसे पूरे देश ने देखा।1963 में 26 जनवरी पर प्रधानमंत्री नेहरू ने स्वयंसेवक के कार्यकताओं को परेड में शामिल होने का निमंत्रण दिया।ये देश के प्रति समर्पित है।1965 के भारत पाकिस्तान के युद्ध के समय लालबहादुर शास्त्री ने संघ को याद किया।स्वयंसेवको ने कानून व्यवस्था संभाली थीं।आरएसएस ने देशहित में अनेक ऐसे कार्य किये है।जिसका इतिहास बन चुका है।उपनिवेशवादी मानसिकता से मुक्त कराने के लिए शिक्षा से ही संभव है।और इस पर सरसंघचालक कही बार अपने मंच से बोलकर देश को अवगत कराते आ रहे है।शिक्षा के उद्देश्य, विषय वस्तु और व्यवस्था में भारतीयता होनी चाहिए।मोहन भागवत का सारा समय देश के लिए समर्पित है।देश मे आए दिन अनेक सभा और पथ संचलन के कार्यक्रम आयोजित कर युवाओ को प्रशिक्षित कर देशसेवा के प्रति समर्पण भाव के गुर सिखाए जा रहे है।संघ यह भी मानता है कि सत्ता से नही,बल्कि समाज के द्वारा ज्यादा प्रभावी होता है।वर्तमान में जो नवीन ज्ञान हमे मिल रहा है,उसे सीखे।जो सीखने योग्य है ,उसे अवश्य सीखे, किन्तु सीखने का उद्देश्य यही है कि हम अपने धार्मिक और सांस्कृतिक जीवन मूल्यो को नष्ट करके की जरा भी भूल नहीं करे।यही शिक्षा उपादेय,सार्थक एवं गाह्य है,जिसके द्वारा सत्य,अहिंसा,अस्तेय,अपरिग्रह, इंद्रिय,निग्रह,त्याग,परोपकार, दया,करुणा आदि गुणों का विकास हमारे भीतर हो।यही धारणा और समर्पित जीवन का लक्ष्य लिए देश सेवा करते हुये आरएसएस के सौ वर्ष पूर्ण हो चुके है।स्वयंसेवक संघ में संवेदनशीलता,दया,करुणा,परदुःखकातरता सुषुप्त नही हुई है इनका मुख्य लक्ष्य व्यक्तिवाद और स्वार्थ साधना नही होकर केवल देश सेवा की रही है।रास्ट्रीय,सामाजिक,नैतिक अस्मिता की रक्षा के लिए शाश्वत जीवन मूल्यों के अभिरक्षक के प्रयास सतत कर रहे है।क्योंकि ये जानते है कि अनुसाशनहीनता और सद्गुणों की उपेक्षा से जीवन अपवित्र होता है।स्वयंसेवक सेदेश ,परिवार,समाज को कई अपेक्षाएं है ।मोहन भागवत मनोयोग से अध्ययन करने की सिख देते है।विद्यार्थियों में शिक्षा का स्तर बढ़ना चाहिए।संघ का दर्द उस समय झलका था।जब रोहित वेमुला प्रकरण,जेएनयू में कन्हैया प्रकरण,पश्चिमी बंगाल में जाधवपुर विवि की घटना और बिहार चुनाव से ठीक पहले असहिष्णुता के खिलाफ बुद्धिजीवियों की अवार्ड वापसी के झटकों ने भगवा ब्रिगेड को हिला दिया था।इनका यह भी मानना है कि मोदी के आने के बाद वामपंथियों को कमजोर कड़ी के तौर पर चुना,जहा उनका वर्चस्व है और एनजीओ वाले इनके साथ खड़े दिखते है।उसके बाद ही चुनिंदा रणनीतिकारों ने बौद्धिक आंदोलन का खाका तैयार किया।इसलिए मोहन भागवत शिक्षा परिवर्तन पर हर समय मंच से बात करते है।क्योंकि इस दौर में तेजी से जो क्षरण हो रहा है उसकी रोकथाम के लिए आपको आगे आने की जरूरत है।हम जिस देश मे जन्मे है,यही धरती महान है।यहां की संस्कृति अत्यंत गरिमा से परिपूर्ण है। हमे यहां की गौरवगरिमा की सुरक्षा के लिए हर समय स्वयंसेवक की तरह सचेष्ट रहना है।जहां भी पापो की ज्वाला उठे, द्रढता के साथ हमे उनका प्रतिकार करना चाहिए।

संघ मानता है कि भारतीय शिक्षा पद्धति में अंग्रेजी और वामपंथ का वर्चस्व है इसलिए भाजपा के सत्ता में आने से बने अनुकूल माहौल में परिवर्तन सुनिश्चित करना होगा।संस्कारित शिक्षा की पहल 1950 के दशक में ही कर दी थी।भारत की शिक्षा पूरी तरह आध्यात्म आधारित रही है।आर्थिक उपार्जन आवश्यक है,लेकिन वह केवल जीवन जीने के लिए है आध्यात्म के आधार पर ही राष्ट्र का उत्थान हो सकता है।

Printed and Published by Manish KUMAR KASHYAP behalf of Palace of Publication,BALIHARI ROAD, NEAR - KALYAN BHAWAN NEW AREA MORABADI RANCHI-834008,Ranchi- Jharkhand, and Printed at SHIVA SAI PUBLICATION PVT.LTD, Ratu, Kathitand, Near Tender Bagicha, H.P. Petrol Pump P.O.+P.S.- Ratu, Dist.-Ranchi, 835222,Jharkhand And Published at Palace of Publication,Ranchi- Jharkhand,, **PRGI. NO,JHAHIN/2023/88773** Editor- Editor SHAHOOD ALAM. Mob -



फेस्टिव सीज़न में क्या पहनना है?

# राशि खन्ना हैं आपकी परफेक्ट स्टाइल गाइड!

त्योहारों का मौसम शुरू होते ही सबकी नज़रें पैन-इंडिया स्टार राशि खन्ना पर टिकी हैं, जिनका बेमिसाल एथनिक वॉर्डरोब स्टाइल इंस्पिरेशन से कम नहीं। हवादार कुर्ता सेट से लेकर शाही साड़ियों और खूबसूरत लहंगों तक, राशि हमें दिखाती हैं कि कैसे पारंपरिक फैशन को ग्रेस, ग्लैमर और मॉडर्न ट्विस्ट के साथ अपनाया जा सकता है। यहाँ हैं उनके कुछ सबसे खूबसूरत फेस्टिव लुक्स, जो आपके अपने फेस्टिव स्टाइल गेम को एक नया आयाम देंगे। गुलाबी रंग में सुंदर- वाइब्रेंट कुर्ता चिक राशि ने इस लुक में सादगी और शान का परफेक्ट मेल पेश करती हैं – फ्यूशिया पिंक कुर्ता सेट, जिस पर नाजुक कढ़ाई की गई है। ट्रेडिशनल जुत्तियों और स्टेटमेंट इयररिंग्स के साथ यह लुक उतना ही सहज है जितना कि एलीगेंट। परिवारिक समारोहों, पूजा या छोटे फेस्टिव गेट-टुगेदर्स के लिए यह एकदम परफेक्ट चॉइस है। राशि का यह मस्टर्ड कुर्ता लुक सादगी और एलिगेंस का एक बेहतरीन उदाहरण है। सफेद धागों की कढ़ाई और पारंपरिक चूड़ियाँ इसमें एक नर्म आकर्षण जोड़ती हैं, जो दिन के उत्सवों या कैजुअल फेस्टिव इवेंट्स के लिए एक आदर्श विकल्प बनाता है।

### ➢ साड़ी ग्लैमरः आइवरी एलिगेंस

जो लोग सदाबहार पारंपरिक लुक को पसंद करते हैं, उनके लिए राशि की आइवरी सिल्क साड़ी और कंट्रास्टिंग पिंक ब्लाउज़ एकदम परफेक्ट हैं। गजरे से सजा जूड़ा, स्टेटमेंट ज्वेलरी और मिनिमल मेकअप पुराने ज़माने की खूबसूरती का एहसास देते हैं – फेस्टिव डिनर या सांस्कृतिक समारोहों के लिए यह एक क्लासिक चॉइस है।

### ➢ रीगल रेडियंसः ऑलिव-गोल्ड साड़ी स्टेटमेंट


राशि की तरह बोल्ड और सोफिस्टिकेटेड स्टेटमेंट दें इस डैज़लिंग ऑलिव-गोल्ड साड़ी में, जिसे उन्होंने डीप-कट एम्बेलिश्ड ब्लाउज़ के साथ पेयर किया है। यह लुक पारंपरिक कारीगरी और मॉडर्न स्टाइल का शानदार संगम है – भव्य पारिवारिक आयोजनों या फेस्टिव पार्टियों के लिए एकदम उपयुक्त है।

### ➢ फेस्टिव ड्रीमः ग्रीन और पिंक लहंगा लव

जब फेस्टिव मूड अपने चरम पर हो और आप कुछ नया ट्राय करने का मन हो, तो राशि का यह ग्रीन और पिंक लहंगा तोरानी डिज़ाइनर का सबसे ख़ास त्यौहारी आकर्षण है जो किसी शोस्टॉपर से कम नहीं। बारीक डिटेलिंग, रिच कलर्स और पारंपरिक ज्वेलरी के साथ यह लुक शादियों, रिसेप्शन या दीवाली पार्टीज़ के लिए परफेक्ट है।

# सोनू सूद फिर जरूरतमंद परिवार की मदद के लिए आगे आए

**अपनी** अटूट करुणा और संवेदनशीलता की एक और दिल छू लेने वाली मिसाल पेश करते हुए अभिनेता और समाजसेवी सोनू सूद एक बार फिर एक ज़रूरतमंद परिवार की मदद के लिए आगे आए। एक सोशल मीडिया यूजर ने उन्हें एक मैसेज भेजा, जिसमें याद दिलाया गया कि सोनू सूद पंजाब की बाढ़ के समय इसी परिवार से मिले थे। संदेश में लिखा था –सोनू सूद भाई, आप इस परिवार से पंजाब बाढ़ के समय मिले थे। कृपा करके इन्हें मदद करें। करोड़ों लोगों की मदद की है आपने। ?? सूद फाउंडेशन अपने 'एक्शन मैन' वाली पहचान को साबित करते हुए सोनू सूद ने तुरंत इस अपील का जवाब दिया। बिना किसी देरी के उन्होंने भरोसा दिलाया कि मदद पहले से ही चल रही है, और जवाब दिया, इलाज शुरू करवा दिया है। सब दुआ करते रहें। उनकी प्रतिक्रिया की सरलता और तत्परता ने एक बार फिर संकटग्रस्त लोगों के प्रति उनके व्यावहारिक दृष्टिकोण और सच्ची प्रतिबद्धता को उजागर किया। सोनू के लिए, परोपकार एक दिखावा नहीं, बल्कि जीवन जीने का एक तरीका है। पिछले कुछ वर्षों में, सोनू सूद देश भर के अनगिनत लोगों के लिए आशा और मानवता के प्रतीक बन चुके हैं। चाहे चिकित्सा सहायता दिलवाना हो, आर्थिक मदद पहुँचानी हो या आपदाग्रस्त परिवारों को संभालना – उनकी संस्था सूद फाउंडेशन के माध्यम से किए गए निरंतर प्रयास आज भी लाखों लोगों को प्रेरित कर रहे हैं। एक बार फिर, उनके काम ने यह साबित कर दिया कि असली हीरो वही होता है जो संवेदना और उद्देश्य के साथ आगे बढ़ता है।





# पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा के लिए बॉम्बे हाईकोर्ट पहुंचे सुनील शेट्टी

**पर्सनैलिटी** राइट्स की सुरक्षा के लिए बॉलीवुड एक्टर सुनील शेट्टी ने बॉम्बे हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया है। एक्टर ने कोर्ट से मांग की है कि बिना अनुमति के उनके फोटो का इस्तेमाल जुए की साइट्स, बिजनेस साइट्स और कई गलत जगहों पर किया जा रहा है, ऐसे में उन्हें पर्सनैलिटी राइट्स की सुरक्षा दी जाए। सुनील शेट्टी के वकील, वरिष्ठ एडवोकेट बिरेन्द्र सराफ ने कहा कि सुनील शेट्टी फिल्म इंडस्ट्री का बड़ा नाम हैं और उनकी बिना इजाजत के उनकी तस्वीरें, वीडियो और डीपफेक कंटेंट का इस्तेमाल अलग-अलग बिजनेस साइट्स कर रही हैं। ज्यादा तस्वीरें और वीडियो का इस्तेमाल प्रोडक्ट के विज्ञापन और सेल को बढ़ाने में किया जा रहा है, जिससे ऐसा लगता है कि शेट्टी इन ब्रांड्स या सेवाओं से जुड़े हैं, जबकि हकीकत में उनका उन ब्रांड से कोई लेना-देना नहीं है। इससे दर्शकों के बीच एक्टर की छवि को लेकर गलत मैसेज जाता है। सुनील शेट्टी की तरफ से दायर की गई याचिका में डीपफेक फोटो का भी जिक्र है।

# चंदू चैंपियन के लिए कार्तिक आर्यन को मिला सम्मान

- गौतम अडानी ने सम्मानित किया, सुभाष घई बोले- एक्टर का अब तक का सर्वश्रेष्ठ काम




**मुंबई के व्हिसलिंग वुड्स इंटरनेशनल में शुक्रवार को आयोजित Celebrate Cinema 2025 के समापन समारोह में इंडस्ट्री के कई दिग्गज एक मंच पर नजर आए। इस मौके पर अडानी ग्रुप चेयरमैन गौतम अडानी ने अभिनेता कार्तिक आर्यन को फिल्म चंदू चैंपियन के लिए सम्मानित किया। मंच पर डॉ. प्रीति अडानी, सुभाष घई, राजकुमार हिरानी, जैकी श्रॉफ और महावीर जैन भी मौजूद रहे। इस मौके पर सुभाष घई ने बताया कि कार्तिक का फिल्म चंदू चैंपियन में अब तक का सर्वश्रेष्ठ काम है।**

समापन समारोह के दौरान अडानी ने सॉफ्ट पावर ऑफ सिनेमा पर बात करते हुए कहा कि सिनेमा सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि देश की पहचान और भावना का प्रतीक है। उन्होंने कहा - अब वक्त है कि भारत की कहानी भारतीय नजरिए से दुनिया तक पहुंचे।‘ढ्ढ तकनीक पर बात करते हुए अडानी ने कहा कि ढ्ढ से डरने के बजाय उसे अपनाना चाहिए, क्योंकि यही फिल्ममेकिंग का भविष्य है।

गौतम अडानी से सम्मानित होने के बाद कार्तिक आर्यन ने कहा, सर, आपकी स्पीच मेरी जिंदगी की सबसे प्रेरणादायक स्पीच में से एक थी। मैं ढ्ढ से डरता था, लेकिन आपने मेरी सोच बदल दी।'' उन्होंने व्हिसलिंग वुड्स को देश का श्रेष्ठ फिल्म स्कूल बताया और सुभाष घई को अपने करियर का अहम मार्गदर्शक कहा। सुभाष घई ने भावुक होकर कहा- बहुत कम लोग जानते हैं कि कार्तिक मेरी फिल्म कांची के हीरो थे और छह महीने तक मेरे असिस्टेंट डायरेक्टर भी रहे। चंदू चैंपियन उनका अब तक का सर्वश्रेष्ठ काम है। राजकुमार हिरानी ने अडानी के भाषण को शोले की स्पीच जैसा ऐतिहासिक बताया और कहा कि सिनेमा की सॉफ्ट पावर उसकी सच्चाई में है।

इंटरनेशनल म्यूज़िक फेस्टिवल अनटोल्ड

# दुबई 2025 में ग्लोबल स्टार नोरा फतेही मुख्य होंगी आकर्षण



**ग्लोबल** स्टार नोरा फतेही एक बार फिर इतिहास रचने के लिए तैयार हैं क्योंकि वह दुनिया के सबसे बड़े और बहुप्रतीक्षित म्यूज़िक फेस्टिवल्स में से एक UNTOLD दुबई 2025 के स्टार-स्टडेड लाइनअप में शामिल होंगी। यह फेस्टिवल 6 से 9 नवम्बर तक एक्सपो सिटी दुबई में आयोजित होगा, जहां नोरा, जे बाल्विन, मार्टिन गैरिक्स और एलन वॉकर सहित विश्व के कुछ सबसे बड़े संगीत हस्तियों के साथ मंच साझा करेंगी। यह फेस्टिवल, जो अपनी भव्य प्रस्तुति, विविध कलाकारों की मौजूदगी और अद्भुत अनुभव के लिए विश्वभर में प्रसिद्ध है, इस वर्ष अपने शानदार अंदाज़ में वापसी कर रहा है, और नोरा का मुख्य परफॉर्मेंस इस फेस्टिवल की सबसे बड़ी आकर्षणों में से एक होने वाली है। दर्शक उम्मीद कर सकते हैं एक हाई-एनर्जी प्रस्तुति की, जिसमें नोरा की सिग्नेचर डांस एनर्जी, पॉप स्टाइल और इंटरनेशनल साउंड का अनोखा संगम देखने को मिलेगा – जो एक ग्लोबल परफ़ॉर्मर के रूप में नोरा के विकास को दर्शाता है। ओह मामा! टेटेमा और स्नेक जैसे चार्ट-टॉपिंग हिट्स से लेकर जेसन डेरुलो और रेवनी के साथ ग्लोबल कोलैबोरेशन तक, और अब जल्द ही रिलीज होने वाली सॉन्ग शेनसीया के साथ उनके बहुप्रतीक्षित आगामी अंतर्राष्ट्रीय पॉप सिंगल जस्ट अ गर्ल तक, नोरा फतेही संगीत और प्रदर्शन के माध्यम से संस्कृतियों को जोड़ती रही हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म्स पर वायरल हो चुका है, जो उनके बढ़ते वैश्विक प्रभाव और सफलता में एक और उपलब्धि जोड़ता है, क्योंकि वह हर रिलीज़ के साथ ग्लोबल चार्ट और चर्चाओं पर हावी रहती हैं।

# 60 करोड़ की धोखाधड़ी मामले में शिल्पा शेट्टी की सफाई

**मुंबई** पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) ने बॉलीवुड अभिनेत्री शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा के खिलाफ दर्ज 60 करोड़ रुपए की कथित धोखाधड़ी के मामले में जांच तेज कर दी है। इसी कड़ी में पिछले सप्ताह शिल्पा शेट्टी का बयान दर्ज किया गया। जांच एजेंसी के अनुसार, शिल्पा शेट्टी ने अपने बयान में कहा कि उन्होंने बेस्ट डील टीवी से 4 करोड़ रुपए लिए, लेकिन यह रकम किसी निवेश या कारोबारी सौदे की नहीं थी, बल्कि उनकी सेलिब्रिटी फीस थी। शिल्पा शेट्टी ने जांचकर्ताओं से कहा कि मैं बेस्ट डील टीवी की डायरेक्टर जरूर थी, लेकिन जिन 4 करोड़ रुपए की बात हो रही है, वो मैंने कंपनी के प्रचार और विज्ञापन के लिए बतौर सेलिब्रिटी लिए थे। मैंने उस प्लेटफॉर्म पर एक विज्ञापन अभियान में हिस्सा लिया था, जिसके एवज में मुझे भुगतान किया गया। मुंबई पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि शिल्पा शेट्टी ने कंपनी से जनवरी 2016 में अपने डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया था। हालांकि, जिस कंपनी में वे डायरेक्टर थीं, उसी से पैसे लेने का मामला अब जांच के दायरे में है। यह सही है या गलत, यह अभी सब्जेक्ट टू इंटरप्रिटेशन है। अधिकारी ने आगे कहा कि जांच के दौरान कंपनी से जुड़े दस्तावेजों की पड़ताल में एक और अहम जानकारी सामने आई है। शुरुआती चरण में इस कंपनी में बॉलीवुड अभिनेता अक्षय कुमार भी इक्विटी होल्डर रह चुके हैं। हालांकि, अधिकारी ने यह भी स्पष्ट किया कि इस मामले में अक्षय कुमार का कोई प्रत्यक्ष संबंध नहीं पाया गया है। अक्षय कुमार ने कभी भी कंपनी की किसी बोर्ड मीटिंग में हिस्सा नहीं लिया और न ही वे कंपनी के रोजमर्रा के कार्यों से जुड़े थे। बता दें कि शिल्पा शेट्टी और उनके पति राज कुंद्रा पर व्यवसायी दीपक कोठारी ने धोखाधड़ी का मामला दर्ज कराया था। कोठारी का दावा है कि दंपति ने मिलकर उनका पैसा व्यवसाय में विस्तार करने के लिए कर्ज के तौर पर लिया था, लेकिन टैक्स को लेकर दोनों ने इसे निवेश के तौर पर दिखाने के लिए कहा। कोठारी ने शिकायत में यह भी कहा कि शिल्पा ने उनसे वादा किया था कि वह ब्याज की रकम भी टाइम पर लौटाएंगी, लेकिन पैसे वापस करने के समय शिल्पा ने कंपनी के डायरेक्टर पद से इस्तीफा दे दिया। एक्ट्रेस ने व्यवसाय में विस्तार के नाम पर पैसे लिए, लेकिन अपने निजी चीजों में खर्च कर दिए।



# अश्लीलता वाली फिल्मों की मंजूरी पर जावेद अख्तर ने उठाया सवाल

दोहरे अर्थ वाले गानों के बारे में भी की बात




**गीतकार** जावेद अख्तर ने फिल्मों की सेंसरशिप पर अपनी राय रखी है। उन्होंने दोहरे अर्थ वाले गानों के बारे में भी बात की है। आइए जानते हैं उनके विचार। मशहूर गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर अक्सर अपने बयानों को लेकर सुर्खियों में रहते हैं। हाल ही में उन्होंने फिल्मों की सेंसरशिप पर बात रखी है। उन्होंने इस बात पर निराशा जताई है कि समाज की वास्तविकता को दर्शाने वाली फिल्मों को भारत में सेंसरशिप का सामना करना पड़ता है, जबकि अश्लीलता से भरपूर फिल्मों को मंजूरी मिल जाती है।

### अश्लील फिल्मों को मिलती है मंजूरी

शुक्रवार को एक कार्यक्रम में बोलते हुए, अख्तर ने कहा कि खराब दर्शक ही एक खराब फिल्म को सफल बनाते हैं। अनंतरंग 2025 के प्रोग्राम में बोलते हुए उन्होंने कहा इस देश में, सच्चाई यह है कि अश्लीलता को (फिल्म नियामक संस्थाओं से) मंजूरी मिल जाती है। उन्हें पता ही नहीं है कि ये गलत मूल्य हैं, एक पुरुषवादी दृष्टिकोण है जो महिलाओं को अपमानित करता है। जो चीजें समाज को आईना दिखाती हैं, उन्हें मंजूरी नहीं मिलती।

### फिल्में समाज की खिड़की हैं

जावेद अख्तर ने कहा फिल्म समाज की एक खिड़की होती है, जिससे आप झांकते हैं, फिर खिड़की बंद कर देते हैं, लेकिन खिड़की बंद करने से जो हो रहा है, वह ठीक नहीं हो जाएगा। उन्होंने कहा पुरुषों के मानसिक स्वास्थ्य की वजह से ही ऐसी फिल्में बन रही हैं। अगर पुरुषों का मानसिक स्वास्थ्य बेहतर हो जाए, तो ऐसी फिल्में नहीं बनेंगी। अगर बन भी जाएंगी तो (सिनेमाघरों में) नहीं चलेंगी।

साभार एजेंसी

# फॉलोऑन खेलते हुए वेस्टइंडीज ने दूसरी पारी में दो विकेट पर 173 रन बनाये

**–कैम्पबेल और होप ने अर्धशतक लगाकर पारी संभाली**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम ने मेहमान टीम वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट में भी अपना शिकंजा कस दिया है। दूसरे टेस्ट मैच में वेस्टइंडीज की टीम ने फॉलोआन खेलते हुए अपनी दूसरी पारी में 173 रनों के अंदर ही दो विकेट गंवा दिये। तीसरे दिन का खेल समाप्त होने के समय जॉन कैम्पबेल 87 रन पर जबकि शे होप 66 रन बनाकर खेल रहे थे। इस मैच में मेहमान टीम अब भी 97 रन से पीछे है। भारतीय टीम ने पहली पारी पांच विकेट पर 518 रन पर घोषित की थी। वहीं वेस्टइंडीज टीम अपनी पहली पारी में सिर्फ 248 रनों पर ही सिमट गयी थी। इससे भारतीय टीम को पहली पारी के आधार पर 270 रन की बढ़त मिल गयी थी।

दूसरी पारी में वेस्टइंडीज टीम शुरुआती झटकों के बाद संभली। शाई होप और जॉन कैंपबेल ने भारतीय गेंदबाजों का अच्छी तरह से सामना किया।

वहीं इससे पहले स्पिनर कुलदीप यादव के पांच विकेट से भारतीय टीम ने वेस्टइंडीज की पहली पारी को 248 के स्कोर पर समेट दिया। कुलदीप यादव के अलावा रवींद्र जडेजा को 3 और बुमराह-सिराज को 1-1 विकेट मिला। वेस्टइंडीज ने टी ब्रेक तक 2 विकेट खो दिए। वेस्टइंडीज ने तीसरे सत्र में अच्छा खेल दिखाया। कैम्पबेल ने अर्धशतक लगाया। यह इस सीरीज में किसी भी वेस्टइंडीज के बल्लेबाज का पहला अर्धशतक था। वहीं इससे पहले भारत ने पहली पारी में यशस्वी जायसवाल 175 और शुभमन गिल के नाबाद शतक 129 रनों की सहायता से अपनी पहली पारी में 518 रन बनाए थे।



# स्मृति मंधाना ने रचा इतिहास, बेलिंडा क्लार्क का 26 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ा



**मेलबर्न (एजेंसी)।** भारतीय महिला क्रिकेट टीम की उप-कप्तान स्मृति मंधाना ने रविवार को महिला क्रिकेट इतिहास में एक और स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ महिला विश्व कप मैच के दौरान एक कैलेंडर वर्ष में 1000 वनडे रन पूरे करने वाली पहली महिला खिलाड़ी बनकर नया रिकॉर्ड बनाया।

### छक्के से पूरा किया ऐतिहासिक मील का पत्थर

मंधाना को इस उपलब्धि तक पहुंचने के लिए 18 रनों की आवश्यकता थी, जिसे उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाज सोफी मोलिनक्स की गेंद पर शानदार छक्का लगाकर हासिल किया। उनका यह उपलब्धि हासिल करना न सिर्फ भारतीय क्रिकेट के लिए गर्व का क्षण था, बल्कि महिला क्रिकेट के इतिहास में भी एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है।

### एक कैलेंडर वर्ष में सर्वाधिक रन

स्मृति मंधाना ने इससे पहले दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ पिछले मैच में 1997 में बेलिंडा क्लार्क के बनाए 970 रनों का रिकॉर्ड तोड़ा था। मंधाना ने पारी के आठवें ओवर में अयाबोंगा खाका की गेंद पर छक्का जड़कर क्लार्क का रिकॉर्ड ध्वस्त किया। अब वह 1000 रन के आंकड़े को पार कर चुकी हैं।

### लगातार तीसरा वनडे विश्व कप

29 वर्षीय स्मृति मंधाना अपना तीसरा वनडे विश्व कप खेल रही हैं। वह 2017 विश्व कप में उपविजेता रही भारतीय टीम का भी हिस्सा थीं। अब मंधाना वनडे में 5000 रन पूरे करने के करीब हैं। यह मुकाम हासिल करने पर वह यह उपलब्धि प्राप्त करने वाली दूसरी भारतीय और कुल पाँचवीं महिला बल्लेबाज़ बन जाएंगी।

### विश्व कप में मिला-जुला प्रदर्शन

हालाँकि रिकॉर्ड्स के बावजूद, मंधाना का मौजूदा विश्व कप में प्रदर्शन थोड़ा अस्थिर रहा है। उन्होंने श्रीलंका के खिलाफ 8, पाकिस्तान के खिलाफ 23, और दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 23 रन बनाए। भारत ने शुरुआती दो मैच जीते, लेकिन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ शीर्ष क्रम के फ्लॉप होने से टीम को 3 विकेट से हार झेलनी पड़ी।

# अरशद नदीम के कोच सलमान इकबाल पर लगा आजीवन प्रतिबंध



**लाहौर (एजेंसी)।** पाकिस्तान के शीर्ष भाला फेंक खिलाड़ी अरशद नदीम के लंबे समय से कोच रहे सलमान इकबाल पर पाकिस्तान एमेच्योर एथलेटिक्स महासंघ (PAAF) ने रविवार को आजीवन प्रतिबंध लगा दिया है। उन पर पंजाब एथलेटिक्स संघ के संविधान का उल्लंघन करने का आरोप है। प्रतिबंध के तहत, सलमान इकबाल अब किसी भी एथलेटिक्स गतिविधि, कोचिंग या संगठनात्मक भूमिका में भाग नहीं ले सकेंगे।

### पंजाब एथलेटिक्स संघ के चुनाव विवाद से जुड़ा मामला

महासंघ ने आरोप लगाया कि इकबाल ने अगस्त में पंजाब एथलेटिक्स संघ के चुनाव कराकर नियमों का उल्लंघन किया। सितंबर के मध्य में गठित एक जांच समिति ने रिपोर्ट सौंपी और 10 अक्टूबर को इकबाल पर आजीवन प्रतिबंध लगाने की सिफारिश की थी।

### अरशद नदीम के प्रदर्शन पर उठे सवालों के बाद बढ़ा विवाद

यह फैसला उस विवाद के तुरंत बाद आया जब पाकिस्तान खेल बोर्ड (क्क्क) ने इकबाल से टोक्यो विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में अरशद नदीम के खराब प्रदर्शन पर स्पष्टीकरण मांगा था। क्क्कने यह भी पूछा था कि एथलीट के प्रशिक्षण और यात्रा पर खर्च कैसे किया गया। इकबाल ने अपने जवाब में खुलासा किया कि पिछले एक वर्ष से PAAF ने अरशद नदीम से जुड़े किसी भी मामले में भाग नहीं लिया, और उन्हें दक्षिण अफ्रीका में प्रशिक्षण और पिंडली की चोट से उबरने के लिए निजी आर्थिक मदद का सहारा लेना पड़ा।

### कोच और संघ के बीच गहराता टकराव

सलमान इकबाल कई वर्षों से अरशद नदीम के मुख्य कोच और मेंटर रहे हैं और उन्होंने पाकिस्तान के लिए कई अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिताओं में एथलीट को तैयार किया। हालांकि अब इस निर्णय के बाद पाकिस्तान के सबसे सफल एथलीटों में से एक नदीम का कोचिंग भविष्य असमंजस में पड़ गया है।

# ऑल फॉर्मेट के बादशाह : धोनी, कोहली, रोहित और बुमराह का धमाल



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट टीम में कुछ खिलाड़ी ऐसे हैं जिन्होंने चाहे टेस्ट हो, वनडे हो या टी20 तीनों फॉर्मेट में अपनी छाप छोड़ी है और सभी फॉर्मेट में कम से कम 50 मैच खेलने का गौरव हासिल किया है। एमएस धोनी, विराट कोहली और रोहित शर्मा ऐसे नाम हैं जो इस सूची में सबसे ऊपर रहते हैं, और अब जसप्रीत बुमराह भी इस खास क्लब में शामिल हो गए हैं। बुमराह वेस्टइंडीज के खिलाफ अपने 50वें टेस्ट मैच में खेल रहे हैं, जिससे वह सभी फॉर्मेट में कम से कम 50 मैच खेलने वाले सातवें भारतीय खिलाड़ी बन गए हैं। जसप्रीत बुमराह वनडे में 89 और टी20 में 75 मैच खेल चुके हैं। वे अपना 50वां टेस्ट दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में वेस्टइंडीज के खिलाफ खेल रहे है। इससे पहले, एमएस धोनी इस लिस्ट में पहले शामिल हुए थे। धोनी ने अपने इंटरनेशनल करियर में 90 टेस्ट, 350 वनडे और 98 टी20 मैच खेले थे। उन्होंने 15 अगस्त 2020 को इंटरनेशनल क्रिकेट से संन्यास ले लिया था, लेकिन उनके योगदान को भारतीय क्रिकेट में हमेशा याद किया जाएगा।

विराट कोहली और रोहित शर्मा भी इस सूची में दिग्गजों के रूप में शामिल हैं। विराट कोहली ने 123 टेस्ट, 302 वनडे और 125 टी20 मैच खेले हैं, जबकि रोहित शर्मा ने 67 टेस्ट, 273 वनडे और 159 टी20 मैचों में देश का प्रतिनिधित्व किया। दोनों खिलाड़ियों ने टेस्ट और टी20 क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लिया है, लेकिन वनडे फॉर्मेट में वे अब भी सक्रिय हैं। रवींद्र जडेजा और आर अश्विन की जोड़ी भी सभी फॉर्मेट में कम से कम 50 मैच खेलने वाले भारतीय खिलाड़ियों में शामिल है। अश्विन ने इंटरनेशनल क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लिया है और उन्होंने 106 टेस्ट, 116 वनडे और 65 टी20 मैच खेले। वहीं जडेजा अब भी वनडे और टेस्ट में सक्रिय हैं और उन्होंने 86 टेस्ट, 204 वनडे और 74 टी20 मैच खेलकर टीम इंडिया को सेवा दी है।


केएल राहुल इस क्लब में छठे भारतीय खिलाड़ी हैं। उन्होंने अब तक 64 टेस्ट, 85 वनडे और 72 टी20 मैच खेले हैं और लगातार भारत के लिए योगदान दे रहे हैं। इस सूची से स्पष्ट है कि एमएस धोनी, विराट कोहली, रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह, रवींद्र जडेजा, आर अश्विन और केएल राहुल जैसे खिलाड़ी भारतीय क्रिकेट के हर फॉर्मेट में अपनी शानदार छवि बनाए हुए हैं। इनके अनुभव और प्रदर्शन ने टीम इंडिया को विश्व क्रिकेट में एक अलग पहचान दिलाई है और ये खिलाड़ी आने वाले वर्षों में भी युवा खिलाड़ियों के लिए प्रेरणा बने रहेंगे।

# वाशेरोट ने अपने चचेरे भाई रिंडरनेच को हराकर शंघाई मास्टर्स खिताब जीता

शांघाई । वैलेंटिन वाशेरोट ने क्वालीफाइंग दौर से मुख्य दौर में जगह बनाने के बाद रविवार को अपने चचेरे भाई आर्थर रिंडरनेच को 4-6, 6-3, 6-3 से हराकर शंघाई मास्टर्स का खिताब अपने नाम किया। विश्व रैंकिंग में 204वें स्थान पर काबिज 26 साल के वाशेरोट एटीपी मास्टर्स 1000 के इतिहास में सबसे कम रैंकिंग वाले विजेता है। वह एटीपी मास्टर्स 1000 स्तर का खिताब जीतने वाले मोनाको के पहले खिलाड़ी भी है। वाशेरोट ने सेमीफाइनल में 24 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन दिग्गज नोवाक जोकोविच को हराया था जबकि रिंडरनेच ने चार ग्रैंडस्लैम का फाइनल खेलने वाले दानिल मेदवेदेव को शिकस्त दी थी।



# न्यूजीलैंड से मिली हार को नहीं भूलना चाहते हैं गंभीर



नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच गौतम गंभीर अपने आक्रामक अंदाज के लिए जाने जाते हैं। गंभीर के कोच बनने के बाद से ही टीम को शुरुआत में न्यूजीलैंड और ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करारी हार मिली थीं। जिसके बाद वह आलोचना का शिकार हुए थे। इसके बाद गंभीर टीम को चैंपियंस ट्रॉफी और एशिया कप जिताने में सफल हुए हैं पर वह न्यूजीलैंड के खिलाफ अपनी ही धरती पर मिली हुई हार को नहीं भूल पा रहे। तब भारतीय टीम को टेस्ट सीरीज में अपनी ही धरती पर 0-3 से हार का सामना करना पड़ा था। ये पहला अवसर था जब न्यूजीलैंड की टीम भारत की धरती पर टेस्ट सीरीज जीती थी। इस हार के कारण ही भारतीय टीम विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्लयूटीसी) फाइनल की दौड़ से भी बाहर हो गयी थी। आकाश चोपड़ा से बातचीत के दौरान गंभीर ने कहा है कि कोचिंग करियर में मिले इस झटक से वह कभी नहीं उबर पायेंगे। साथ ही कहा कि वह इस प्रकार की हार को भूलना भी नहीं चाहते। यही बात उन्होंने टीम से भी कही है। गंभीर ने कहा कि कभी-कभी अतीत को याद रखना भी जरूरी होता है। अगर ऐसा नहीं होता है तो आप चीजों को हल्के में लेने लगते हैं. आपको कभी भी किसी चीज को हल्के में नहीं लगते हैं। सभी सोचते थे कि हम न्यूजीलैंड को आसान से हरा सकते हैं।'

# रोहित शर्मा के ऑस्ट्रेलियाई दौरे पर रहेंगी सबकी निगाहें

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट के हिटमैन रोहित शर्मा पर एक बार फिर पूरी क्रिकेट दुनिया की नजरें टिकी हुई हैं। टीम इंडिया की कप्तानी छिनने के बावजूद उन्होंने अपने खेल और फिटनेस पर पूरा ध्यान केंद्रित किया है। सूत्रों के मुताबिक, रोहित ने पिछले कुछ महीनों में करीब 15 किलो वजन घटाया है और अब पहले से कहीं अधिक फिट और फुर्तीले नजर आ रहे हैं। उनकी यह नई ऊर्जा और समर्पण बताती है कि वह अब भी मैदान पर कुछ साबित करने के इरादे से उतरने वाले हैं। आगामी ऑस्ट्रेलिया दौरा रोहित शर्मा के अंतरराष्ट्रीय करियर के लिए बेहद अहम माना जा रहा है। विशेषज्ञों का कहना है कि यह श्रृंखला उनके लिए 'करो या मरो' जैसी साबित हो सकती है। यदि रोहित वहां शानदार प्रदर्शन करते हैं, तो चयनकर्ताओं के लिए उन्हें नजरअंदाज करना मुश्किल होगा। वहीं, कुछ रिपोर्ट्स में यह भी दावा किया गया है कि इस दौरे के बाद रोहित अपने अंतरराष्ट्रीय करियर से संन्यास ले सकते हैं।



हालांकि, उनके अनुभव, बल्लेबाजी की समझ और नेतृत्व क्षमता को देखते हुए क्रिकेट विशेषज्ञ अब भी मानते हैं कि रोहित के पास टीम इंडिया को देने के लिए बहुत कुछ बाकी है। टी20 प्रारूप में भी रोहित शर्मा को एक भरोसेमंद खिलाड़ी के रूप में देखा जाता है। उनका शांत स्वभाव, मैच सिचुएशन को समझने की क्षमता और टीम को संतुलित रखने की कला उन्हें बाकी खिलाड़ियों से अलग बनाती है। कप्तानी भले ही उनसे चली गई हो, लेकिन उनकी उपस्थिति टीम के लिए अब भी प्रेरणादायक मानी जाती है। फिटनेस पर ध्यान देकर उन्होंने यह संदेश दिया है कि उम्र या पद नहीं, बल्कि मेहनत और अनुशासन ही किसी खिलाड़ी को महान बनाते हैं। दिलचस्प बात यह है कि जिम्बाब्वे के स्टार ऑलराउंडर सिकंदर रजा द्वारा चुनी गई एक विशेष टीम में भी रोहित शर्मा को शामिल किया गया है। इस चयन ने यह दिखा दिया है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर खिलाड़ी और विश्लेषक अब भी रोहित के अनुभव, नेतृत्व और मैच जिताने की क्षमता को ऊंचा दर्जा देते हैं। यही वजह है कि भारतीय फैंस के बीच भी यह चर्चा जोरों पर है कि क्या रोहित शर्मा ऑस्ट्रेलिया में अपने बल्ले से एक बार फिर इतिहास रचेंगे। रोहित का यह नया रूप फिट, केंद्रित और दृढ़ यह साबित करता है कि वह अब भी क्रिकेट के सबसे ऊर्जावान खिलाड़ियों में से एक हैं। ऑस्ट्रेलियाई पिचों पर उनका प्रदर्शन यह तय करेगा कि आने वाले वर्षों में भारतीय क्रिकेट में उनकी भूमिका कितनी महत्वपूर्ण बनी रहती है।

# आईपीएल 2026 की नीलामी दिसंबर में, भारत में आयोजन की बढ़ी संभावना


**–रिटेंशन की समय सीमा 15 नवंबर तय**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** आईपीएल 2026 की नीलामी दिसंबर के दूसरे या तीसरे सप्ताह में होने की संभावना जताई जा रही है। रिपोर्ट्स के अनुसार, 13 से 15 दिसंबर के बीच यह आयोजन हो सकता है। एक खबर के अनुसार फ्रेंचाइजी अधिकारियों ने बताया कि उन्होंने बीसीसीआई से बातचीत की है और चर्चा इन्हीं तारीखों पर केंद्रित है। हालांकि, अभी तक लीग की गवर्निंग काउंसिल ने अंतिम कार्यक्रम तय नहीं किया है। इस बार नीलामी भारत में ही आयोजित होने की संभावना अधिक है, जबकि पिछले दो वर्षों में यह विदेश में हुई थी। पहले दुबई में (2023) और फिर सऊदी अरब के जेद्दा में (2024)। फ्रेंचाइजियों का मानना है कि अगर इस बार मिनी नीलामी भारत में होती है, तो यह कोई चौंकाने वाली बात नहीं होगी।

हालांकि, इस संबंध में अंतिम फैसला अभी नहीं लिया गया है। रिटेंशन की समय सीमा 15 नवंबर तय की गई है, यानी तब तक सभी टीमों को यह बताना होगा कि वे किन खिलाड़ियों को बनाए रख रही हैं और किन्हें रिलीज करने की योजना है। पिछले सीजन में सबसे निचले पायदान पर रही चेन्नई सुपर किंग्स और राजस्थान रॉयल्स में कुछ बड़े बदलाव संभव हैं।

रिपोर्ट्स के अनुसार, रिलीज लिस्ट में दीपक हुड्डा, विजय शंकर, राहुल त्रिपाठी, सैम करन और सीएसके के डेवोन कॉनवे जैसे खिलाड़ियों के नाम शामिल हो सकते हैं। आर. अश्विन के आईपीएल से संन्यास लेने के बाद पांच बार की चैंपियन टीम चेन्नई सुपर किंग्स के पास पहले ही 9.75 करोड़ रुपये की अतिरिक्त राशि जुड़ चुकी है। वहीं, राजस्थान रॉयल्स में संजू सैमसन की स्थिति पर भी नजर है, हालांकि उनके कप्तान पद को लेकर फिलहाल कोई निर्णय नहीं हुआ है।

सूत्रों के मुताबिक, रॉयल्स द्वारा श्रीलंकाई स्पिनरों वानिंदु हसरंगा और महेश तीक्षाना को रिलीज करने की योजना पर विचार चल रहा था, लेकिन मुख्य कोच कुमार संगकारा की वापसी के बाद इसमें बदलाव की संभावना है। इसके अलावा, टी नटराजन, मिशेल स्टार्क, आकाशदीप, मयंक यादव और डेविड मिलर जैसे खिलाड़ियों को भी नई टीमों की तलाश करनी पड़ सकती है। इस बीच, ऑस्ट्रेलियाई ऑलराउंडर कैमरून ग्रीन नीलामी में सबसे चर्चित नामों में से एक माने जा रहे हैं। चोट के कारण पिछली नीलामी से बाहर रहे ग्रीन इस बार कई फ्रेंचाइजियों के रडार पर हैं। माना जा रहा है कि इस मिनी नीलामी में उन पर भारी बोली लग सकती है।




# रोनाल्डो गोल करने से चूके लेकिन पुर्तगाल ने आयरलैंड को 1-0 से हराया



लंदन । दिग्गज फुटबॉलर क्रिस्टियानो रोनाल्डो पेनल्टी किक पर गोल करने से चूक गए लेकिन आखिरी क्षणों में रुबेन नेवेस के गोल की बदौलत पुर्तगाल ने विश्व कप क्वालीफाइंग के यूरोपीय चरण में शनिवार को यहां आयरलैंड को 1-0 से हराकर ग्रुप एफ की तालिका में अपनी बढ़त मजबूत कर ली। रोनाल्डो मैच के 75वें मिनट में पेनल्टी पर चूक गए लेकिन नेवेस ने (90+1 मिनट) में गोल कर टीम को लगातार तीसरी जीत दिलाई। इस जीत के साथ ही टीम ने ग्रुप तालिका में नौ अंक के साथ दूसरे स्थान पर काबिज हंगरी पर पांच अंक की बढ़त कायम कर ली है। ग्रुप के दूसरे मैच में हंगरी ने डेनियल लुकाक्स और ज़ोम्बोर ग्रुबर के गोल की मदद से आर्मेनिया को 2-0 से हराया। स्पेन ने ग्रुप ई के मैच में जॉर्जिया को 2-0 से हराने के बाद तालिका में शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। बार्सिलोना के चोटिल प्रतिभाशाली खिलाड़ी लामिन यामल की गैरमौजूदगी में येरेमी पिनो और मिकेल ओयारजाबल के गोल से यूरोपीय चैंपियन स्पेन ने जीत दर्ज की। ग्रुप के अन्य मैच में तुर्की ने बुल्गारिया को 6-1 से हराया। नॉर्वे ने ग्रुप आई में एर्लिंग हालैंड की हैट्रिक से इस एकतरफा मैच को 5-0 से अपने नाम किया। हालैंड के नाम अब नॉर्वे के लिए 46 मैचों में 51 गोल हो गए है। टीम की यह छह मैचों में छठी जीत है और वह ग्रुप तालिका में इटली से छह अंक आगे 18 अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर है। इटली ने एस्टोनिया को 3-1 से हराया।

# जोहर कप 2025: भारत ने न्यूजीलैंड को 4-2 से हराकर जारी रखा अजेय अभियान

**जोहर बहारू (मलेशिया) (एजेंसी)।** भारतीय जूनियर पुरुष हॉकी टीम ने सुल्तान जोहोर कप के दूसरे मैच में न्यूजीलैंड को 4-2 से हराकर लगातार दूसरी जीत दर्ज की। इससे पहले भारत ने टूर्नामेंट के पहले मैच में ब्रिटेन को 3-2 से मात दी थी।

भारत ने मैच की शुरुआत जबरदस्त दबाव के साथ की। पहले क्वार्टर के दूसरे मिनट में अर्शदीप सिंह ने तेज़ी से दाईं ओर दौड़ लगाकर गोल कर भारत को 1-0 की बढ़त दिलाई। क्वार्टर के अंत में कप्तान रोहित की पासिंग पर पीबी सुनील ने पेनल्टी कॉर्नर का शानदार वैरिएशन गोल में बदलकर स्कोर 2-0 किया।

दूसरे क्वार्टर में अरिजीत सिंह हुंडल ने सर्कल के अंदर तेजी से घूमकर तीसरा गोल दागा और भारत की बढ़त 3-0 हो गई। तीसरे क्वार्टर में न्यूजीलैंड ने गस नेल्सन के गोल से 3-1 किया और वापसी की कोशिश की।




चौथे क्वार्टर में आर कुमुर ने पेनल्टी कॉर्नर का उपयोग करते हुए 4-1 का स्कोर बनाया। मैच के अंतिम मिनट में ऐडन मैक्स ने न्यूजीलैंड के लिए दूसरा गोल दागा, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति ने मजबूत खेल दिखाकर मैच को काबू में रखा।

अर्शदीप सिंह की तेज़ और चुस्त शुरुआत भारत के लिए महत्वपूर्ण रही। पीबी सुनील और आर कुमुर की पेनल्टी कॉर्नर क्षमता ने स्कोरिंग में मदद की। अरिजीत सिंह हुंडल की सर्कल में तेज़ी और समन्वय ने मैच पर भारतीय टीम का दबदबा बनाए रखा।

न्यूजीलैंड की टीम ने अंतिम कुछ मिनटों में वापसी की कोशिश की, लेकिन भारतीय रक्षापंक्ति और गोलकीपर की शानदार परफ़ॉर्मेंस ने जीत सुनिश्चित की।

भारत ने लगातार दो मैच जीतकर अजेय अभियान जारी रखा है और अब उसकी नजरें मंगलवार को पाकिस्तान के खिलाफ होने वाले मुकाबले पर हैं। टीम का मनोबल उच्च और रणनीति स्पष्ट दिख रही है, जिससे इसे टूर्नामेंट में लंबा रास्ता तय करने की उम्मीद है।

# जडेजा का लक्ष्य 2027 एकदिवसीय विश्वकप खेलना

नई दिल्ली । भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी ऑलराउंडर रवींद्र जडेजा ने कहा है कि वह अभी संन्यास नहीं ले रहे और उनका लक्ष्य 2027 एकदिवसीय विश्वकप खेलना है।



वेस्टइंडीज़ के खिलाफ टेस्ट सीरीज के दूसरे मैच में 3 विकेट लेने वाले जडेजा ने कहा, 'मैं 2027 विश्व कप खेलने के लिए तैयार हूं।' वहीं उन्हें ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए टीम में शामिल नहीं किया गया है। जिसके बाद से ही कहा जा रहा था कि अब वह इस प्रारुप के लिए चयन समिति के पसंदीदा नहीं रहे। वहीं ये भी कहा गय कि अब उन्हें केवल लंबे प्रारुप में ही जगह मिलेगी। वहीं जडेजा ने इन सभी संभावनाओं को सिरे से नकार दिया है। उन्होंने कहा, 'यह मेरे हाथ में नहीं है कि चयनकर्ता क्या सोचते हैं। उन्होंने मुझे ऑस्ट्रेलिया दौरे से बाहर रहने का कारण बताया था पर मेरा ध्यान इस प्रारुप पर बना हुआ है। । जब भी अवसर मिलेगा मैं अपनी ओर से अच्छा प्रदर्शन करुंगा।' जडेजा ने यह भी कहा कि एकदिवसीय विश्वकप जीतना उनका लक्ष्य है। इससे पहले साल 2023 में टीम फाइनल में पहुंचकर भी ये खिताब नहीं जीत पायी थी। इसलिए उन्हें लगता है कि अभी 'कुछ अधूरा काम बाकी है।' उन्होंने कहा, 'अगली बार जब मौका मिलेगा, मैं पूरी तैयारी के साथ उतरुंगा। पिछली बार हम थोड़ा पीछे रह गए थे, इस बार जो अधूरा रह गया, उसे पूरा करना चाहूंगा।'

# कुलदीप यादव ने पांचवीं बार फाइफर किया अपने नाम, बने दुनिया के नंबर 1 गेंदबाज



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली में भारत और वेस्टइंडीज के बीच खेले जा रहे दूसरे टेस्ट के तीसरे दिन रविवार को टीम इंडिया ने मेहमान टीम को 248 रन पर आउट कर दिया। इस दौरान भारत के लिए बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप यादव सबसे सफल गेंदबाज रहे। कुलदीप ने पांचवीं बार टेस्ट मैच की एक पारी में 5 विकेट लिए। इसके साथ ही उन्होंने स्पिनर के तौर पर टेस्ट में सबसे ज्यादा बार 5 विकेट लेने के रिकॉर्ड की बराबरी कर ली। उनके अलावा इंग्लैंड के जॉनी वार्डले ने 5 बार ऐसा किया है।

बता दें कि, कुलदीप यादव का रिकॉर्ड जॉनी वार्डले से काफी बेहतर है। उन्होंने इंग्लैंड के स्पिनर के मुकाबले आधे टेस्ट में ये कारनामा कर दिया। वार्डले ने 28 टेस्ट में 5 बार पंजा खोला। वहीं कुलदीप ने केवल 15 टेस्ट में ऐसा कर दिया। साउथ अफ्रीका के पॉल एडम्स तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 45 टेस्ट में 4 बार पारी में 5 विकेट झटके।

वेस्टइंडीज के खिलाफ दिल्ली में कुलदीप ने 26.5 ओवर में 82 रन देकर 5 विकेट झटके। कुलदीप ने पहला विकेट दूसरे दिन शनिवार को लिया था। उन्होंने अलिक अथानाज को रविंद्र जडेजा के हाथों कैच कराया। उन्होंने 41 रन बनाए। कुलदीप ने तीसरे दिन पहले सत्र में साई होप 36 और टेविन इमलाच 21 को पवेलियन भेजा।

इसके बाद कुलदीप ने जस्टिन ग्रीव्स को पवेलियन भेजा। उन्होंने 17 रन बनाए। उन्होंने पांचवां विकेट जायडन सील्स के तौर पर लिया। उन्होंने 13 रन बनाए। कुलदीप यादव ने टेस्ट में 15 मैच की 27 पारियों में 21.09 के औसत और 3.52 की इकॉनमी से 65 विकेट लिए हैं। 40 रन देकर 5 विकेट उनका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

## संक्षिप्त समाचार

### ट्रंप ने मध्य पूर्व जाने से पहले कराया मेडिकल टेस्ट

**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने मध्य पूर्व की यात्रा से पहले शुक्रवार को मैरीलैंड के बेथेस्डा स्थित वाल्टर रीड नेशनल मिलिट्री मेडिकल सेंटर में स्वास्थ्य जांच कराई। 79 वर्षीय ट्रंप जनवरी में व्हाइट हाउस में दोबारा कार्यभार संभालने वाले सबसे उम्रदराज व्यक्ति हैं। व्हाइट हाउस ने इसे ट्रंप की नियमित जांच बताई। यह जांच उनके व्यापक शारीरिक परीक्षण के छह महीने बाद हो रहा। अमेरिकी राष्ट्रपति ने यहां सैनिकों के साथ बैठक भी की। ट्रंप ने कहा, शारीरिक और मानसिक रूप से बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। यह डॉक्टर के पास छह महीने में एक बार होने वाली मुलाकात थी। मुझे जांच कराना पसंद है। बता दें, जुलाई में व्हाइट हाउस ने खुलासा किया था कि ट्रंप के पैरों के निचले हिस्से में सूजन और दाहिने हाथ पर चोट के निशान हैं, जबकि तस्वीरों में राष्ट्रपति के टखने सूजे दिखाई दे रहे थे। उनके हाथ का प्रभावित हिस्सा मेकअप से ढका हुआ था।

### खैबर पख्तूनख्वा में पुलिस ट्रेनिंग सेंटर पर आतंकी हमला, तीन आतंकवादी ढेर

**क्वेटा, एजेंसी।** पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में शुक्रवार को एक पुलिस प्रशिक्षण केंद्र पर आतंकियों के हमले में तीन आतंकवादी मारे गए और एक पुलिसकर्मी की मौत हो गई। घटना डेरा इस्माइल खान जिले के पुलिस ट्रेनिंग सेंटर में हुई, जो दक्षिण वजीरिस्तान सीमा के पास स्थित है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, 7 से 8 भारी हथियारों से लैस आतंकियों ने केंद्र पर हमला किया। एक आत्मघाती हमलावर ने केंद्र के पास खुद को उड़ा लिया, जिससे सुरक्षा बलों और आतंकियों के बीच मुठभेड़ शुरू हो गई। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में तीन आतंकवादी मारे गए, जबकि चार से पांच आतंकी अभी भी परिसर के भीतर छिपे होने की आशंका है। सुरक्षा बलों का ऑपरेशन जारी है। हमले में एक पुलिसकर्मी मारा गया है। छह अन्य घायल हुए हैं। इस बीच, पाकिस्तान आर्मी की स्पेशल सर्विसेज ग्रुप (एसएसजी) की टुकड़ी भी स्थल पर पहुंच चुकी है।

### तुर्किए और इराक के बीच जल बंटवारे पर प्रारंभिक समझौता

**अंकारा, एजेंसी।** तुर्किए और इराक ने शुक्रवार को टिगरिस और यूफ्रेट्स नदियों के घटते जल प्रवाह को साझा करने और बेहतर प्रबंधन के लिए एक प्रारंभिक समझौते पर सहमति जताई। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब पश्चिम एशिया के कई हिस्सों में सूखे की स्थिति लगातार गंभीर होती जा रही है। इराक के विदेश मंत्री फुआद हुसैन ने संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि इस समझौते पर जल्द ही इराक में हस्ताक्षर किए जाएंगे। गौरतलब है कि इराक लंबे समय से यह आरोप लगाता रहा है कि तुर्किए द्वारा बनाए गए बांध उसके हिस्से का पानी रोक रहे हैं। इराक की अधिकांश ताजा जल आपूर्ति टिगरिस और यूफ्रेट्स नदियों से होती है, जिनका उद्गम तुर्किए में है।

### रूस के ड्रोन और मिसाइल हमलों से कीव में 20 घायल, दक्षिण-पूर्व में बच्चे की मौत

**कीव, एजेंसी।** रूस के ड्रोन और मिसाइल हमलों ने शुक्रवार तड़के यूक्रेन की राजधानी कीव को हिला दिया, जिसमें कम से कम 20 लोग घायल हो गए और एक 7 वर्षीय बच्चे की मौत हो गई। कई आवासीय इमारतें क्षतिग्रस्त हुईं और देश के कई हिस्सों में बिजली आपूर्ति बाधित हो गई। यूक्रेनी अधिकारियों के अनुसार, राजधानी के केंद्र में 17 मंजिला इमारत की छठी और सातवीं मंजिल पर आग लगने के बाद रेस्क्यू टीमों ने 20 से अधिक लोगों को बचाया। पांच लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने कहा कि रूस पूर्वी मोर्चे पर असफलताओं की भरपाई के लिए नागरिक क्षेत्रों को निशाना बना रहा है। वे युद्ध के मैदान में कुछ नहीं कर पा रहे, इसलिए हमारे शहरों और बिजली संयंत्रों पर हमला कर रहे हैं।

### पूर्व पीएम ऋषि सुनक को माइक्रोसॉफ्ट और एंथ्रोपिक में काम करने की मंजूरी मिली

**लंदन, एजेंसी।** ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री ऋषि सुनक को अमेरिकी टेक कंपनी माइक्रोसॉफ्ट और एआई फर्म एंथ्रोपिक के लिए अंशकालिक वेतनभोगी सलाहकार के रूप में काम करने की मंजूरी मिल गई है। सरकारी निगरानी संस्था एडवाइजरी कमेटी ऑन बिजनेस अपॉइंटमेंट्स ने बृहस्पतिवार को इसकी घोषणा की। समिति ने कहा कि सुनक को दो साल तक दोनों कंपनियों की ओर से सरकार को लॉबी करने की इजाजत नहीं होगी।

# सुरक्षा परिषद में भिड़े अमेरिका और वेनेजुएला, जमकर हुई बहस: ट्रंप सरकार ने कहा- पीछे नहीं हटने वाले




**न्यूयॉर्क, एजेंसी।** शुक्रवार को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में आपात बैठक हुई। यह बैठक वेनेजुएला ने अमेरिकी हमलों के खिलाफ बुलाई थी, जिसमें अमेरिका और वेनेजुएला के बीच तीखी बहस हुई। वेनेजुएला की मादुरो सरकार ने ट्रंप प्रशासन पर सशस्त्र हमला करने की आशंका जताई, वहीं अमेरिका ने कहा कि वे ड्रग कार्टेल के सफाए के लिए पूरी ताकत लगाएंगे और मादुरो सरकार के आरोपों को खारिज कर दिया। अमेरिका ने हाल के दिनों में वेनेजुएला की चार नौकाओं को निशाना बनाया है। वेनेजुएला का आरोप है कि इन हमलों में 21 लोगों की मौत हुई है।


**अमेरिका का दावा- ड्रग कार्टेल के खिलाफ कार्रवाई की :** अमेरिका का दावा है कि जिन नौकाओं को निशाना बनाया गया, उनसे वेनेजुएला से ड्रग्स की अमेरिका में तस्करी की जा रही थी। वहीं वेनेजुएला सरकार का आरोप है कि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप, निकोसल मादुरो सरकार को अपदस्थ करने और क्षेत्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शांति, सुरक्षा और स्थिरता को खतरा पैदा करने की कोशिश कर रहे हैं। वेनेजुएला ने कैरेबियाई समुद्र में अमेरिकी सेना की बड़े पैमाने पर तैनाती पर भी चिंता जाहिर की। वेनेजुएला ने ट्रंप प्रशासन पर लगाए गंभीर आरोप सुरक्षा परिषद की बैठक में वेनेजुएला के संयुक्त राष्ट्र राजदूत सैमुअल मोनकाडा ने कहा, अमेरिकी सरकार की आक्रामक कार्रवाई और बयानबाजी इस तथ्य की ओर साफ इशारा करती हैं कि हम एक ऐसी स्थिति का सामना कर रहे हैं जिसमें यह अनुमान लगाया जा सकता है कि जल्द ही अमेरिका, वेनेजुएला पर सशस्त्र हमला कर सकता है। बैठक के दौरान वेनेजुएला को अपने सहयोगी देशों रूस और चीन से समर्थन मिला, लेकिन 15 सदस्यीय परिषद के बाकी सदस्यों ने संभलकर बयान जारी किया और दोनों देशों से तनाव कम करने और संयुक्त राष्ट्र चार्टर का पालन करने की अपील की। संयुक्त राष्ट्र चार्टर के अनुसार सभी 193 सदस्य देशों को दूसरे देशों की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करना और विवादों को शांतिपूर्ण तरीके से सुलझाना जरूरी है।

मोनकाडा ने परिषद से अमेरिकी सैन्य कार्रवाई रोकने और एक ऐसे प्रस्ताव को मंजूरी देने की अपील की, जिसमें अमेरिका सहित सभी सदस्य वेनेजुएला की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता का सम्मान करने के लिए प्रतिबद्ध हों। हालांकि अमेरिका और उसकी वीटो शक्ति के कारण परिषद द्वारा इनमें से कोई भी कार्रवाई करने की संभावना नहीं है। अमेरिका ने कहा- ड्रग कार्टेल के खात्मे तक पीछे नहीं हटने वाले संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद की इस बैठक में न तो अमेरिकी राजदूत माइक वाल्ट्ज और न ही उनके उप राजदूत शामिल हुए। ट्रंप प्रशासन के राजनीतिक सलाहकार जॉन केली ने इस बैठक में ट्रंप सरकार का पक्ष रखा और कहा कि राष्ट्रपति ट्रंप ने साफ कहा है कि वह इन ड्रग कार्टेल से निपटने और उन्हें जड़ से उखाड़ फेंकने के लिए पूरी ताकत का इस्तेमाल करेंगे। उन्होंने कहा कि कार्टेल सशस्त्र, सुसंगठित और हिंसक हैं और अमेरिका ऐसी स्थिति में पहुंच गया है जहां हमें आत्मरक्षा और दूसरों की रक्षा के लिए बल प्रयोग करना होगा। केली ने जोर देकर कहा कि अमेरिका, मादुरो या उनकी सरकार को मान्यता नहीं देता है, और ट्रंप के इस दावे को दोहराया कि मादुरो एक नार्कोटेररिस्ट हैं। मादुरो और उनकी सरकार ने इस आरोपों का खंडन किया है।

### जिनपिंग के साथ बैठक रद्द करने की बात से पलटे ट्रंप, चीन के नए निर्यात प्रतिबंधों को बताया चौंकाने वाला

**वाशिंगटन डीसी, एजेंसी।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीनी राष्ट्रपति शी जिंगपिंग के साथ मुलाकात रद्द करने वाले बयान पर स्पष्टीकरण जारी किया है। डोनाल्ड ट्रंप ने अपनी हालिया टिप्पणी, जिसमें उन्होंने शी जिनपिंग से मिलने का कोई कारण नहीं होने की बात कही थी, अब उस बयान पर सफाई दी है। ट्रंप ने कहा कि चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के साथ प्रस्तावित बैठक आधिकारिक तौर पर रद्द नहीं की है। चीन पर बोलते हुए ट्रंप ने व्हाइट हाउस में मीडिया से कहा, नहीं, मैंने रद्द नहीं किया है। हालांकि, मुझे यकीन नहीं है कि हम इसे हासिल कर पाएंगे या नहीं। मैं वहां जरूर जाऊंगा। मुझे लगता है कि हम इसे प्राप्त कर पाएंगे। हालांकि, उन्होंने दुनिया को एक झटका दिया। यह चौंकाने वाला था। अचानक, उन्होंने आयात-निर्यात की यह पूरी अवधारणा बना दी, और किसी को इसके बारे में कुछ भी पता नहीं था। इससे पहले ट्रंप ने कहा था कि बीजिंग ने दुर्लभ मृदा तत्वों पर व्यापक नए निर्यात नियंत्रण लगाकर बेहद शत्रुतापूर्ण कदम उठाए जाने के बाद,चीनी राष्ट्रपति से मुलाकात करने का कोई कारण नहीं है। ट्रंप ने आरोप लगाया कि चीन ने दुर्लभ पृथ्वी तत्वों पर निर्यात नियंत्रण बढ़ाया है, जो एक अत्यंत आक्रामक रुख है। उन्होंने यह भी चेतावनी दी थी कि अमेरिका कड़े जवाबी उपायों के साथ जवाब देने की तैयारी कर रहा है।

## अल-फाशर में तीन दिनों से हमला, 53 नागरिकों की मौत, 60 से अधिक घायल; यूएन ने मानवता को खतरे में बताया



**काहिरा, एजेंसी।** सूडान के पश्चिमी हिस्से में अल-फाशर कैम्प और आसपास के इलाकों में इस सप्ताह तीन दिनों में हुए संघर्षों में कम से कम 53 नागरिक मारे गए और 60 से अधिक घायल हुए हैं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार प्रमुख वोल्कर टर्क ने यह जानकारी दी और चेतावनी दी कि मृतकों की संख्या बढ़ सकती है।

**ड्रोन और तोपखाने के हमलों में दर्जनों मरे :** टर्क ने बताया कि पैरामिलिट्री रैपिड सपोर्ट फोर्स द्वारा अबु शौक और दाराजा औला इलाकों में किए गए ड्रोन और तोपखाने के हमलों में 46 लोग मारे गए। इनमें से दर्जनों लोग एल-फाशर के एकमात्र कामकाजी अस्पताल पर हुए शेलिंग में मारे गए। शेलिंग के दौरान पास की मस्जिद भी निशाना बनी, जहां लोग शरण लिए हुए थे।


**भड़काऊ हमले और सामूहिक हत्याएं :** रैपिड सपोर्ट फोर्स की जमीनी कार्रवाई के दौरान कम से कम सात लोगों की जातिगत हत्या की गई। आरएसएफ और सूडानी सेना पर कथित युद्ध अपराध और मानवता के खिलाफ अपराध का आरोप लगा है और अंतरराष्ट्रीय आपराधिक न्यायालय द्वारा जांच चल रही है। टर्क ने कहा कि नागरिकों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए बार-बार अपील करने के बावजूद, उनके खिलाफ हमले जारी हैं। यह युद्ध कानून का उल्लंघन है और इसे तुरंत रोका जाना चाहिए। उन्होंने यूएन सदस्य देशों से तत्काल कदम उठाने का आग्रह किया।

सूडान में अप्रैल 2023 से जारी है गृहयुद्ध सूडान में 2023 से आरएसएफ और सेना के बीच संघर्ष जारी है। डारफुर क्षेत्र इस लड़ाई का मुख्य केंद्र रहा है। युद्ध में अब तक 40,000 से अधिक लोगों की मौत हुई है, 14 मिलियन लोग विस्थापित हुए हैं और कई हिस्सों में, विशेषकर डारफुर में, अकाल की घोषणा की गई है। एल-फाशर, उत्तर डारफुर की राजधानी, पिछले एक साल से घेराबंदी में है। यूएन और अन्य सहायता समूहों का कहना है कि शहर में 2.6 लाख नागरिक फंसे हुए हैं।

## रूस ने लौटाए आठ यूक्रेनी बच्चे, रंग लाई मेलानिया की कोशिश; पुतिन से तीन माह की वार्ता का नतीजा

**वॉशिंगटन, एजेंसी।** रूस-यूक्रेन युद्ध के बीच अमेरिका की फर्स्ट लेडी मेलानिया ट्रंप ने एक बड़ा खुलासा किया है। उन्होंने कहा कि पिछले साल अगस्त में राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन को लिखे गए उनके पत्र के बाद से दोनों के बीच यूक्रेनी बच्चों की सुरक्षा और पुनर्मिलन को लेकर लगातार संवाद चल रहा है। मेलानिया के मुताबिक, दोनों देशों की सरकारें बच्चों की सुरक्षित वापसी के लिए सद्भावना के साथ काम कर रही हैं। मेलानिया ट्रंप ने अपने बयान में कहा एक बच्चे की आत्मा किसी सीमा या झंडे को नहीं जानती। पिछले साल जब मैंने राष्ट्रपति पुतिन को पत्र लिखा, उन्होंने व्यक्तिगत रूप से जवाब दिया और रूस में रह रहे यूक्रेनी बच्चों के बारे में जानकारी साझा की। तब से हमारे बीच इन बच्चों की भलाई को लेकर लगातार बातचीत हो रही है। 24 घंटे में 8 यूक्रेनी बच्चों को उनके परिवारों से मिलाया उन्होंने बताया कि पिछले तीन महीनों में दोनों पक्षों के बीच कई बैक-चैनल मीटिंग्स और फोन कॉल्स हुई हैं, जिनमें बच्चों को उनके परिवारों से मिलाने पर सहमति बनी। मेलानिया ने कहा पिछले 24 घंटे में 8 यूक्रेनी बच्चों को सफलतापूर्वक उनके परिवारों से मिलाया गया है। फर्स्ट लेडी के इस बयान ने अंतरराष्ट्रीय स्तर पर ध्यान आकर्षित किया है। यह पहली बार है जब उन्होंने खुलकर स्वीकार किया कि वे पुतिन के साथ मानवीय मुद्दे पर सीधे संवाद कर रही हैं। उन्होंने कहा कि यह प्रयास राजनीति से परे है और केवल मानवता एवं बच्चों के भविष्य से जुड़ा है। मेलानिया ट्रंप ने आगे कहा कि आने वाले हफ्तों में और बच्चों की वापसी सुनिश्चित करने के लिए रूस और यूक्रेन के अधिकारियों के साथ सहयोग जारी रहेगा। उन्होंने उम्मीद जताई कि इस पहल से युद्ध के बीच फंसे अन्य परिवारों को भी राहत मिलेगी।

## पेरू में बोलुआर्ते की जगह जोस जेरी बने अंतरिम राष्ट्रपति; 10 साल में सातवें राष्ट्रपति ने संभाला पदभार



**लीमा, एजेंसी।** पेरू में शुक्रवार को 38 वर्षीय जोस जेरी ने सातवें राष्ट्रपति के तौर पर पदभार संभाला। यह तब हुआ जब कांग्रेस ने राष्ट्रपति डिना बोलुआर्ते को हटा दिया। जुलाई में कांग्रेस अध्यक्ष बने जेरी ने शपथ लेने के बाद कहा कि वे देश में मेल-जोल बढ़ाएंगे, अपराध कम करेंगे और अगले अप्रैल में होने वाले राष्ट्रपति चुनाव में निष्पक्षता सुनिश्चित करेंगे।

कांग्रेस ने गुरुवार देर रात डिना बोलुआर्ते के खिलाफ महाभियोग प्रक्रिया शुरू की। उन्होंने बोलुआर्ते को अपने सामने उपस्थित होने के लिए बुलाया, लेकिन जब वे नहीं आईं, तो कांग्रेस ने तुरंत उन्हें पद से हटा दिया। कुल 124 सांसदों ने उनके खिलाफ मतदान किया। यह उनके खिलाफ नौवीं महाभियोग कोशिश थी। बोलुआर्ते की हटाई गई राष्ट्रपति पद डिना बोलुआर्ते पेरू की पहली महिला राष्ट्रपति थीं। उन्होंने दिसंबर 2022 में पद संभाला था। उनके कार्यकाल में बढ़ते अपराध और लगातार प्रदर्शन उनके लिए चुनौती बने रहे। उन्होंने कुछ हिस्सों में देश में अवैध प्रवासियों को अपराध का कारण बताया। जनवरी से अगस्त 2025 तक 6,041 लोग मारे गए और उगाही की शिकायतों में 28% वृद्धि हुई। राष्ट्रपति पद से हटाए जाने के बाद कोई उप-राष्ट्रपति नहीं था, इसलिए कांग्रेस के अध्यक्ष जोस जेरी को अंतरिम राष्ट्रपति बनाया गया। जेरी की राष्ट्रपति बनने की कहानी जोस जेरी 2021 में कांग्रेस में आए और पूर्व राष्ट्रपति मार्टिन विजकार्रा की सीट पर बैठे। जुलाई में वे कांग्रेस अध्यक्ष बने और उनके समर्थन से ही बोलुआर्ते सत्ता में आई थीं। हालांकि, उनके खिलाफ इस साल बलात्कार के आरोपों की जांच हुई, जो बाद में बिना निष्कर्ष के बंद कर दी गई। अपराध और विरोध प्रदर्शनों की चुनौती बोलुआर्ते के पहले तीन महीनों में 500 से अधिक प्रदर्शन हुए। उनकी प्रशासनिक अक्षमता और अपराध नियंत्रण में असफलता उनके हटाए जाने का मुख्य कारण बनी। सरकारी आंकड़े बताते हैं कि जनवरी से अगस्त 2025 तक 6,041 लोग मारे गए, जबकि आपराधिक शिकायतों में 28% की वृद्धि दर्ज हुई। बोलुआर्ते ने हाल ही में यह स्थिति अवैध प्रवासियों और पिछले प्रशासन की विफलताओं से जोड़कर बयान दिया था। जोस जेरी अब बोलुआर्ते का कार्यकाल पूरा करेंगे और अगले अप्रैल 2026 में चुनाव होंगे। उनका उद्देश्य देश में कानून-व्यवस्था बनाए रखना और अंतरिम अवधि में राजनीतिक स्थिरता सुनिश्चित करना है।

## अमेरिकी सैन्य विस्फोटक फैक्ट्री में भीषण धमाका, 19 लोग लापता; सभी के मारे जाने की आशंका



**वाशिंगटन, एजेंसी।** अमेरिका के टेनेसी राज्य में एक सैन्य म्यूनिशन (विस्फोटक) फैक्ट्री में हुए भीषण धमाके ने पूरे इलाके में हड़कंप मचा दिया। इस हादसे में 19 लोग लापता हैं और उनके मृत होने की आशंका जताई जा रही है। हंफ्री काउंटी के शेरिफ क्रिस डेविस ने बताया कि यह अब तक का सबसे भयावह दृश्य था जो उन्होंने अपने करियर में देखा है। उन्होंने कहा हमारी टीम लगातार बचाव कार्य में जुटी है और लापता लोगों के परिवारों से बात कर रही है। यह एक बेहद दुखद और विनाशकारी घटना है।

**विस्फोट के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं :** शेरिफ ने बताया कि फिलहाल मलबे के नीचे से किसी भी शव की आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है, लेकिन धमाके की तीव्रता को देखते हुए अधिकारियों को कई लोगों की मौत की आशंका है। विस्फोट के कारणों का अभी तक खुलासा नहीं हो सका है। शुरुआती जांच के अनुसार, हादसा फैक्ट्री में विस्फोटक सामग्री के अनुचित भंडारण या तकनीकी गड़बड़ी की वजह से हुआ हो सकता है। मीलों दूर तक महसूस हुआ धमाका स्थानीय प्रशासन ने बताया कि धमाके की आवाज और झटका कई मील दूर तक महसूस किया गया। घटनास्थल पर दमकलकर्मी और बचाव टीमें लगातार काम कर रही हैं। आसपास के इलाकों को सुरक्षा कारणों से खाली करा लिया गया है। एक अधिकारी ने कहा यह सिर्फ एक हादसा नहीं, बल्कि एक त्रासदी है जिसने पूरे समुदाय को झकझोर दिया है। हमारी प्राथमिकता सभी लापता लोगों को ढूंढने और उनके परिवारों तक सुरक्षित पहुंचाने की है। शेरिफ क्रिस डेविस ने बताया कि विस्फोट का कारण फिलहाल स्पष्ट नहीं है। जांच एजेंसियां मौके पर हैं और पूरी जांच में कई दिन लग सकते हैं। हंफ्री काउंटी इमरजेंसी मैनेजमेंट एजेंसी की प्रवक्ता ग्रे कॉलियर ने बताया कि अब आगे किसी अन्य विस्फोट का खतरा नहीं है।

## लेकॉर्नू दोबारा बने फ्रांस के प्रधानमंत्री, मैक्रों ने दिया एक और मौका; राजनीतिक गतिरोध तोड़ने की है चुनौती



**पेरिस, एजेंसी।** फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने सेबस्टियन लेकोर्नू को फिर से प्रधानमंत्री के रूप में नियुक्त किया। लेकोर्नू ने हाल ही में इस्तीफा दिया था, लेकिन राष्ट्रपति ने उन्हें फिर से सरकार बनाने और बजट तैयार करने की चुनौती दी है। यह कदम देश में बढ़ते राजनीतिक और आर्थिक संकट को संभालने की कोशिश माना जा रहा है।

**लेकोर्नू की पुनः** नियुक्ति कई दिनों की कड़ी बातचीत के बाद हुई है। उन्होंने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने कर्तव्य की भावना से यह जिम्मेदारी स्वीकार की है। उनका मिशन है कि वर्ष के अंत तक फ्रांस को बजट उपलब्ध कराना और आम नागरिकों की रोजमर्रा की समस्याओं का समाधान करना।

बता दें कि सेबेस्टियन लेकोर्नु ने सोमवार को प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा दे दिया था, जिसके बाद मैक्रों के राष्ट्रपति पद छोड़ने और संसद भंग करने की मांग उठने लगी थी, लेकिन मैक्रों ने पद छोड़ने से इनकार कर दिया और नया प्रधानमंत्री नियुक्त करने का एलान कर दिया था।

**सरकार में बदलाव और शर्तें :** लेकोर्नू ने यह भी कहा कि उनकी नई कैबिनेट में शामिल सभी सदस्यों को 2027 में राष्ट्रपति पद के लिए अपनी महत्वाकांक्षा छोड़नी होगी। उन्होंने आश्वासन दिया कि नई सरकार नवीनीकरण और कौशल की विविधता को दर्शाएगी।

**मैक्रों का दूसरा कार्यकाल चुनौतीपूर्ण :** मैक्रों का दूसरा कार्यकाल 2027 तक है, लेकिन उन्हें राष्ट्रीय विधानसभा में बहुमत न होने के कारण कई फैसलों को लागू करने में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। इस पुनर्नियुक्ति को राष्ट्रपति के लिए अपने कार्यकाल को मजबूती देने का आखिरी मौका माना जा रहा है।

**फ्रांस का कर्ज कुल जीडीपी का 114 प्रतिशत :** बीते एक साल से फ्रांस में राजनीतिक गतिरोध जारी है और यह ऐसे समय हो रहा है, जब यूरोपीय संघ की दूसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बुरे दौर से गुजर रही है। फ्रांस में ऋण संकट बढ़ रहा है। साल 2025 की पहली तिमाही में फ्रांस का कुल कर्ज 3.9 खरब अमेरिकी डॉलर रहा, जो सकल घरेलू उत्पाद का 114 प्रतिशत रहा। राष्ट्रीय सांख्यिकी संस्थान के आंकड़ों के अनुसार, फ्रांस की गरीबी दर भी 2023 में 15.4 प्रतिशत तक पहुंच गई, जो 1996 के बाद सबसे ज्यादा है।

माना जा रहा है कि इमैनुएल मैक्रों को अब पेंशन सुधार के अपने कदम से पीछे हटना पड़ सकता है। मैक्रों के इस कदम की भारी आलोचना और विरोध भी हो रहा है। मैक्रों ने इस बेहद अलोकप्रिय उपाय के लिए कड़ा संघर्ष किया, जिसे व्यापक विरोध के बावजूद 2023 में कानून बना दिया गया।

## विशाल सैन्य परेड और सबसे शक्तिशाली हथियारों का जखीरा, किम जोंग-उन ने फिर दुनिया को चौंकाया

**सियोल, एजेंसी।** उत्तर कोरिया के शासक किम जोंग-उन के नेतृत्व में सत्तारूढ़ दल ने अपनी स्थापना का 80वां वर्षगांठ का जश्न मनाया। किम जोंग और विदेशी नेताओं की मौजूदगी में आयोजित विशाल सैन्य परेड में उत्तर कोरिया ने एक बार फिर दुनिया को चौंका दिया। इस दौरान किम जोंग ने अपनी परमाणु-सशस्त्र सेना के सबसे शक्तिशाली हथियारों का प्रदर्शन किया, जिसमें एक नई अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल भी शामिल है। जिसका परीक्षण वह आने वाले हफ्तों में करने की तैयारी कर रहे हैं।

रिपोर्ट्स के मुताबिक शुक्रवार रात बारिश में शुरू हुई और सत्तारूढ़ वर्कर्स पार्टी की स्थापना की 80वीं वर्षगांठ के मौके पर आयोजित परेड ने किम की बढ़ती कूटनीतिक पकड़ और एक ऐसा शस्त्रागार बनाने के प्रयास को उजागर किया, जो अमेरिका और एशिया में उनके प्रतिद्वंद्वियों को प्रभावी ढंग से निशाना बना सके।

**सैन्य परेड में हथियारों का जखीरा :** उत्तर कोरिया की आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि परेड में ह्वासोंग-20 नामक एक नई, अभी तक परीक्षण ना की गई अंतरमहाद्वीपीय बैलिस्टिक मिसाइल का प्रदर्शन किया गया, जिसे सबसे शक्तिशाली परमाणु रणनीतिक हथियार प्रणाली बताया गया। प्रदर्शन में शामिल अन्य हथियारों में कम दूरी की बैलिस्टिक, क्रूज और सुपरसोनिक मिसाइलें शामिल थीं, जिन्हें उत्तर कोरिया ने पहले प्रतिद्वंद्वी दक्षिण कोरिया में लक्ष्यों पर परमाणु हमला करने में सक्षम बताया था।

**अमेरिका का नहीं किया सीधा जिक्र :** उत्तर कोरिया की आधिकारिक केसीएनए समाचार एजेंसी के अनुसार, परेड में दिए गए भाषण में किम ने कहा कि उनकी सेना को एक अजेय शक्ति के रूप में विकसित होते रहना चाहिए जो सभी खतरों को खत्म कर दे, लेकिन उन्होंने वाशिंगटन या सियोल का कोई सीधा जिक्र नहीं किया।



**रूस भेजी गई सैन्य टुकड़ी का प्रदर्शन :** रूस की ज्ञस्स्समाचार एजेंसी की तस्वीरों और वीडियो में हजारों दर्शकों को किम जोंग उन के राष्ट्र-संस्थापक दादा के नाम पर जगमगाते किम इल सुंग स्क्वायर पर मिसाइल लगे वाहनों के गुजरते हुए दिखाया गया है। केसीएनए के मुताबिक परेड के दौरान मार्च करने वाले सैनिकों की टुकड़ियों में अजेय विदेशी संचालन इकाई शामिल थी, जिसने कोरियाई लोगों के जज्बे का पूरी तरह से प्रदर्शन किया, जिससे पता चलता है कि वे सैनिक थे, जिन्हें किम ने यूक्रेन के खिलाफ युद्ध प्रयास में शामिल होने के लिए रूस भेजा था।

बता दें कि यूक्रेन पर आक्रमण के बाद से किम ने रूस को अपनी विदेश नीति की प्राथमिकता बना लिया है, पुतिन की युद्धक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए हजारों सैनिक और तोपखाने सहित बैलिस्टिक मिसाइलों व हथियारों की बड़ी खेप भेज रहे हैं। किम ने पिछले महीने चीन का भी दौरा किया था और एक विशाल सैन्य परेड में चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग और पुतिन के साथ मुख्य मंच साझा किया था, जो उनकी कूटनीतिक पकड़ को मजबूत करने के उद्देश्य से एक और कदम था।

## फर्जी पासपोर्ट से भरी उड़ान, यूएई से डिपोर्ट होकर भारत में फंसा, धोखाधड़ी में गिरफ्तार

नई दिल्ली (एजेंसी)। ब्लैक लिस्ट किए जाने के सात साल बाद एक व्यक्ति दूसरे नाम से पासपोर्ट बनवाकर यूएई पहुंच गया। एयरपोर्ट पर तकनीकी जांच के जरिए फर्जीवाड़े का खुलासा हो गया। यूएई एयरपोर्ट के अधिकारियों ने उसे तुरंत भारत निर्वासित कर दिया। आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचने पर उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया। पुलिस ने फर्जीवाड़ा का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी यात्री से पूछताछ कर फर्जीवाड़े में शामिल आरोपियों की पहचान करने में जुटी है। सात अक्तूबर की देर रात पंजाब के जालंधर का रहने वाला सतनाम नाम का व्यक्ति यूएई से आईजीआई एयरपोर्ट पहुंचा। उसके पास पासपोर्ट था। दस्तावेजों की जांच में पता चला कि यूएई में ब्लैकलिस्ट होने की वजह से उसे वहां प्रवेश की अनुमति नहीं दी गई। लेकिन उसके पासपोर्ट की जांच में पता चला कि उसने इससे पहले यूएई की यात्रा नहीं की थी। शक होने पर इमिग्रेशन अधिकारियों ने यात्री से पूछताछ की। सतनाम ने खुलासा किया कि उसका असली नाम नसतार है। उसने नसतार नाम से पासपोर्ट बनाकर यूएई गया था, लेकिन अवधि से अधिक वहां रुकने की वजह से उसे पकड़ लिया गया और बाद में ब्लैकलिस्ट कर दिया गया।

## उत्तराखंड में पड़ने लगी गुलाबी ठंड, लोगों से सेहत के प्रति सजग रहने की अपील

**-दिन और रात के तापमान में 13 डिग्री से ज्यादा की गिरावट**

देहरादून (एजेंसी)। उत्तराखंड में सुबह-शाम कड़ाके की सर्दी पड़ने लगी है। दिन और रात के तापमान में 13 डिग्री से ज्यादा का अंतर आ गया है। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने लोगों से सेहत के प्रति सजग रहने की अपील की है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक ने बताया कि प्रदेशभर में मौसम शुष्क रहने के आसार हैं। आगामी एक सप्ताह तक प्रदेशभर में धूप खिली रहेगी। वरिष्ठ फिजिशियन के मुताबिक दिन में मौसम गर्म और रात, सुबह एवं शाम को ठंड होने से सेहत पर असर पड़ता है। जब ठंड हो तो एहतियात बरतें। पंखा चलाने को लेकर एहतियात बरतें। गुलाबी ठंड एक मौसमीय घटना है जो उत्तर भारत, खासकर उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, उत्तर प्रदेश और पहाड़ी इलाकों में पड़ती है। इसका असर मुख्य रूप से दिसंबर-जनवरी में दिखता है। गुलाबी ठंड में अत्यधिक ठंडी रातें और सुबह के समय का असामान्य तापमान रहता है। इसे इसलिए 'गुलाबी' कहा जाता है क्योंकि सुबह के समय सूरज की पहली किरणों में घास, खेत और पेड़ गुलाबी-लाल रंग में दिखाई देते हैं।

## मुंबई एयरपोर्ट पर 12.58 करोड़ का सोना पकड़ाया, कर्मचारियों समेत 13 गिरफ्तार

मुंबई (एजेंसी)। राजस्व आसूचना निदेशालय (डीआरआई) ने मुंबई एयरपोर्ट पर 12.58 करोड़ रुपए मूल्य का सोना जब्त किया है और इस संबंध में 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि 'ऑपरेशन गोल्डन स्वीप' के तहत डीआरआई की मुंबई जोनल इकाई ने सोने की तस्करी के गिरोह का पर्दाफाश किया है। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों के हवाले से बताया कि इस मामले में हवाई अड्डा कर्मचारियों समेत 13 लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार लोगों में दो बांग्लादेशी और छह श्रीलंकाई नागरिक हैं। कुल 10.5 किलोग्राम सोना जब्त किया गया है, जिसकी कीमत करीब 12.58 करोड़ रुपए है। अधिकारियों ने बताया कि मुंबई पहुंचने पर, संबंधित ट्रांजिट यात्री तस्करी का सोना अंतरराष्ट्रीय प्रस्थान क्षेत्र में मौजूद एयरपोर्ट के कर्मचारियों को सौंप देते थे। उन्होंने कहा कि इसके बाद कर्मचारी सोने को हवाई अड्डा परिसर से बाहर ले जाकर बाहरी लोगों को सौंप देते थे।

## दिल्ली को 'भारत की कौशल राजधानी' बनाने सरकार की प्रतिबद्धता : मंत्री सूद

नई दिल्ली (एजेंसी)। दिल्ली के शिक्षा मंत्री आशीष सूद ने दिल्ली कौशल एवं उद्यमिता विश्वविद्यालय (डीएसईयू) के स्थापना दिवस पर दिल्ली को 'भारत की कौशल राजधानी' बनाने के लिए सरकार की प्रतिबद्धता दोहराई। गृह, उच्च शिक्षा और प्रशिक्षण एवं तकनीकी शिक्षा मंत्री की भी जिम्मेदारी संभालने वाले सूद ने कहा कि डीएसईयू की पहुंच और प्रभाव को दिल्ली से बाहर तक ले जाना सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने कहा कि मैं यहां केवल एक मंत्री के रूप में ही नहीं बल्कि कौशल विकास के जरिए हो रहे परिवर्तन में एक भागीदार के रूप में भी हूं। शासन का मतलब पंक्ति में खड़े अंतिम व्यक्ति तक सेवाएं पहुंचाना है। सूद ने डीएसईयू को शिक्षा, रोजगार और उद्यमिता के एक साथ आगे बढ़ने वाले कौशल भारत दृष्टिकोण का जीवंत उदाहरण बताया। उन्होंने विश्वविद्यालयों और शैक्षणिक संस्थानों से लंबित मुद्दों को समयबद्ध तरीके से हल करने के लिए समिति का गठन करने की घोषणा की। शिक्षा सुधारों पर सरकार के दृष्टिकोण को रेखांकित करते हुए मंत्री सूद ने कहा कि पीएम मोदी के मार्गदर्शन और दिल्ली सीएम रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के सिद्धांत पर काम कर रही है। डीएसईयू के कुलपति अशोक कुमार नागावत ने कहा कि डीएसईयू भारत का पहला विश्वविद्यालय है जिसने एनईपी को पूरी तरह लागू किया है।

## केरल फिर देश का रोल मॉडल : अत्यंत गरीबी खत्म करने वाला दक्षिण एशिया का पहला राज्य

तिरुवनंतपुरम (एजेंसी)। केरल राज्य एक बार फिर अपनी मजबूत सरकारी और सामाजिक भागीदारी के दम पर देश के लिए रोल मॉडल बनने जा रहा है। राज्य ने आधिकारिक तौर पर अपने यहाँ से अत्यंत गरीबी (Extreme Poverty) खत्म करने की घोषणा कर दी है, जिसकी औपचारिक घोषणा 1 नवंबर को होगी। ऐसा करने वाला केरल देश का ही नहीं, बल्कि दक्षिण एशिया का पहला राज्य होगा। मुख्यमंत्री पिनराई विजयन के मुताबिक, संयुक्त राष्ट्र के अनुसार जिनकी आय ?158.10 प्रति दिन से कम है, वे अत्यंत गरीबी की श्रेणी में आते हैं। केरल ने इससे आगे बढ़कर भोजन, आय, स्वास्थ्य और आवास को आधार बनाया और इस पहल को मानवीय गरिमा नाम दिया। केरल में स्वर्णम्मा जैसी 1.03 लाख लोग हैं, जो अत्यंत गरीबी में जीवन गुजार रहे थे, जिनकी जिंदगी अब बदल गई है।

# घुसपैठ पर कांग्रेस का शाह से बड़ा सवाल, पिछले 11 साल से क्या कर रहे थे?



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के घुसपैठ संबंधी बयान पर कांग्रेस ने तीखा पलटवार किया है। पार्टी ने आरोप लगाया कि अमित शाह आगामी विधानसभा चुनावों से पहले मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने के लिए दुष्प्रचार की राजनीति कर रहे हैं।

दरअसल, अमित शाह ने शनिवार को एक कार्यक्रम में कहा था कि कुछ राजनीतिक दल घुसपैठियों को वोट बैंक के रूप में देखते हैं। और सवाल किया था कि गुजरात और राजस्थान की सीमाओं पर घुसपैठ क्यों नहीं होती? शाह ने यह भी दावा किया था कि भारत में मुस्लिम आबादी में 24.6 प्रतिशत की वृद्धि हुई है, जबकि हिंदू आबादी में 4.5 प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई है। उन्होंने इस असंतुलन का कारण पाकिस्तान और बांग्लादेश से हो रही अवैध घुसपैठ को बताया था।

कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पोस्ट कर गृह मंत्री पर तीखा हमला किया। उन्होंने लिखा, सहकारिता मंत्री ने 10 अक्टूबर को हिंदू-मुस्लिम विवाद को हवा देने और चुनावों से पहले मतदाताओं का ध्रुवीकरण करने की कोशिश की। खेड़ा ने आरोप लगाया कि शाह ने मुसलमानों की बढ़ती आबादी का हवाला देकर यह संकेत दिया कि भारत में व्यापक मुस्लिम घुसपैठ हो रही है। उन्होंने सवाल उठाते हुए कहा, अगर मुस्लिम आबादी घुसपैठ के कारण बढ़ी है, जैसा कि गृह मंत्री दावा कर रहे हैं, तो वे पिछले 11 सालों से क्या कर रहे थे? खेड़ा ने कहा कि शाह को जल्द ही यह एहसास हो गया कि वह गृह मंत्री भी हैं, और इसलिए उन्होंने अपना बयान सोशल मीडिया से हटा लिया।

कांग्रेस नेता ने आंकड़े पेश करते हुए कहा कि 2005 से 2013 के बीच यूपीए सरकारों ने 88,792 बांग्लादेशी नागरिकों को निर्वासित किया था, जबकि भाजपा शासन में 11 वर्षों में यह संख्या 10,000 से भी कम रही। उन्होंने तंज कसा, ÷खाली बर्तन ज्यादा खड़कते हैं।÷ वहीं, कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भी शाह पर निशाना साधते हुए कहा कि अमित शाह वेपन ऑफ मास डिसइनफॉरमेशन (दुष्प्रचार का व्यापक हथियार) और वेपन ऑफ इंटिमिडेटरी मास पोलराइजेशन (धमकी आधारित जनध्रुवीकरण का हथियार) का इस्तेमाल कर रहे हैं। कांग्रेस का कहना है कि अमित शाह के ऐसे बयान देश में साम्प्रदायिक तनाव को बढ़ाने का काम करते हैं, जबकि गृह मंत्री का दायित्व शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना है।

## कसौली चिदंबरम बोले- ऑपरेशन ब्लू स्टार एक गलत कदम था, इंदिरा गांधी ने जान देकर चुकाई कीमत

**कसौली (एजेंसी)।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने एक कार्यक्रम में कहा, कि 1984 में स्वर्ण मंदिर में सैन्य कार्रवाई यानी 'ऑपरेशन ब्लू स्टार' गलत कदम था और तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने इसकी कीमत अपनी जान देकर चुकाई। चिदंबरम हिमाचल प्रदेश के कसौली में आयोजित खुशवंत सिंह साहित्य महोत्सव में हिस्सा लेने पहुंचे थे।

कार्यक्रम में चिदंबरम हरिंदर बावेजा की किताब ÷दे विल शूट यू, मैडम÷ पर चर्चा कर रहे थे। उन्होंने कहा, मैं किसी फौजी अफसर का अनादर नहीं कर रहा, लेकिन स्वर्ण मंदिर को वापस पाने का तरीका गलत था। कुछ साल बाद हमने बिना सेना के सही तरीका अपनाया। ब्लू स्टार गलत रास्ता था और श्रीमती गांधी ने इस गलती की कीमत अपनी जान देकर चुकाई। उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि यह फैसला अकेले इंदिरा गांधी का नहीं था, बल्कि सेना, पुलिस, गुप्तचर एजेंसियों और सिविल सेवा के संयुक्त निर्णय का परिणाम था। उन्होंने कहा, इसका सारा दोष केवल इंदिरा गांधी पर डालना अनुचित है। क्या आप ऐसा करेंगे? यह सवाल उन्होंने कार्यक्रम के दौरान लेखिका हरिंदर बावेजा से पूछा।

वर्तमान पंजाब की स्थिति पर बोलते हुए चिदंबरम ने कहा कि खालिस्तान आंदोलन अब लगभग समाप्त हो चुका है, और राज्य की वास्तविक समस्या आर्थिक संकट और बेरोजगारी है। उन्होंने कहा, कि पंजाब की मेरी यात्राओं से स्पष्ट है कि अलगाव की मांग व्यावहारिक रूप से खत्म हो गई है। अब सबसे बड़ी चिंता आर्थिक स्थिति की है, और यही कारण है कि सबसे अधिक अवैध प्रवासी पंजाब से हैं।

## तालिबानी विदेश मंत्री की भारत यात्रा को लेकर ओवैसी ने कहा, भारत को काबुल से पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित करने चाहिए



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अफगानिस्तान के विदेश मंत्री अमीर खान मुत्ताकी की भारत यात्रा के बीच एआईएमआईएम प्रमुख असदुद्दीन ओवैसी ने तालिबान को लेकर बड़ा बयान दिया है। ओवैसी ने कहा, कि भारत को तालिबान सरकार के साथ सिर्फ बातचीत तक सीमित नहीं रहना चाहिए, बल्कि पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित करने चाहिए, ताकि देश के सुरक्षा और रणनीतिक हित सुरक्षित रह सकें।

सांसद ओवैसी ने एक इंटरव्यू के दौरान कहा, कि उन्होंने 2016 में संसद में अपने भाषण के दौरान ही यह भविष्यवाणी की थी कि अफगानिस्तान में एक दिन फिर से तालिबान की वापसी होगी। ओवैसी के अनुसार, उन्होंने उस समय ही भारत सरकार को तालिबान से संवाद शुरू करने की सलाह दी थी, लेकिन तब भाजपा नेताओं ने उनकी बात का विरोध किया था। सांसद ओवैसी ने कहा, मैंने 2016 में संसद में कहा था कि तालिबानी आएंगे, उनसे बात करो। आज उनके विदेश मंत्री भारत में हैं और पाकिस्तान की वायुसेना वहां बमबारी कर रही है। यह समय भारत के लिए अपनी नीति पर पुनर्विचार करने का है। हमें अफगानिस्तान के साथ पूर्ण राजनयिक संबंध स्थापित करने चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत की अफगानिस्तान में मौजूदगी उसके भू-राजनीतिक और सुरक्षा हितों के लिए अत्यंत आवश्यक है।

सांसद ओवैसी ने इसी बीच ईरान के चाबहार बंदरगाह के महत्व पर भी जोर देते हुए कहा, कि भारत इस बंदरगाह के माध्यम से अफगानिस्तान तक व्यापारिक और रणनीतिक मार्ग मजबूत कर सकता है। इससे न केवल चीन और पाकिस्तान के प्रभाव को संतुलित किया जा सकेगा, बल्कि मध्य एशिया में भारत की स्थिति भी सशक्त होगी।

## ऑपरेशन सिंदूर में किया गया धर्म युद्ध के सिद्धांतों का पालन, आर्मी चीफ ने दी पाकिस्तान को दो टूक चेतावनी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर स्पष्ट शब्दों में कहा, कि भारतीय सेना ने 'ऑपरेशन सिंदूर' के दौरान धर्म युद्ध के सिद्धांतों का पालन किया। उन्होंने बताया कि सेना ने इस अभियान में केवल आतंकवादी ठिकानों को निशाना बनाया, जबकि आम नागरिकों और सामान्य सैन्य प्रतिष्ठानों पर किसी भी तरह का हमला नहीं किया गया।

सेना प्रमुख जनरल द्विवेदी ने यह बयान हिमाचल प्रदेश के सोलन जिले के चैल स्थित राष्ट्रीय मिलिट्री स्कूल के शताब्दी समारोह में दिया। उन्होंने कहा कि भारतीय सशस्त्र बल अनुशासन, नैतिकता और मानवीय मूल्यों के प्रति प्रतिबद्ध हैं। सेना का लक्ष्य केवल आतंकवाद का खात्मा है, न कि किसी देश या नागरिक को नुकसान पहुंचाना। आर्मी चीफ ने कहा, ऑपरेशन सिंदूर के दौरान हमने धर्म युद्ध के सिद्धांतों का पालन किया। हमने केवल आतंकवादियों के ठिकानों पर प्रहार किया, जबकि पाकिस्तान में नागरिक या सैन्य अड्डे पूरी तरह सुरक्षित रहे। उन्होंने बताया कि 22 अप्रैल को कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद भारतीय सेना ने 6 मई को ऑपरेशन सिंदूर शुरू किया था। इस अभियान में पाकिस्तान अधिकृत कश्मीर (पीओके) में मौजूद आतंकवादी ठिकानों को सटीक निशाना बनाया गया। हालांकि पाकिस्तान ने जवाबी कार्रवाई की कोशिश की, लेकिन भारतीय सेना की रणनीति और ताकत के आगे वह टिक नहीं सका।

जनरल द्विवेदी ने यह भी कहा कि इस अभियान ने न केवल आतंक के नेटवर्क को ध्वस्त कर दिया, बल्कि पाकिस्तान को यह स्पष्ट संदेश भी दिया कि भारत आतंकवाद के खिलाफ निर्णायक कार्रवाई करने में सक्षम है। समारोह के दौरान आर्मी चीफ ने चैल मिलिट्री स्कूल की उपलब्धियों की सराहना की और छात्रों से देश सेवा के मूल्यों को आगे बढ़ाने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि यह संस्थान वर्षों से देश को बेहतरीन सैन्य अधिकारी और नेतृत्वकर्ता प्रदान कर रहा है।

## पाक के लिए जासूसी करने वाले मंगत को कोर्ट ने तीन दिन की रिमांड पर भेजा

**जयपुर (एजेंसी)।** पाकिस्तानी के लिए जासूसी करने पर गिरफ्तार राजस्थान के मंगत सिंह को शनिवार को एक विशेष अदालत ने तीन दिन की हिरासत में भेज दिया। विशेष लोक अभियोजक के मुताबिक आरोपी पर पाकिस्तान में बैठे आकाओं के साथ संवेदनशील रणनीतिक जानकारी साझा करने के आरोप में सरकारी गोपनीयता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है। मीडिया रिपोर्ट में अधिकारियों ने बताया कि अलवर जिले के गोविंदगढ़ निवासी मंगत सिंह ने लोगों की धार्मिक आस्था का फायदा उठाने के लिए खुद को सिद्ध पुरुष बताया था। अलवर क्षेत्र में जाने-माने मंगत सिंह ने कथित तौर पर अनुष्ठान करने के बहाने पैसे ऐंठे। अधिकारी कई महीनों से उसकी गतिविधियों पर नजर रख रहे थे। निगरानी से पता चला कि वह करीब दो साल से सोशल मीडिया के जरिए पाकिस्तानी आईएसआई एजेंटों को जानकारी पहुंचा रहा था। सूत्रों ने बताया कि जांच में उसके मोबाइल फोन में ईशा शर्मा और ईशा बॉस नाम से सेव किए गए दो संदिग्ध नंबरों की पहचान पाकिस्तानी हैंडलरों के रूप में हुई। एक अधिकारी ने कहा कि शुरुआती जांच से पता चलता है कि मंगत सिंह ने पाकिस्तान के साथ संवेदनशील और रणनीतिक जानकारी साझा की थी। उसके वित्तीय लेनदेन के रिकॉर्ड भी मिले हैं। संभावित धन हस्तांतरणों की भी जांच की जा रही है। खुफिया सूत्रों ने पुष्टि की कि जयपुर स्थित खुफिया इकाइयों और केंद्रीय एजेंसियों ने मंगत सिंह के मोबाइल फोन का तकनीकी विश्लेषण किया, जिससे पाकिस्तान स्थित गुर्गों के साथ उसके संबंधों की पुष्टि हुई है। जासूसी गतिविधि की पुष्टि के बाद, राजस्थान की सीआईडी ??ने मामला दर्ज किया और शुक्रवार को उसे गिरफ्तार किया। अधिकारियों ने कहा कि राजस्थान की खुफिया और केंद्रीय एजेंसियां अब उसके वित्तीय लेन-देन, संपर्कों और संभावित स्थानीय नेटवर्क की जांच कर रही हैं। ऑपरेशन सिंदूर के बाद से राजस्थान की खुफिया एजेंसियों ने पाकिस्तान को सूचना भेजने के संदिग्ध जासूसी नेटवर्क पर अपनी कार्रवाई तेज कर दी है।

## लालू, राबड़ी और तेजस्वी आज दिल्ली में कोर्ट में होंगे पेश, सीटों का बंटवारा टला

**सीट बंटवारे की अड़चनों को कांग्रेस आलाकमान से दूर करवा सकते हैं तेजस्वी**



**पटना (एजेंसी)।** बिहार में महागठबंधन के सीट बंटवारे की घोषणा सोमवार तक टल गई है। राष्ट्रीय जनता दल (आरजेडी) के अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव, राबड़ी देवी और तेजस्वी यादव रविवार को दिल्ली पहुंचे। सोमवार को तीनों को नौकरी के बदले जमीन मामले में अदालत में पेश होना है। दिल्ली में तेजस्वी, राहुल गांधी से मिल सकते हैं। कांग्रेस के साथ समझौते में आ रही अड़चनों को तेजस्वी कांग्रेस आलाकमान के हस्तक्षेप से दूर करवा सकते हैं। कांग्रेस से अगर दिल्ली में बात फाइनल हुई तो पटना में घोषणा सिर्फ औपचारिकता रह जाएगी। तेजस्वी सोमवार को ही पटना लौट आएंगे। इसलिए सीट बंटवारे का ऐलान सोमवार शाम या मंगलवार तक हो सकता है।

बता दें महागठबंधन में पहले चरण की वैसी सीटें, जिन पर दो दलों का परस्पर दावा नहीं है और जिनके उम्मीदवार तय हैं, वहां अनौपचारिक रूप से उम्मीदवारों को सिंबल लेकर नामांकन की तैयारियां करने को कहा है। सूत्रों का कहना है कि राजद ने करीब चार दर्जन ऐसे उम्मीदवारों को पटना में जरूरी पेपर के साथ बुलाया है और सिंबल ले जाकर ऐलान का इंतजार करने को कहा है। सीपीएम ने भी अपने दोनों मौजूदा विधायकों को नामांकन की हरी झंडी दे दी है।

गठबंधन में मुकेश सहनी ने टूट के संकेत दिए हैं और अगर वह निकलते हैं तो बचे हुए दलों के लिए सीटों की व्यवस्था तेजस्वी और कांग्रेस आसानी से कर लेंगे। सूत्रों के मुताबिक सीपीआई और सीपीएम को छोड़ सभी दलों को 2020 के मुकाबले कम सीटों पर लड़ना है। मुकेश सहनी और कांग्रेस के साथ तेजस्वी की बातचीत नहीं टूटती है तो राजद को 138 सीटें लड़ना है जो 2020 के मुकाबले 6 कम है। कांग्रेस को भी 70 के बदले 57 सीटों से ही संतोष करना पड़ सकता है।

स्ट्राइक रेट के आधार पर ज्यादा सीट मांग रही सीपीआई-एमएल को भी 2020 के मुकाबले 18 सीट मिल सकती है। मुकेश सहनी को 16 सीट दी जा सकती है। सीएम या डिप्टी सीएम फेस घोषित करने पर महागठबंधन में सहमति नहीं है क्योंकि कांग्रेस ऐसा नहीं चाहती है।

## चुनाव आयोग ने शुरू की तैयारी-पूरे देश में चरणबद्ध तरीके से लागू होगा वोटर वेरिफिकेशन

**-2026 में पश्चिम बंगाल सहित पांच राज्यों में होगा एसआईआर**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चुनाव आयोग देश में चरणबद्ध तरीके से मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का काम शुरू कर सकता है। आयोग के अधिकारियों ने बताया कि एसआईआर प्रक्रिया की शुरुआत उन राज्यों से हो सकती है, जहां अगले साल विधानसभा चुनाव होने हैं। आयोग उन राज्यों में मतदाता सूची संशोधन अभियान नहीं चलाएगा जहां स्थानीय निकाय चुनाव होने हैं या हो रहे हैं। चुनाव आयोग का कहना है कि चुनाव मशीनरी, निकाय चुनाव में व्यस्त है और इसके चलते वे एसआईआर पर ध्यान केंद्रित नहीं कर पाएंगे।

गौरतलब है कि असम, केरल, पुडुचेरी, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में साल 2026 में विधानसभा चुनाव होने हैं। इन पांच राज्यों के अलावा पहले चरण में कुछ अन्य राज्यों में भी एसआईआर की प्रक्रिया शुरू की जा सकती है। बिहार में एसआईआर का काम पूरा हो गया है, जहां 30 सितंबर को लगभग 7.42 करोड़ नामों वाली अंतिम सूची प्रकाशित की गई थी। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सोमवार को कहा कि सभी राज्यों में मतदाता सूचियों का गहन पुनरीक्षण शुरू करने का काम चल रहा है और इसे शुरू करने पर अंतिम फैसला चुनाव आयोग द्वारा लिया जाएगा।

### राज्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश

अधिकारियों के अनुसार, चुनाव आयोग के शीर्ष अधिकारियों ने इस महीने की शुरुआत में एक सम्मेलन में राज्य के मुख्य चुनाव अधिकारियों (सीईओ) से अगले 10 से 15 दिनों में एसआईआर शुरू करने के लिए तैयार रहने को कहा था। मुख्य निर्वाचन अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे अपने राज्यों की मतदाता सूचियों को




अंतिम एसआईआर के बाद प्रकाशित रखें। दिल्ली के मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर 2008 की मतदाता सूची है, जब राष्ट्रीय राजधानी में अंतिम बार गहन पुनरीक्षण हुआ था। उत्तराखंड में, अंतिम एसआईआर 2006 में हुआ था, और उस वर्ष की मतदाता सूची अब राज्य मुख्य निर्वाचन अधिकारी की वेबसाइट पर है। अधिकांश राज्यों में मतदाता सूची की अंतिम एसआईआर 2002 और 2004 के बीच थी। एसआईआर का प्राथमिक उद्देश्य अवैध मतदाताओं के जन्म स्थान की जांच करके उन्हें मतदाता सूची से बाहर निकालना है।

## मप्र में 20 से ज्यादा बच्चों की जान लेने वाले कोल्ड्रिफ कफ सिरप पर पश्चिम बंगाल में प्रतिबंध

**कोलकाता (एजेंसी)।** पश्चिम बंगाल केमिस्ट्स एंड ड्रगिस्ट्स एसोसिएशन (बीसीडीए) ने राज्यभर के दवा विक्रेताओं को इस सिरप की बिक्री और खरीद तत्काल प्रभाव से बंद करने का निर्देश दिया है। ये वही कोल्ड्रिफ कप सिरप है जिसे बच्चों की जान का दुश्मन माना जा रहा है। मध्य प्रदेश में गुरुवार को तीन और बच्चों की मौत के बाद मरने वालों की कुल संख्या 20 पर पहुंच गई है। पांच बच्चे अब भी नागपुर में जिंदगी और मौत के बीच जंग लड़ रहे हैं। जिसके बाद अब एहतियात बरतते हुए पश्चिम बंगाल में भी इस दवा की बिक्री और खरीद पर बैन लगा दिया गया है।

बंगाल राज्य औषधि नियंत्रण बोर्ड ने इन रसायनों की खरीद केवल अनुमोदित विक्रेताओं से करने और प्रमाणित प्रयोगशालाओं में जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने का आदेश दिया है। तमिलनाडु स्थित कंपनी द्वारा निर्मित इस सिरप से जुड़ी मौतों के बाद कई राज्यों में दहशत फैल गई है। जांच में पाया गया है कि सिरप में प्रोपिलीन ग्लाइकॉल, ग्लिसरीन और सोर्बिटॉल जैसे रसायन हैं, जिनकी गुणवत्ता पर सवाल उठ रहे हैं। बीसीडीए के सचिव पृथ्वी बसु ने बताया कि जिस बैच को मध्यप्रदेश की घटना से जोड़ा जा रहा है, वह पश्चिम बंगाल में नहीं पहुंचा है, लेकिन एहतियातन सभी दवा विक्रेताओं को इस ब्रांड की बिक्री रोकने को कहा गया है। उन्होंने कहा कि 11 अक्तूबर को दवा विक्रेताओं के साथ बैठक बुलाई गई है, जिसमें इस सलाह को सख्ती से लागू करने पर चर्चा होगी।

इससे पहले अरुणाचल प्रदेश सरकार ने कोल्ड्रिफ कफ सिरप की बिक्री व उपयोग पर रोक लगा दी। अरुणाचल प्रदेश औषधि नियंत्रण ने श्रीसन फार्मास्युटिकल से निर्मित कोल्ड्रिफ कफ सिरप की बिक्री, वितरण और भंडारण पर प्रतिबंध लगाने संबंधी परामर्श जारी किया है। तेलंगाना के औषधि नियंत्रण प्रशासन ने भी दो कफ सिरप रीलाइफ और रेस्पीफ्रेश टीआर के खिलाफ सार्वजनिक चेतावनी - उपयोग बंद करने का नोटिस जारी किया। इन दोनों सिरप में एक जहरीले पदार्थ की मिलावट पाई गई है। औषधि निरीक्षकों ने पाया कि इस घटिया केमिकल से कई दवाएं तैयार की गईं। जांच टीम ने पाया कि कंपनी के पास उस समय प्रोपलीन ग्लायकॉल का कोई स्टॉक नहीं था। कंपनी के पास रसायन खरीद का कोई चालान भी नहीं था। इससे शक और गहरा गया कि कंपनी ने केमिकल को तेजी से खत्म कर दस्तावेज छिपाने की कोशिश की।

